राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ सोशल मीडिया ने बदली मिथिला पालकर...



संसद पहुंचे पीएम मोदी, अपने... ◀ 12

गाजियाबाद, शुक्रवार 30 जनवरी 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 12 अंकः 328, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

# केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 पेश किया

**दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 पेश किया। आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि 'मजबूत निर्यात, लचीले सेवा व्यापार और विस्तारित व्यापार नेटवर्क के कारण वैश्विक एकीकरण में गहराई आने से भारत का बाह्य क्षेत्र मजबूत बना हुआ है। यह बढ़ती प्रतिस्पर्धात्मकता, विविधीकरण और वैश्विक मांग के प्रति अनुकूलन क्षमता को दशार्ता है।'

भारत की चालू खाता संरचना में अदृश्य मदों के मजबूत शुद्ध प्रवाह से संतुलित माल व्यापार घाटा दिखाई देता है, जिसका नेतृत्व सेवाओं और निजी हस्तांतरणों में बढ़ते अधिशेष कर रहे हैं। वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में चालू खाता घाटा (सीडी) घटकर 15 अरब अमेरिकी डॉलर (जीडीपी का 0.8 प्रतिशत) रह गया, जबकि वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही में यह 25.3 अरब अमेरिकी डॉलर (जीडीपी का 1.3 प्रतिशत) था।

वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में भारत की स्थिति न्यूजीलैंड, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और कनाडा जैसे उच्च घाटे वाले समकक्ष देशों की तुलना में बेहतर रही। आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि भारत विश्व में प्रेषण का सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता बना रहा, वित्त वर्ष 2025 में प्रेषण का प्रवाह 135.4 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जिससे बाह्य मुद्रा खाते में स्थिरता बनी रही। विकसित अर्थव्यवस्थाओं से प्रेषण का हिस्सा बढ़ा, जो कुशल और पेशेवर श्रमिकों के बढ़ते योगदान को दशार्ता है।



वैश्विक वित्तीय परिस्थितियों में सख्ती के बावजूद, भारत ने लगातार पर्याप्त सकल निवेश प्रवाह आकर्षित किया है, जो वित्त वर्ष 2025 में सकल घरेलू उत्पाद का 18.5 प्रतिशत था। संयुक्त राष्ट्र विकास प्राधिकरण (UNCTAD) के आंकड़ों के अनुसार, भारत दक्षिण एशिया में सकल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह का सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता बना रहा और इंडोनेशिया और वियतनाम जैसे प्रमुख एशियाई समकक्ष देशों को पीछे छोड़ दिया। भारत ने 2024 में ग्रीनफील्ड निवेश घोषणाओं में वैश्विक स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त किया, जिसमें 1,000 से अधिक परियोजनाएं शामिल थीं। भारत 2020-24 के बीच ग्रीनफील्ड डिजिटल निवेश के लिए सबसे बड़ा गंतव्य बनकर उभरा, जिसने 114 अरब अमेरिकी डॉलर आकर्षित किए।

अप्रैल-नवंबर 2025 में, सकल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह बढ़कर 64.7 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो अप्रैल-नवंबर 2024 में 55.8 अरब अमेरिकी डॉलर था। यह सुस्त वैश्विक माहौल के बावजूद निवेशकों के निरंतर विश्वास को दशार्ता है और भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था की अंतर्निहित मजबूती को प्रतिबिंबित करता है। भारत के एफपीआई पैटर्न में आवक और जावक के आवर्ती चक्र दिखाई देते हैं, जिनमें महत्वपूर्ण बदलाव अक्सर वैश्विक वित्तीय परिवर्तनों से जुड़े होते हैं।

आंकड़े अस्थिरता दशार्ते हैं, जिसमें छह महीने शुद्ध जावक और तीन महीने शुद्ध जावक शामिल हैं, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष-दर-वर्ष के लिए शुद्ध शेष मामूली रहा। इन अवधियों के दौरान आवक की तीव्र वापसी इस बात को उजागर करती है कि विदेशी निवेशकों का भारत के प्रति मध्यम अवधि का दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है।

## अजित पवार प्लेन क्रैश का खौफनाक सीसीटीवी आया सामने

**बारामती (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और एनसीपी प्रमुख अजित पवार के विमान हादसे का एक दिल दहला देने वाला सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इस वीडियो को देखकर हादसे की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। पुणे जिले के बारामती में बुधवार

**जमीन से टकराते ही आग का गोला बना विमान, चंद सेकंड में सब कुछ खत्म**

सुबह लैंडिंग के दौरान हुए इस हादसे का वीडियो पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है, जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि कैसे चंद सेकंड के भीतर सब कुछ राख हो गया।

आसमान से गिरा और धमाके के साथ उठीं लपटें सामने आए वीडियो में विमान आसमान से बेहद तेज गति से नीचे गिरता हुआ दिखाई दे रहा है। नियंत्रण खो चुका विमान जैसे ही जमीन से टकराता है, एक जोरदार धमाका होता है और वह तुरंत आग के गोले में तब्दील हो जाता है। टक्कर इतनी भीषण थी कि पल भर में ही घटनास्थल से आग की ऊंची लपटें और काले धुएं का विशाल गुबार उठता दिखाई देने लगा। वीडियो बयां करता है कि विमान में सवार लोगों को संभलने का एक पल भी नहीं मिला होगा।



**चुनाव प्रचार के लिए जा रहे थे, मुंबई से भरी थी उड़ान**

यह दर्दनाक हादसा बुधवार सुबह करीब 9 बजे हुआ। अजित पवार मुंबई से उड़ान भरकर जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों के सिलसिले में एक जनसभा को संबोधित करने बारामती जा रहे थे। मुंबई से निकलने के करीब एक घंटे बाद ही विमान हादसे का शिकार हो गया। इस दुर्घटना में अजित पवार समेत विमान में सवार कुल पांच लोगों की जान चली गई है। घटनास्थल पर विमान का मलबा और बिखरे हुए टुकड़े तबाही की गवाही दे रहे हैं। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मदद की कोशिश की, लेकिन आग इतनी विकराल थी कि किसी को बचाया नहीं जा सका।

**परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़**

हादसे की खबर मिलते ही पवार परिवार और समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई है। अजित पवार का परिवार तुरंत बारामती के लिए रवाना हो गया है। वहीं, उनकी पत्नी और सांसद सुनेत्रा पवार, बेटे पार्थ पवार और चचेरी बहन सुप्रिया सुले दिल्ली से जल्द से जल्द घटनास्थल पहुंचने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और आपातकालीन सेवाएं मौके पर मौजूद हैं और जांच की जा रही है।

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर बड़ी प्रगति, अंतिम चरण में बातचीत, 'गेंद अब वाशिंगटन के पाले में

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील को लेकर जारी तनाव कम होता नजर आ रहा है। बुधवार को शीर्ष सरकारी अधिकारियों ने संकेत दिए कि दोनों देशों के बीच चल रही व्यापार वाताओंर् में बेहद अहम प्रगति हुई है और जल्द ही किसी ठोस नतीजे पर पहुंचा जा सकता है। सूत्रों के हवाले से बताया कि जहां भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौते को लेकर राजनीतिक सहमति बन चुकी है, वहीं भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर भी बातचीत अंतिम चरण में पहुंच गई है। दोनों पक्षों के बीच सकारात्मक परिणाम की उम्मीद जताई जा रही है।



सूत्रों के अनुसार, यूरोपीय संघ के साथ समझौते के अंतिम दौर के दौरान भारतीय वातार्कार लगातार संपर्क में रहे। इसी दौरान अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधियों (स्ज्ञक्र) के साथ भी समानांतर बातचीत चलती रही। भारत ने अपनी ओर से प्रस्ताव रख दिए हैं और अब इस समझौते को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी अमेरिका पर है।

**गेंद अब अमेरिका के पाले में**

सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि बातचीत का वास्तविक स्वरूप अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि और उनकी टीम को भली-भांति ज्ञात है, न कि उन लोगों को जो सार्वजनिक बयान दे रहे हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने स्पष्ट कहा, "भारत जो दे सकता था, वह दे चुका है। अब गेंद अमेरिका के पाले में है।"

## यूजीसी के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट की रोक, 2012 के नियम ही रहेंगे प्रभावी




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आज विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा जारी किए गए नए नियम 2026 पर बड़ा फैसला सुनाते हुए इनके क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया है कि जब तक इस मामले में पूरी न्यायिक समीक्षा और विस्तृत सुनवाई नहीं हो जाती, तब तक वर्ष 2026 के ये नए नियम लागू नहीं किए जाएंगे। अदालत के इस आदेश को केंद्र सरकार की उच्च शिक्षा नीति के लिए एक अहम चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि फिलहाल यूजीसी के वर्ष 2012 से लागू नियम ही देशभर के उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रभावी बने रहेंगे। कोर्ट ने नए नियमों की भाषा पर गंभीर सवाल उठाते हुए टिप्पणी की कि इसमें स्पष्टता का अभाव है और इसके दुरुपयोग की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

न्यायालय के अनुसार, यदि नियमों की व्याख्या अलग-अलग तरीके से की गई तो इससे सामाजिक विभाजन और भेदभाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि किसी भी नियमन का उद्देश्य समानता और न्याय को मजबूत करना होना चाहिए।

## सबरीमाला में सोने की परत उतारी गई, दरवाजे के पैनल नहीं बदले गए

**तिरुवनंतपुरम ।** सबरीमाला सोना चोरी मामले में नई वैज्ञानिक जांच ने कई अहम सवालों पर विराम लगा दिया है। इसरो के वैज्ञानिक परीक्षणों में पुष्टि हुई है कि गर्भगृह (संनिधानम) के दरवाजे के पैनल बदले नहीं गए थे, बल्कि तांबे की चादरों पर चढ़ी सोने की परत को

**जांच ने उड़ाए लोगों के होश**

रासायनिक प्रक्रिया के जरिए उतारा गया था।

ये निष्कर्ष विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपे गए हैं और बुधवार को केरल हाईकोर्ट के समक्ष भी रखे गए। इससे गर्भगृह के ढांचे को पूरी तरह बदलने या अंतरराष्ट्रीय गिरोहों को सौंपे जाने जैसी अटकलों को खारिज कर दिया गया है। इसरो के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के वैज्ञानिकों ने विस्तृत सामग्री विश्लेषण के बाद अदालत को बताया कि सबरीमाला में लगे दरवाजों के पैनल मूल तांबे की चादरें ही हैं। जांच में यह भी साफ हुआ कि चोरी



किया गया हिस्सा ठोस सोना नहीं था, बल्कि तांबे के ऊपर चढ़ी सोने की परत थी, जिसे पहले ठोस सोने के पैनल समझा जा रहा था।

वैज्ञानिकों के अनुसार, गर्भगृह के दरवाजे का लकड़ी का ढांचा, जिसे स्थानीय भाषा में 'कट्टिलइ कहा जाता है, वह भी पूरी तरह मूल पाया गया है। हालांकि, जिन चादरों को हटाकर बाद में दोबारा लगाया गया था, उनके नमूनों में सोने की मात्रा में स्पष्ट कमी पाई गई है। इससे यह साबित होता है कि तांबे को नुकसान पहुंचाए बिना सोने को अलग किया गया। पैनलों पर दिखाई देने वाले बदलावों को लेकर उठी शंकाओं पर वैज्ञानिकों ने स्पष्ट किया कि ये परिवर्तन रासायनिक प्रतिक्रियाओं के कारण हुए हैं, न कि पैनल बदलने की वजह से। सोना निकालने में इस्तेमाल होने वाला पारा (मरकरी) और अन्य रासायनिक घोल चादरों की सतह की रासायनिक संरचना को प्रभावित करते हैं, जिससे रंग और बनावट में फर्क नजर आता है। वैज्ञानिकों ने यह भी कहा कि इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि मूल चादरों को हटाकर नई चादरें लगाई गई हों।

एसआईटी ने हाईकोर्ट को बताया है कि जांच अभी जारी है और पुराने गर्भगृह दरवाजे से लिए गए नमूनों का तुलनात्मक विश्लेषण किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, इन सभी परीक्षणों को शामिल करते हुए अंतिम संयुक्त रिपोर्ट जल्द ही सौंप दी जाएगी। माना जा रहा है कि यह वैज्ञानिक गवाही जांच की दिशा तय करने में निर्णायक भूमिका निभाएगी और अब जांच का फोकस सोना निकालने की प्रक्रिया और इसके पीछे जिम्मेदार लोगों की पहचान पर केंद्रित होगा।

**मुलाकात** डिप्टी नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर से कई मुद्दों पर हुई चर्चा

# अमेरिका से तनाव के बीच ईरान के उच्च अधिकारी पहुंचे भारत

**मुंबई (आरएनएस)।** ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव अली लारीजानी ने भारत के उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पवन कपूर से मुलाकात की है। यह मुलाकात मुंबई में हुई, जिसकी जानकारी ईरान के मुंबई स्थित महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की। दूतावास की ओर से जारी पोस्ट में कहा गया कि अली लारीजानी और पवन कपूर के बीच विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत बातचीत हुई।

अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच इस मुलाकात को अहम माना जा रहा है। इसी बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट के जरिए ईरान को फिर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि एक विशाल अमेरिकी नौसैनिक बेड़ा तेजी से आगे बढ़ रहा है, जो वेनेजुएला की ओर पहले भेजे गए बेड़े से भी बड़ा है। ट्रंप ने जोर देते हुए कहा कि अमेरिकी बल पूरी तरह तैयार और सक्षम हैं और आवश्यकता पड़ने पर अपना मिशन पूरा करेंगे। ट्रंप ने ईरान से बातचीत की मेज पर लौटने की अपील करते हुए उम्मीद जताई



कि तेहरान जल्द ही एक निष्पक्ष समझौते पर सहमत होगा, जिसमें परमाणु हथियार शामिल न हों। उन्होंने चेतावनी दी कि समय तेजी से समाप्त हो रहा है और स्थिति बेहद गंभीर होती जा रही है। पूर्व घटनाओं का उल्लेख करते हुए ट्रंप ने ऑपरेशन मिडनाइट हैमर का भी जिक्र किया और इसे ईरान के लिए भारी विनाशकारी करार दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी नया टकराव इससे कहीं अधिक गंभीर परिणाम ला सकता है।

ईरान ने संयुक्त राष्ट्र में अपने मिशन के माध्यम से प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह आपसी सम्मान और पारस्परिक हितों के आधार पर वॉशिंगटन के साथ बातचीत के लिए तैयार है। हालांकि, एक अलग बयान में तेहरान ने स्पष्ट किया कि यदि उस पर दबाव डाला गया तो वह पूरी मजबूती से अपना बचाव करेगा और पहले कभी न देखे गए तरीके से जवाब देगा।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने भी क्षेत्र में अपनी तैयारियों की जानकारी दी है। सेंटकॉम के अनुसार, क्षेत्र में कर्मियों की तैनाती बढ़ाने, क्षेत्रीय साझेदारों के साथ सहयोग मजबूत करने और किसी भी स्थिति में लचीली प्रतिक्रिया देने की क्षमता विकसित करने पर काम किया जा रहा है। हाल ही में सेंटकॉम प्रमुख एडमिरल ब्रैड कूपर और इजरायली रक्षा बलों के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल आयल जमीर के बीच भी बैठक हुई थी, जिसमें दोनों देशों के रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा की गई। इस बीच, राष्ट्रपति ट्रंप ने एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि अमेरिका तेहरान की हर गतिविधि पर कड़ी नजर बनाए हुए है।

## ▶▶ न्यूज डायरी

### पत्नी ने संबंध नहीं बनाया, हाईकोर्ट ने खारिज की वर्जिनिटी टेस्ट की मांग

**भोपाल (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने पत्नी की मेडिकल जांच कराने की मांग को लेकर दायर एक याचिका को सिरे से खारिज कर दिया है। याचिका में पति ने यह साबित करने के लिए मेडिकल परीक्षण की मांग की थी कि पत्नी ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने से इनकार किया है।

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, 21 जनवरी को दिए गए आदेश में जस्टिस विवेक जैन ने स्पष्ट कहा कि ऐसी याचिका का उद्देश्य पत्नी की तथाकथित वर्जिनिटी जांच कराना है, जो न केवल अनुचित है बल्कि कानूनन भी स्वीकार्य नहीं है। अदालत ने कहा कि महिला के हाइमन की स्थिति



यह साबित करने का कोई आधार नहीं हो सकती कि उसने कभी शारीरिक संबंध बनाए हैं या नहीं। हाई कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि मौजूदा न्यायिक दृष्टिकोण महिलाओं की वर्जिनिटी टेस्ट के पूरी तरह खिलाफ है। मेडिकल विज्ञान भी यह मानता है कि कई मामलों में शारीरिक संबंध के बाद भी हाइमन सुरक्षित रह सकता है, वहीं दूसरी ओर बिना किसी यौन संबंध के भी अन्य शारीरिक गतिविधियों के कारण हाइमन क्षतिग्रस्त हो सकता है। ऐसे में केवल हाइमन की मौजूदगी या अनुपस्थिति से पति-पत्नी के बीच संबंधों को साबित नहीं किया जा सकता।

**फैमिली कोर्ट के फैसले को मिली मंजूरी**

इससे पहले फैमिली कोर्ट में पति ने पत्नी पर क्रूरता का आरोप लगाते हुए दावा किया था कि शारीरिक संबंध न बनाना क्रूरता के दायरे में आता है। वहीं पत्नी ने दहेज के लिए प्रताड़ना और पति द्वारा अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के गंभीर आरोप लगाए थे। फैमिली कोर्ट ने पिछले महीने ही मेडिकल जांच का आदेश देने से इनकार कर दिया था। फैमिली कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए हाई कोर्ट ने साफ कर दिया कि इस तरह की मेडिकल जांच महिलाओं की गरिमा और अधिकारों के खिलाफ है। अदालत के इस फैसले को महिला अधिकारों के संरक्षण की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

### अमृतसर में 200 करोड़ की हेरोइन और 4 ग्रेनेड बरामद, पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए हुई तस्करी, हथियार भी मिले

**अमृतसर (आरएनएस)।** पंजाब पुलिस ने अमृतसर में बड़ी कार्रवाई करते हुए 200 करोड़ रुपये से अधिक की हेरोइन के साथ हथियार और विस्फोटक बरामद किए हैं। शुरूआती जांच में सामने आया है कि नशीले पदार्थ और हथियार पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से भारत भेजे गए थे। इस बरामदगी के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ड्रोन के जरिए



काले पैकेटों में पैक कर करीब 40 किलोग्राम से अधिक हेरोइन भेजी गई थी। इसके अलावा चार हैंड ग्रेनेड, एक पिस्तौल और कई जिंदा कारतूस भी जब्त किए गए हैं। यह खेप अमृतसर के गांव ओठियां के पास गिराई गई थी। देर रात कुछ युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर इन पैकेटों को ले जा रहे थे। इसी दौरान गांव में चल रहे सड़क निर्माण कार्य के कारण वहां मौजूद लोगों और कर्मचारियों ने उन्हें आगे जाने से रोक दिया। संदिग्ध स्थिति पैदा होने पर युवक घबरा गए और मोटरसाइकिल मौके पर छोड़कर फरार हो गए।

स्थानीय लोगों को शक होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मोटरसाइकिल के साथ आसपास के क्षेत्र की गहन तलाशी ली। जांच के दौरान बड़ी मात्रा में हेरोइन, हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए। पुलिस ने पूरे क्षेत्र को घेराबंदी कर सील कर दिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। फरार आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है।

# डाकघर की अभिकर्ता बनकर महिलाओं ने रची आत्मनिर्भरता की नई कहानी


बुलन्द संदेश ब्यूरो

जहांगीराबाद। नगर की महिलाएं डाक विभाग की अभिकर्ता बनकर महिला सशक्तिकरण की सशक्त मिसाल पेश कर रही हैं। वर्षों से अलग-अलग मोहल्लों में

**घर की चौखट से निकलकर बचत योजनाओं के माध्यम से महिलाओं ने हासिल किया सम्मान, भरोसा और आर्थिक सशक्तिकरण**

सक्रिय ये महिलाएं न केवल अपने परिवार की आर्थिक रीढ़ बनी हैं, बल्कि समाज में महिलाओं की भूमिका को लेकर बनी सोच को भी बदलने का कार्य कर रही हैं। आत्मविश्वास, मेहनत और सेवा भाव के साथ इन्होंने यह साबित कर दिया कि महिलाएं अवसर मिलने पर किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकती हैं।





डाकघर की बचत और निवेश योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाते हुए इन महिलाओं ने सुरक्षित निवेश के प्रति जागरूकता बढ़ाई है। इससे एक ओर जहां आमजन की आर्थिक सुरक्षा मजबूत हुई, वहीं दूसरी ओर महिलाओं को सम्मानजनक आय और आत्मसम्मान भी मिला। घर-परिवार की जिम्मेदारियों के साथ इस कार्य को संतुलित करते हुए इन्होंने सामाजिक सहभागिता की नई पहचान बनाई है।

मैं मोहल्ला रोगनग्रान की निवासी हूं और वर्ष 2006 से डाकघर की अभिकर्ता के रूप में कार्य कर रही हूं। इस काम ने मुझे आर्थिक मजबूती के साथ समाज में अपनी पहचान दी है।

**दीपमाला गोस्वामी**

मोहल्ला प्रभुदयाल की निवासी हूं । मैं वर्ष 1998 से डाकघर की योजनाओं से जुड़ी हूं। इस कार्य से आत्मविश्वास बढ़ा और महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है।

**सुधा रानी**

गायत्री नगर की निवासी हूं । मैं वर्ष 2014 से अभिकर्ता के रूप में कार्य कर रही हूं। महिलाओं के लिए यह काम आत्मनिर्भर बनने का सुरक्षित और भरोसेमंद माध्यम है।

**निशी गर्ग**

मैं मोहल्ला पाठक की निवासी हूं और वर्ष 2017 से इस कार्य से जुड़ी हूं। इससे यह साबित हुआ कि महिलाएं घर संभालते हुए भी आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती हैं।

**सुनीता कंसल**

टीचर्स कॉलोनी में रहते हुए मैं वर्ष 2002 से डाकघर की अभिकर्ता हूं। इस कार्य ने मुझे निर्णय लेने की स्वतंत्रता और समाज में सम्मान दिलाया है।

**अर्चना गुप्ता**

इन महिलाओं का कहना है कि डाक विभाग से जुड़कर उन्हें न केवल आय का साधन मिला, बल्कि आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता भी विकसित हुई। इनके प्रयासों से नगर की अन्य महिलाएं भी आगे आकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं। यह पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक और प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभरी है।

# भागवत कथा से पूर्व नगर में निकली भव्य कलश यात्रा, सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

जहाँगीराबाद। (नवोदय धनी सिंह मन्दिर स्थित परशुराम भवन शिव मंदिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में श्रद्धालु महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर नगर का भ्रमण किया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। कथा का आयोजन धनी सिंह मन्दिर स्थित परशुराम भवन शिव मंदिर, में किया गया है। कथा के कथा व्यास एवं प्रवक्ता पं. युवराज नंदन जी महाराज हैं। कलश यात्रा में भजन-कीर्तन और जयघोष से नगर गूंज उठा। इस धार्मिक आयोजन के मुख्य यजमान श्री मती बीना देवी परीक्षित के रूप में सुदेश भारद्वाज, अनीता भारद्वाज रहे,मुकेश शर्मा, पिंकी शर्मा, राकेश अत्री, ज्योति शर्मा, विक्की शर्मा,मोनिका शर्मा, श्रीराम शर्मा,महीपाल लोधी, डॉ. सूरजभान माहुर, सतीश शर्मा, गौरव अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, मनोज ओझा पत्रकार, रोहित पहाड़ी, मोहित शर्मा (पूर्व सभासद), संजय सैनी (सभासद), अनुराग पंडित, सचिन गोस्वामी, रवि गोस्वामी, सचिन सैनी, अरविंद मीणा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्तजन शामिल हुए। आयोजक बीना शर्मा ने बताया कि यह कथा परशुराम भवन शिव मंदिर के वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में आयोजित की गई है जिसका उद्देश्य समाज में धर्म, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करना है।

# सन्त रविदास जयन्ती पर सुरक्षा के दृष्टिगत मेरठ रेंज मे व्यापक पुलिस प्रबन्ध,ड्यूटी मे लगे 20 राजपत्रित अधिकारी व 1305 कर्मचारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलंदशहर। सन्त रविदास जयन्ती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम एवं किये गये पुलिस प्रबन्धः कानून व्यवस्था के दृष्टिगत परिक्षेत्र के जनपदो में 02 अपर पुलिस अधीक्षक, 18 सीओ, 50 निरीक्षक, 326 उ0नि0, 286 मु0आ0, 378 आरक्षी, 265 हो0गार्ड/पीआरडी एवं 03 कम्पनी पीएसी की ड्यूटी लगाई गई है कुल शोभायात्राओ की संख्या-53, जिसमे जनपद मेरठ मे 27, बुलन्दशहर मे 06, बागपत मे 18 व जनपद हापुड़ मे 02 शोभायात्रा प्रस्तावित है मार्ग मे पडने वाले कुल संवेदनशील स्थानों की संख्या-16, जिसमे जनपद मेरठ मे 4, बुलन्दशहर मे 06, बागपत मे 01 व जनपद हापुड़ मे 05 चिन्हित किये गये है भण्डारा/प्रसाद वितरण कार्यक्रमों की संख्या-85 जिसमे जनपद मेरठ मे 35, बुलन्दशहर मे 14, बागपत मे 28 व जनपद हापुड़ मे 08 कार्यक्रम प्रस्तावित है परिक्षेत्र की सभी जनपदीय पुलिस द्वारा पीस कमेटी/ धर्म गुरू/ शांति समिति/ संभ्रान्त व्यक्ति/ आयोजको तथा नगर निगम, बिजली विभाग, पीडब्लयूडी, परिवहन विभाग, रेलवे विभाग आदि के साथ 91 गोष्ठियां आयोजित कर ली गई हैं।पुलिस उप महानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी ने बताया कि संत रविदास जयंती का पर्व दिनांक 01-02-2026 को मनाया जाएगा। इस अवसर पर रेंज के समस्त जनपद प्रभारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक एवं प्रभावी निर्देश निर्गत किए गए हैं, इस क्रम में निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष रूप से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया शोभायात्राओं एवं कार्यक्रम स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए संवेदनशील एवं अति संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए तथा लगातार भ्रमणशील ड्यूटी कराई जाए आयोजकों से निरंतर संपर्क रखते हुए तय समय, मार्ग एवं कार्यक्रमों का कड़ाई से पालन कराया जाए यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने हेतु प्रभावी ट्रैफिक प्लान लागू किया जाए।

# नगर पालिका के वार्ड नंबर-2 में जलभराव से हाल बेहाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो



जहांगीराबाद। नगर के मौहल्ला खाकरोबान , वार्ड नंबर 2 स्थित प्राचीन मंदिर वाली गली में वर्षों से चली आ रही जलभराव की गंभीर समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। गली में हर समय गंदा पानी भरा रहने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस समस्या की जानकारी पहले भी कई बार वार्ड मेंबर को दी जा चुकी है। इसके बावजूद न तो जलनिकासी की कोई ठोस व्यवस्था की गई और न ही समस्या के समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम उठाया गया। वार्डवासियों द्वारा दो बार नगर पालिका परिषद में लिखित आवेदन देकर सड़क निर्माण एवं जलभराव से निजात दिलाने की मांग की गई, लेकिन आज तक कोई कार्य नहीं हुआ। गली में भरे गंदे पानी के कारण आए दिन बच्चे फिसलकर गिर जाते हैं, जिससे गंभीर चोट लगने की आशंका बनी रहती है। साथ ही दुर्गंध और गंदगी से लोगों का जीना दूभर हो गया है।

पूर्व वार्ड सभासद प्रत्याशी सोनू बाल्मीकि ने भी कई बार इस समस्या को लेकर वार्ड मेंबर और नगर पालिका परिषद के अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन अफसोस कि अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

स्थानीय लोगों में नगर पालिका की लापरवाही को लेकर भारी रोष है और उन्होंने शीघ्र समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

# खानपुर में विराट हिंदू सम्मेलन में समाज के संरक्षण, संगठन और स्वाभिमान पर दिया गया जोर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

खानपुर। कस्बे के गाँधी गंज रामलीला मैदान में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में हिंदू समाज के संरक्षण, संगठन, स्वाभिमान और सांस्कृतिक चेतना को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। सम्मेलन में श्री परमहंस अद्वैत तपस्वी योग आश्रम के पीठाधीश्वर कृष्णानंद पूरी महाराज ने कहा



कि हिंदू समाज को अपने वंश, परिवार, संस्कृति और राष्ट्र की रक्षा के लिए शस्त्र और शास्त्र दोनों से सुसज्जित रहना होगा। उन्होंने कहा कि केवल आध्यात्मिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि आत्मरक्षा की भावना और सामर्थ्य भी प्रत्येक हिंदू में होनी चाहिए। अपने उद्बोधन में कृष्णानंद पूरी महाराज ने परिवार व्यवस्था को समाज की सबसे मजबूत इकाई बताते हुए कहा कि परिवार के प्रत्येक सदस्य को एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए और हर परिस्थिति में साथ खड़ा रहना चाहिए। उन्होंने परिवार वृद्धि, जनसंख्या संतुलन और समाज की एकजुटता पर विचार रखते हुए कहा कि बहुसंख्यक बने रहना हिंदू समाज के अस्तित्व और सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने समाज के लोगों से शस्त्र लाइसेंस बनवाने और आत्मरक्षा के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय शारीरिक शिक्षण प्रमुख नरेश विकल ने संघ के इतिहास, कार्यप्रणाली और राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले कई दशकों से समाज को संगठित करने, राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने और चरित्र निर्माण का कार्य कर रहा है। नरेश विकल ने राम मंदिर आंदोलन में संघ के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रीराम मंदिर करोड़ों हिंदुओं की आस्था, संघर्ष और संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से अनुशासन, सेवा भाव और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। अंतरराष्ट्रीय कवि डॉ. अर्जुन सिसोदिया ने अपनी ओजस्वी कविताओं के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने श्रीराम मंदिर स्थापना को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए इसे हिंदू समाज की एकता और शक्ति का प्रतीक बताया। उनकी कविताओं में राष्ट्रभक्ति, हिंदू एकता, सांस्कृतिक गौरव और सनातन मूल्यों के संरक्षण का संदेश स्पष्ट रूप से झलकता रहा। कार्यक्रम में अतिथियों का माला एवं पटका पहनाकर स्वागत किया गया। सरस्वती विद्या मंदिर की बालिकाओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन किया। इस अवसर पर स्याना विधायक देवेन्द्र सिंह लोधी, पूर्व विधायक अनीता लोधी, हेमन्त लोधी, सोनू लोधी, राजकुमार सिंघल, कपिल सिंघल, अमित कुमार, दुष्यन्त कुमार, टीटू सिंह, अजीत सिंह, अजय प्रताप सिंह, योगेन्द्र कुमार, राकेश सिंह, विपिन, लोकेश लोधी, शिव कुमार, जगजीत, रोहित सिंघल, विनोद राजपूत, बिरजू सैनी, प्रमोद, संदीप, आदित्य, वीरेन्द्र, नेमपाल सिंह, नंदकिशोर, वीरपाल सहित हजारों श्रद्धालु एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने यूजीसी नियम 2026 की वापसी की मांग को लेकर डीएम को सौंपा गया ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

बुलंदशहर। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के UGC (Promotion of Equity in Higher Education Institutions) Regulation 2026 को वापस लेने की मांग को लेकर जिलाधिकारी महोदया के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कहा कि वञ्ह्व द्वारा दिनांक 15 जनवरी 2026 को अधिसूचित यह नियम गंभीर संवैधानिक एवं विधिक विरोधाभास उत्पन्न करता है। यद्यपि इसका उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में भेदभाव की रोकथाम बताया गया है, लेकिन इसमें केवल अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांग छात्रों के




अधिकारों पर ही विशेष बल दिया गया है, जबकि सामान्य वर्ग के छात्रों के अधिकारों एवं संवैधानिक संरक्षण की पूरी तरह अनदेखी की गई है। उन्होंने कहा कि यह अधिसूचना भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 15 एवं 16 में निहित समानता एवं समान अवसर के सिद्धांतों के विपरीत है तथा संविधान की मूल संरचना (Basic Structure) को भी कमजोर करती प्रतीत होती है। इसके साथ ही इस नियमावली में झूठी अथवा दुर्भावनापूर्ण शिकायतों पर कोई दंडात्मक प्रावधान न होने से इसके दुरुपयोग की गंभीर आशंका बनी हुई है, जिससे कई राज्यों में शैक्षणिक परिसरों में भय, असंतोष एवं अस्थिरता का वातावरण बन रहा है। पंकज अग्रवाल ने यह भी कहा कि सामान्य वर्ग देश की लगभग 40-50 करोड़ जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करता है, जिनका शिक्षा, प्रशासन एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस प्रकार की एकतरफा अधिसूचनाएँ उनके संवैधानिक अधिकारों का प्रत्यक्ष उल्लंघन हैं। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने भारत सरकार से मांग की है कि उक्त UGC अधिसूचना को तत्काल प्रभाव से वापस (Rollback) लिया जाए तथा सभी वर्गों के छात्रों के अधिकारों को समान रूप से ध्यान में रखते हुए एक निष्पक्ष, संतुलित एवं संविधान सम्मत नीति बनाई जाए। इस अवसर पर पृथ्वीराज सिंह, विक्की खेतान, गुफरान गाजी, विक्की चौधरी, साजिद गाजी सहित अनेक व्यापारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनी जन समस्याऐं,अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के आदेश

गाजियाबाद। कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा जनता दर्शन के दौरान जनसुनवाई की गयी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा की जा रही जनसुनवाई में प्रार्थियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। जन सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, दिव्यांगजन कल्याण विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला आपूर्ति विभाग, पशु पालन विभाग, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों से सम्बंधित प्रार्थना/शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी ?प्रार्थियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना व समझा गया। उन्होने प्रार्थियों से जाना कि उनके द्वारा पूर्व में भी इस सम्बंध में कोई प्रार्थना पत्र दिया गया था अथवा नहीं। उन्होने सभी प्रार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का पूर्ण गुणवत्ता के साथ समाधान कराया जायेगा।

# महामंडलेश्वर ने यज्ञ एवं रास लीला मंचन का फीता काटकर किया शुभारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामघाट (बुलंदशहर)। महा मंडलेश्वर स्वामी डॉ सुरेन्द्रानंद गिरी महाराज ने रामघाट प्राचीन संस्कृत विद्यालय में आयोजित यज्ञ एवं भगवान कृष्ण की रास लीला मंचन का फीता काटकर शुभारंभ किया । संस्कृत विद्यालय के अध्यापक एवं समस्त संस्था के अधिकारियों ने स्वामी जी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

महामंडलेश्वर स्वामी डॉ सुरेन्द्रानंद गिरी ने कहा कि गुरुकुल परंपरा हमारी प्राचीन संस्कृत की धरोहर है इनको हमें बचाना चाहिए संस्कृत शिक्षा संस्कार को हमें उत्तरोत्तर बढ़ाना चाहिए, इन संस्कृत विद्यालय संस्थानों से ही धर्म आचार्य



निकलकर धर्म का प्रचार करते हैं सनातन धर्म संस्कृति को हिंदुत्व को बढ़ाते हैं स्वामी जी ने सरकार से आग्रह अपील है कि गुरुकुल परंपरा में फेर बदल किया जाय जिससे हमारा धर्म ग्रंथ जीवंत रहे।इस अवसर पर दीपक उनियाल अध्यापक राजीव विनीत अवस्थी वृहचेत्र गुरुकुल अध्यापक भीम सेन आचार्य रामसेवक शर्मा गोपाल मास्टर योगेश आचार्य राहुल हरिओम पंडित रजत शर्मा अंकुश शर्मा रामघाट थाना प्रभारी संदीप सिंह व आशीष कुमार पुलिस चौकी थाना रामघाट प्रभारी मय पुलिस बल के मौजूद रहे।

# क्षत्रिय समाज ने यूजीसी कानून वापसी की रखी मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- **जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन**
- **समय की गंभीरता को नहीं समझा गया तो उठाना होगा भाजपा को नुकसान**

बुलंदशहर । क्षत्रिय समाज अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय सचिव एवं जिलाध्यक्ष ओर भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेन्द्र सिंह द्वारा गुरुवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूजीसी कानून वापस लेने की मांग की। भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा बताया गया हे कि प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कमजोर किए जाने की भाजपा रणनीति खेल रही हे जिसको



बर्दाश्त नहीं किया जाएगा प्रदेश में सवर्ण अपने मुख्यमंत्री के लिए हर संभव प्रयासरत रहेगा तो वहीं क्षत्रिय महा सभा के राष्ट्रीय सचिव पृथ्वी राज ने बोला कि क्षत्रिय हमेशा से ही समाज की सुरक्षा और रक्षा करता आ रहा हे किन्तु यूजीसी पारित होने के बाद इसी समाज को अपने निर्दोष बच्चों के लिए झुकना पड़ सकता हे जो किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा यहां तक बोला गया हे कि अगर कानून वापस नहीं लिया जाता तो भारत के हिंदुओं को जिन्हें इस कानून द्वारा नफरत की आग में दो भागों में बाट दिया गया हे इन्हीं में गृह युद्ध होने की प्रबल संभावनाएं पैदा हो जाएगी जो किसी भी दृष्टि से न्यायोचित नहीं होगा ।क्षत्रिय समाज के सवर्णों ने जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि यह कानून 13 जनवरी 2026 को लागू किया गया है। समाज का मानना है कि इसके दुष्परिणाम स्वरूप सवर्ण क्षत्रिय समाज के छात्र-छात्राओं में अनिश्चितता और उत्पीड़न का भय व्याप्त होगा। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि शिकायतकर्ता की शिकायत गलत पाई जाती है, तो उसके खिलाफ कोई कार्रवाई का प्रावधान नहीं है और न ही शिकायतकर्ता का नाम उजागर किया जाएगा। इससे सवर्ण समाज के छात्र-छात्राओं का शोषण होने की पूरी पूरी आशंका है।

समाज के लोगों ने विशेष रूप से सवर्ण समाज की छात्राओं के उत्पीड़न की आशंका जताई। उन्होंने कहा कि दहेज विरोधी कानून और एससी-एसटी कानून का भी इतना दुरुपयोग नहीं हुआ, जितना इस यूजीसी कानून से सवर्णों का होगा।

**समारोह**

## समिति द्वारा विद्यार्थियों को उपहार प्रदान किए गए

# विज्डम वर्ल्ड स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित हुआ आशीर्वाद समारोह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

शिकारपुर । वीरवार को विजडम वर्ल्ड स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना के साथ आशीर्वाद समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार तेवतिया एवं उप-प्रधानाचार्य सचिन वशिष्ठ के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत हवन एवं मां सरस्वती पूजन के साथ की गई। हवन एवं पूजन के दौरान विद्यालय प्रबंधन की विशेष उपस्थिति रही, जिसमें संजय जैन (प्रबंधन), निदेशक नमन जैन, सार्थक जैन एवं संगीता जैन ने मां सरस्वती के समक्ष आहुतियां अर्पित कर विद्यार्थियों के सफल एवं उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजकुमार तेवतिया एवं उप-प्रधानाचार्य सचिन वशिष्ठ भी उपस्थित रहे। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा मां सरस्वती वंदना एवं भावपूर्ण गीत ह्लजीवन के दिन छोटे सहीह्व "पल ये है प्यार के पल की सुंदर" प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित सभी अतिथियों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का संचालन अजय चंदेल व रिहान खान द्वारा अत्यंत सधे हुए एवं प्रभावशाली ढंग से किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजकुमार तेवतिया ने मां सरस्वती के समक्ष अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन एवं संस्कारों के



महत्व से अवगत कराया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार के खेलों का भी आयोजन किया गया। जिसमें हिंदी ,इंग्लिश कांउटिगं गेम, कप विद बैलून ,लकी ड्रा अभिनय, म्यूजिकल चेयर शामिल रहे। जिसमें समीर, फिजा कांउटिग में प्रथम, म्यूजिकल चेयर में सत्यम प्रथम, शंशाक शर्मा द्वितीय ,अंशिका प्रथम, द्वितीय लूबाबा , कप विद बैलून में दीपांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय समिति द्वारा विद्यार्थियों को उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के संपूर्ण समारोह श्रद्धा, अनुशासन एवं सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा।

# संदिग्ध परिस्थिति में डाक्टर की मौत, शव अलीगढ़ क्षेत्र में मिला

**बुलन्द संदेश बयूरो**

**जेवर।** नगर के मौहल्ला कानूनगोयान के रहने वाले एक डाक्टर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। डाक्टर का शव बुधवार की शाम अलीगढ़ क्षेत्र में जंगल में पड़ा मिला। परिवार के लोगों ने पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार को गमगीन माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार किया है।

मौहल्ला काजीवाड़ा निवासी कुलदीप कश्यप नगर पंचायत में सभासद हैं। उनके बहनोई ओमप्रकाश कश्यप (50) कस्बे के ही मौहल्ला कानूनगोयान में रहते हैं और वह डॉक्टर है। वह कस्बे की आर एंड आर कॉलोनी में अपना क्लीनिक चलाते हैं। बुधवार की सुबह वह क्लीनिक पर गए। कुछ समय बाद जब परिवार के लोगों ने उनको फोन किया, तो फोन काफी देर तक भी रिसीव नहीं हुआ, जिससे परिवार के लोग चिंतित हो गए और जब परिवार के लोगों ने क्लिनिक जाकर देखा, तो वह वहां नहीं थे। जिससे परिवार को चिंता होने लगी और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने डाक्टर के फोन को ट्रेस किया, जहां उनकी लोकेशन अलीगढ़ के टप्पल क्षेत्र में मिली। जिसके बाद पुलिस लोकेशन पर पहुंची, तो वहां जंगल में डाक्टर के शव को पड़ा देखा। जिसके बाद अलीगढ़ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद पीड़ित परिवार ने गुरुवार को मृतक का अंतिम संस्कार किया।

# आउटकम बेस्ड एजुकेशन पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** राज कुमार गोएल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गाज़ियाबाद के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा दो दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय आउटकम बेस्ड एजुकेशन था, जो 27-28 जनवरी 2026 को संस्थान परिसर में आयोजित हुआ। इस एफ. डी. पी. के मुख्य वक्ता डॉ. बलविंदर सिंह धालीवाल, एसोसिएट प्रोफेसर, एन. आई. टी. टी. टी. आर., चंडीगढ़ रहे। उन्होंने आउटकम बेस्ड एजुकेशन की अवधारणा, कोर्स आउटकम (COs), प्रोग्राम आउटकम (POs) एवं उनकी प्रभावी मैपिंग, ब्लूम्स टैक्सोनॉमी आधारित प्रश्नपत्र निर्माण और परिणाम उन्मुख मूल्यांकन पद्धतियों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।






कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के लगभग 130 शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और व्याख्यानों, चचाओं एवं इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से नई टीचिंग लर्निंग रणनीतियों से परिचित हुए। इस एफ. डी. पी. का उद्देश्य शिक्षकों को छात्र-केंद्रित, परिणाम आधारित शिक्षण पद्धतियों के लिए सक्षम बनाना तथा एक्रेडिटेशन एवं गुणवत्ता सुधार की आवश्यकताओं के अनुरूप शैक्षणिक प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करना था।संस्थान के निदेशक डॉ बी सी शर्मा ने डॉ. धालीवाल का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और संस्थान को शैक्षणिक उत्कृष्टता की ओर अग्रसर करते हैं।इस अवसर पर ग्रुप एडवाइजर प्रो लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ डी के चौहान, निदेशक डॉ बी सी शर्मा, डीन एकेडमिक्स डॉ. आर.के. यादव, डीन एक्रेडिटेशन डॉ. रामेन्द्र सिंह, एवं समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आरती कालरा, लूबना सैफी, सौरभ सिंह, विकास त्यागी एवं बक्शीश सिंह का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा ।

# नगर निगम की लापरवाही से हादसे का खतरा,शिव-शक्ति मंदिर परिसर में खतरनाक पेड़ बने मुसीबत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** एनसीआर के थाना कविनगर क्षेत्र के शास्त्रीनगर स्थित बाग वाली कॉलोनी में स्थित शिव-शक्ति मंदिर परिसर में लगे पीपल और बरगद के पेड़ स्थानीय लोगों के लिए खतरा बन चुके हैं। इन पेड़ों की मोटी-मोटी शाखाएँ सड़क,बिजली की तारों और आसपास के मकानों तक फैल चुकी हैं।जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।स्थानीय निवासियों के अनुसार, पूर्व में एक भारी शाखा टूटकर मंदिर की दीवार पर गिर चुकी है।जिससे भवन को नुकसान पहुँचा था।इस संबंध में कई बार नगर निगम एवं संबंधित विभागों को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।स्थिति इतनी गंभीर है कि लोगों को अस्थायी रूप से रस्सियों से शाखाएँ बाँधनी पड़ी हैं।जो किसी भी प्रकार से सुरक्षित समाधान नहीं है।।क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो किसी की जान भी जा सकती है।स्थानीय नागरिकों एवं शिव शक्ति सेवा समिति ने नगर निगम से मांग की है कि तुरंत पेड़ों की छंटाई/कटाई कराकर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।एक तरफ तो मान्यवर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विभाग की छवि सुधारने में लगे हुए हैं।वहीं विभाग अपनी छवि खुद ही खराब कर रहा है।अब सवाल यह है कि क्या किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही प्रशासन जागेगा? सवाल तो बनता है हमारा जवाब भी देना होगा अधिकारियों को।







# यूजीसी के कानून के खिलाफ डसना देवी मंदिर से कलेक्ट्रेट निकाला पैदल मार्च

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** यूजीसी के कानून के खिलाफ डसना देवी मंदिर से कलेक्ट्रेट तक कानून के विरोध में मार्च किया गया अगर सरकार कानून वापिस नहीं लेती है तो इसे भी बड़ा विरोध प्रदर्शन किया जायेंगा महंत महामंडलेश्वर यति नरसिंहा नंद कहां की एक देश एक कानून होना चाहिए ना की जनता को बांटने का काम करना चाहिए एक तरफ तो बात करते हैं सबका साथ सबका विकास का नारा लगाते हैं इस विकास कहते हैं जो आने वाली पीढ़ी को सलाखों के पीछे डालने का काम कर रहे हैं यह कानून नहीं कानून के नाम पर शोषण है युवा वीडियो का शोषण करना बंद करें इसमें डासना देवी मंदिर के महंत जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहा नंद के साथ बहुत से लोगों ने भाग लिया जिसमें शशि चौहान डॉक्टर उदिता त्यागी हरिओम अमन राजू गोलू पंडित मोहित बजरंगी सनोज पंडित रामभरत हर्ष एवम सैकड़ों पुरुष व महिला ने भाग लिया शामिल रही ।







# चेयरमैन दानिश कुरैशी को मुस्लिम संगठनों ने किया सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** गत 23 जनवरी 2026 को मुंबई के गोरेगांव फिल्म सिटी में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय सम्मान समारोह में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसाइटी जनपद हापुड़ के चेयरमैन मौ दानिश कुरेशी को केंद्रीय कैबिनेट मंत्री भारत सरकार नितिन गडकरी व फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन के द्वारा नेशनल गुड सेमेरिटन राहवीर के रूप में सम्मानित किया गया,जो हापुड़ ही नहीं संपूर्ण उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का विषय है



जिसके लिए गुरुवार को मुस्लिम समाज के बुद्धिजीवी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सोसाइटी के चेयरमैन व नगर पालिका परिषद हापुड के ब्रांड एंबेसडर मो दानिश कुरेशी का भव्य रूप से फूल माला पहनाकर अभिनंदन स्वागत किया गया

गुलफाम कुरैशी टीटू व मो अफजाल ने कहा कि यह सम्मान संपूर्ण हापुड़ वासियों का सम्मान है,जिसके लिए हम सभी को गर्व है। कि संपूर्ण भारत से पांच व्यक्तियों को सम्मान मिला जिसमें उत्तर प्रदेश के जनपद हापुड़ निवासी मौ दानिश कुरैशी को भी सम्मान मिलना गर्व की बात है। जिसके लिए हम सब केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी का आभार व्यक्त करते हैं

इस मौके पर गुलफाम कुरैशी उर्फ टीटू भैया, अब्दुल कलाम,आढ़ती मो अफजाल शेखमुंशी, डॉ असद सिद्दीकी, डॉ अफजाल, दिलशाद अली, खालिद जिलानी, फिरोज कुरैशी, खुशनूद अली,उस्मान मालागढ,मतलूब आदि उपस्थित रहे।

# जेवर टोल प्लाजा पर अखिलेश यादव का हुआ भव्य स्वागत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जेवर (इनामुल हक)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का गुरुवार को सैफई गांव जाते समय यमुना एक्सप्रेस वे के जेवर टोल प्लाजा पर पार्टी कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया गया। युवजन सभा के प्रदेश सचिव अनुज नागर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता टोल प्लाजा पर पहुंचे और फूल-मालाओं से अखिलेश यादव का भव्य स्वागत किया। कार्यकताओं ने अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी को और मजबूत करने का संकल्प लिया। अनुज नागर ने बताया कि अखिलेश यादव का नेतृत्व युवाओं, किसानों और समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणास्त्रोत है। समाजवादी पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए युवजन सभा लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही है। वहीं अखिलेश यादव ने भी कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनसे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पार्टी की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो हर परिस्थिति में जनता के बीच रहकर उनके मुद्दों को उठाते हैं। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन को और मजबूत करने, आपसी एकता बनाए रखने और जनता के हितों के लिए संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया। अखिलेश यादव ने युवाओं से विशेष रूप से आगे आने और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सक्रिय रहने की अपील की।





# बाबा खाटू श्याम की 11 सौ फुट लंबी निशान यात्रा किया भव्य आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**जेवर (इनामुल हक)।** गुरुवार को जेवर के रामनेर गांव से बाबा खाटू श्याम की एक निशान पदयात्रा अलीगढ़ के टप्पल तक निकाली गई। जिसमे सेंकड़ों की संख्या में भक्त शामिल हुए। जेवर के गांव रामनेर निवासी श्री खाटू श्याम सेवा समिति से शैलेश ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को एकादशी के उपलक्ष में पंचमी निशान यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें 11 सौ फुट लंबा निशान श्याम बाबा की भक्ति का प्रतीक बनाया गया। भक्तगण ढोल नगाड़ों भजनों और जय श्री श्याम के जयकारों के साथ बाबा के दरबार अलीगढ़ के कस्बा जट्टारी पहुंचे। इस मौके पर विकास चौधरी, प्रवीन चौहान, रोहित ठाकुर, दीपक चौहान, पवन चौहान, पवन कुमार शर्मा, विजय कुमार शर्मा आदि भक्त मौजूद रहे।



# नगर निगम मुख्यालय में पार्षदों हेतु बन रहा है भव्य सदन कक्ष, नगर आयुक्त ने निर्माण विभाग टीम के साथ लिया जायजा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर निगम मुख्यालय में सदन की बैठक हेतु सदन कक्ष का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है, सभी पार्षदों के बैठने की व्यवस्था से लेकर लाइटिंग की सुविधा, साउंड में माइक की सुविधा, इंटरनेट की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सदन कक्षा को एक नया स्वरूप देने का कार्य तेजी से

**माननीय कार्यकारिणी तथा माननीय सदन की बैठक हेतु कक्ष का कराया जा रहा है जीर्णोद्धार - नगर आयुक्त**

चल रहा है, प्रेजेंटेशन के लिए एलईडी वॉल बनाने के लिए भी कार्य चल रहा है सदन कक्षा में कैमरा इंस्टॉलेशन का कार्य भी कराया जा रहा है, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा निर्माण विभाग टीम के साथ लगातार चल रहे कार्यों का जायजा लिया जा रहा है, नगर आयुक्त द्वारा तेजी से कार्य करने के निर्देश निर्माण टीम को दिए गए हैं, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश मौके पर उपस्थित रहे।





मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी द्वारा बताया गया कि माननीय सदन की बैठक के लिए सदन कक्ष बहुत ज्यादा दयनीय स्थिति में हो गया था जिसको माननीय महापौर तथा नगर आयुक्त महोदय के निर्देश अनुसार नया स्वरूप देने का कार्य चल रहा है, 100 माननीय पार्षदों के बैठने हेतु स्थान की व्यवस्था के साथ-साथ अधिकारियों के बैठने की व्यवस्था, क्लर्क इत्यादि स्टाफ के बैठने की व्यवस्था, मीडिया बंधुओं के लिए भी बैठने की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कार्य कराया जा रहा है, जितने भी अउ लाइट व उपकरण आग में जलने की वजह से खराब हो गए थे उनका बदला गया है इलेक्ट्रिक वायर भी बदली गई है, माननीय सदन कक्षा के साथ-साथ माननीय कार्यकारिणी कक्ष भी तैयार कराया जा रहा है जिसमें बैठक के साथ-साथ अन्य आवश्यक कार्यक्रमों का आयोजन भी सरलता से किया जा सकेगा ध्यान में रखते हुए कार्य तेजी से कराया जा रहा है।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि काफी समय से सदन कक्ष के जीर्णोद्धार करने की मांग की जा रही थी जिसको ध्यान में रखते हुए योजना के क्रम में माननीय सदन कक्ष को भव्य स्वरूप देने की कोशिश की जा रही है, माननीय सदन कक्ष तथा माननीय कार्यकारिणी कक्ष में आवश्यकता को देखते हुए मरम्मत का कार्य तथा फर्नीचर बदलने का कार्य भी कराया जा रहा है।

फरवरी माह में कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा इसके उपरांत माननीय पार्षदों एवं पदेन सदस्यों के लिए बैठक हेतु सुव्यवस्थित सदन कक्ष उपलब्ध रहेगा ।

**घोटाला**

## एक ही काम पर एक से अधिक बार किया गया धन का आहरण

# विकासखंड मलिहाबाद की ग्राम पंचायत कसमंडी खुर्द मे एक घोटाले को छिपाने के लिए किया गया दूसरा घोटाला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** राजधानी लखनऊ के मलिहाबाद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कसमंडी खुर्द में प्रधान, सचिव के साथ ही विकासखंड कार्यालय में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों की मिली भगत से एक घोटाले को छुपाने के लिए दूसरा घोटाला कर दिया गया। यहां के मजरे जद्दाखेड़ा में वित्तीय वर्ष 2021-22 में इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण के नाम पर 429960 रुपए निकाल लिए गए और काम 1 का नहीं कराया गया यह सारा धन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया उसके बाद ग्रामीणों के विरोध के चलते वित्तीय वर्ष 25- 26 में उसी रास्ते पर इंटरलॉकिंग और नाली का निर्माण नवंबर- दिसंबर में कराया गया। उसी सड़क को दोबारा बनाने के लिए सचिव और प्रधान द्वारा 4970 54 रुपए और 137164 रुपए नाली निर्माण के नाम पर तथा जेसीबी से खड़ंजा उखाड़ने के नाम पर भी यहां करीब तीन लाख से अधिक धनराशि निकाली गई। इसके अलावा एक ही हैंड पाइप की फोटो डालकर 151000 इसी वित्तीय वर्ष में नवंबर माह में निकाले गए जिसमें 46000 बलराम नाम के मजदूर के नाम और शेष धन राशि रूद्र एंटरप्राइजेज के नाम से आहरित की गई । डेढ़ लाख रुपए में से 105000 सामग्री पर खर्च किए गए और यहां यह सवाल खड़ा होता है कि इतनी सामग्री पर 46000 मजदूरी कैसे खर्च हो गई इससे साफ पता चलता है कि यहां घोटाला करने के अलावा कोई कार्य नहीं हो रहा है ।





इसी तरह अमानीगंज में ही दो इंटरलॉकिंग और नालियां पिछले वित्तीय वर्ष में बनाई गई थी लेकिन उनमें से एक की फोटो जनवरी 2025 तथा दूसरे रास्ते की फोटो दिसंबर 2025 में अपलोड की गई है। मोहल्ले वालों ने बताया कि यह दोनों इंटरलॉकिंग पिछले वर्ष बनाई गई थी ग्रामीणों से यह बात भी पता चली की जो सड़क पहले बनी थी उसकी फोटो बाद में दिखाई गई है और जो सड़क बाद में बनी थी उसकी फोटो पहले अपलोड की गई है इन सड़कों पर भी वित्तीय वर्ष 25- 26 में धन राशि निकाली गई। इससे पूर्व में भी यहां और कई घोटाले सामने आ चुके हैं जिनको अधिकारियों ने लीपा पोती कर बराबर कर दिया।

# कृषि अनुसंधान को किसान-केंद्रित बनाने पर जोर, उपकार में कृषि मंत्री ने की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

**लखनऊ (आरएनएस )।** उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आलमबाग स्थित उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद (उपकार) के सभागार में कृषि शिक्षा और कृषि अनुसंधान से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में उपकार के प्रतिनिधिमंडल द्वारा एक्रीसेट और समिटि की संस्तुतियों पर विस्तार से चर्चा की गई, विशेष रूप से कृषि शिक्षा और कृषि अनुसंधान के वर्गीकरण को अलग-अलग करने तथा उनके व्यावहारिक क्रियान्वयन पर गहन मंथन हुआ।बैठक के दौरान अरहर सहित अन्य दालों की उत्पादकता बढ़ाने, कृषि विश्वविद्यालयों और कृषि विभाग के फार्मों की कार्यप्रणाली तथा विभिन्न अनुसंधान विषयों की समीक्षा की गई। कृषि मंत्री ने कहा कि बदलते मौसम के मिजाज और किसानों की वास्तविक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कृषि वैज्ञानिकों को शोध कार्य करना होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुसंधान के लिए आवंटित बजट और संसाधनों का प्रभाव धरातल पर दिखाई देना चाहिए, ताकि किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके।कृषि मंत्री ने नई किस्मों के विकास के साथ-साथ कुल कृषि उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने के लिए ठोस और व्यवहारिक रणनीति तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने वैज्ञानिकों को निर्देशित किया कि वैज्ञानिक पद्धतियों के माध्यम से बेहतर जर्मप्लाज्म विकसित किया जाए और गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन की प्रक्रिया को तेज किया जाए।

# सेंट्रल मार्केट पर बुलडोजर की आहट, सुप्रीम कोर्ट के आदेश से घबराए दुकानदार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** शास्त्रीनगर के सेंट्रल मार्केट मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से व्यापारियों में मायूसी है। मंगलवार को सर्वोच्च अदालत ने अपने 17 दिसंबर 2024 के निर्णय को बरकरार रखते हुए अभी तक कार्रवाई न होने पर कड़ा एतराज जताया था।

अदालत ने छह सप्ताह में ध्वस्तीकरण कर रिपोर्ट दाखिल करने के आदेश दिए हैं। वहीं बुधवार शाम तक ऑर्डर अपलोड नहीं हुआ। व्यापारियों का कहना है कि आदेश पढ़ने के बाद रणनीति बनाकर व्यापार बचाने के लिए काम करेंगे। उधर, आवास एवं विकास परिषद की ओर से अवैध निमार्णों के नोटिस भी तैयार किए गए। आरटीआई कार्यकर्ता लोकेश खुराना की ओर से दाखिल की गई अवमानना याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई थी। लोकेश खुराना के अधिवक्ता तुषार जैन ने बताया कि अदालत ने निर्देश दिए कि छह सप्ताह के भीतर अन्य समस्त अवैध निमार्णों को ध्वस्त करके ध्वस्तीकरण की कंप्लायंस रिपोर्ट याचिकाकर्ता के वकील के माध्यम से कोर्ट को उपलब्ध कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुनर्स्थापित करने के भी प्रयास कर रहे हैं : शारदा भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत शारदा अग्रवाल ने कहा कि व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए पार्टी आलाकमान से मिलेंगे। उन्होंने कहा कि 661/6 के ध्वस्तीकरण से प्रभावित व्यापारियों को पुनर्स्थापित करने के भी प्रयास किए जा रहे हैं। कानून के दायरे में रहते हुए व्यापारी हितों के लिए काम किया जाएगा। सेंट्रल मार्केट के व्यापारी नेता जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि बुधवार को देर शाम तक भी सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर अपलोड नहीं हो सके।

# अलीगढ़ राजकीय औद्योगिक कृषि पद्धति के कृष्ण अंजलि नाट्यशाला में उर्दू पत्रकार सम्मेलन का आयोजन हुआ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** राजकीय औद्योगिक कृषि पद्धति के कृष्ण अंजलि नाट्यशाला में उर्दू पत्रकार सम्मेलन का आयोजन हुआ इस अवसर पर डॉ खलील चौधरी ने कहा स्वतंत्रता संग्राम और सामाजिक जागरूकता में महत्वपूर्ण अध्यक्षता करते हुए नावेद इलियास ने कहा कि आज उर्दू पत्रकारिता की जो लोग भी खिदमत कर रहे हैं वह स्वागत योग्य हैं, अलीगढ़ नुमाइश में 26 प्रसिद्ध शायर डा इलियास नावेद गिन्नोरी ने कहा अलीगढ़ प्रदर्शनी में पिछले 26 वर्षों से उर्दू पत्रकार सम्मेलन का आयोजन करना और प्रदर्शनी के अंदर उर्दू को आमचलन में लेकर आने के लिए कार्यक्रम आयोजक मुबीन खान की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। उर्दू के वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद अहमद शेवन ने कहा कि उर्दू पत्रकारिता का भारतीय समाज, संस्कृति और र संग्राम और साहित्यिक विकास में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका में कहा के आज हम दिन भर में जो भी बातें करते हैं उसमें ज्यादातर हिस्सा उर्दू का होता है अगर हम अपनी रोजमर्रा की बातचीत में से उर्दू को निकाल दें तो हम बेहतर तरीके से वार्ता भी नहीं कर पाएंगे, समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष शिशुपाल यादव और रतनदीप सिंह ने भी उर्दू भाषा के उत्थान के संबोधित करने वालों में सपा नेता पूरनमल प्रजापति, सपा नेता शाकिर, सुबोध सुहार्द, आरपी शर्मा, अशोक सक्सेना ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम संयोजक और उर्दू जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुबीन खान ने अपने जिंदगी के सफर को याद करते हुए अपने पिता शताब खान का जिक्र किया और कहा कि आज में उर्दू के लिएं जो कुछ भी कर पा रहा हु वह उन्हीं की दी हुई सीख का नतीजा है, उन्होंने उर्दू पत्रकार सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा के मुझे जिन-जिन लोगों का भी सहयोग मिलना उनका भारी उन्होंने कहा कि मुझे हमेशा नाकाम करने की कोशिश की गई लेकिन मेरे साथ ऊपर वाला है तो मुझे किसी की कोई फिक्र नहीं, इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक मृदुल इस मौके पर पिछले 26सालों




से लगातार उर्दू पत्रकार सम्मेलन कर रहे मुबीन खान को उनकी खिदमत के लिए आए हुए सभी अतिथियों ने और सहायक निर्वाचन अधिकारी कौशल कुमार को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया।कार्यक्रम का सकुशल संचालन डॉक्टर बसीर उल हसन वफा नकवी और पत्रकार विशाल नारायण शर्मा ने किया, कार्यक्रम में अपनी आवाज से समां बांधने वालों में अतीक सहर,हेमंत वार्ष्णेय,योगेंद्र सिंह पंकज और विशाल नारायण का अहम योगदान रहा। मनोज चौहान ब्यूरो चीफ बुलंद संदेश सुशील तोमर जी राष्ट्रीय स्वरूप जितेंद्र कुमार डीके गौतम अजीत चौहान पंजाब केसरी

कार्यक्रम में स्वर्गवासी वरिष्ठ पत्रकार महेश चंद सुहाद के नाम से दिया जाने वाला पत्रकारिता का अवार्ड इस वर्ष डॉक्टर इलियास नवेद गिन्नोरी को दिया इस अवसर पर इग्नू के क्षेत्र निदेशक डॉक्टर अजयवर्धन आचार्य ने अपने संबोधन मैं कहा वर्तमान प्रवेश में उर्दू का अहम योगदान है इग्नू में कई कोर्स चल रहे, है है कार्यक्रम को सफल बनाने में मोहम्मद कामरान, सोहेल अहमद, आमिर राशिद, अतीक सहर, विशाल नारायण का अहम योगदान रहा। इस वर्ष महेश चंद्र सुहद अवार्ड कुमर रियाज अहमद समाज सेवा के क्षेत्र में दिया गया।

# प्रदर्शनी में कशिश 2006 शाइनिंग स्टार्स आफ अलीगढ़ का भव्य आयोजन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी के कृष्णांजलि नाट्यशाला मंच पर म्यूजिक स्कूल के तत्वावधान में विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल के सहयोग से कशिश 2006 शाइनिंग स्टार्स आफ अलीगढ़ का भव्य आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ श्री राजीव अग्रवाल अनु सचिन धर्म समाज समिति डॉ विवेक ठाकुर विवेकानंद इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन, रोशना जी गजल गायक श्री जॉनी फास्टर कार्यक्रम संयोजक शरद गुप्ता द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रस्तुति कीर्तन से की गई जीत गोविंद सरकार अरुण खरे एवं उनकी टीम के द्वारा तत्पश्चात ज्योति सैनी के गीत यह लड़का है अल्लाह ने उपस्थित जनसमूह को मंत्र मुग्ध कर दिया।

# फर्जी बिल बनाने से मना करने पर अकाउंटेंट का अपहरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** फर्जी बिल मनाने से मना करने पर ठेकेदार ने एकाउंटेट का अपहरण कर लिया। उसके साथ मारपीट की। एकाउंटेट का भाई बचाने आया तो उसे तमंचे से मारा।धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। उसके बाद भागने लगे। उसने भाई को अगवा करने का वीडियो बना लिया। उसके बाद फौरन पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने 2 घंटे बाद एकाउंटेट को एक मीट फैक्ट्री से बरामद कर लिया। उससे पूछताछ की। उसके बाद आरोपी को भी पकड़ लिया। उसे हिरासत में लेकर अब पूछताछ कर रही है।

घटना बुधवार रात सिविल लाइन थाना क्षेत्र तस्वीर महल चौराहे के पास की है। शाहरुख ने बताया वह प्राइवेट एकाउंटेट हैं। अलदुआ मीट फैक्ट्री में काम करने वाले ठेकेदार जीशान का जीएसटी का काम देखते हैं। जीशान उन पर फर्जी जीएसटी बिल बनाने का कई दिनों से दबाब बना रहा था। उन्होंने फर्जी बिल बनाने से मना कर दिया था। इससे जीशान नाराज चल रहा था। उसने मेरा बकाया 22 हजार रुपए रोक रखा था। बुधवार रात मैं 10 बजे के करीब अपने भाई के साथ तस्वीर महल चौराहे के पास था। तभी उसका फोन आया। उसने कहा कि उसके पैसे देने हैं। वह साईं ढाबे पर आ जाए। शाहरुख भाई के साथ साई ढ़ाबे पर पहुंचा। जीशान उनके साथ ढ़ाबे पर खाना खाने लगा। इसी बीच जीशान ने मौका पाकर अपने साथियों को फोन कर दिया। वे बुलेरो लेकर आए। उन्हें आते देख जीशान सीट से उठकर शाहरुख के पास आ गया। वह शाहरुख को खींचकर गाड़ी की तरफ ले जाने लगा। शाहरुख और उसके भाई मोहम्मद



इम्तियाज खान ने विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की। इम्तियाज को तमंचे से मारकर गिरा दिया। उसके बाद बुलेरो में शाहरुख को बैठाने लगे। भाई ने मोबाइल से इसका वीडियो बना लिया। 12 बजे रात को ठेकेदार और उसके साथी शाहरुख को लेकर भाग गए। भाई मोहम्मद इम्तियाज ने फौरन सिविल लाइन थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के थोड़ी देर बाद ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। इम्तियाज से घटना की जानकारी ली। पुलिस फोर्स के साथ रात 2 बजे ठेकदार जीशान की फैक्ट्री में पहुंची। देखा तो यहां पर शाहरुख को छिपा कर रखा था। मौके पर जीशान और उसके साथी भी थे। पुलिस ने शाहरुख को छुड़ा लिया। आरोपी जीशान और उसके साथियों को पकड़कर रात में ही थाने लेकर आई।

सीओ तृतीय, सर्वम सिंह का कहना है कि एक युवक ने अकाउंटेंट के अगवा किए जाने की सूचना दी थी। उसकी सूचना पर एकाउंटेट को एक मीट फैक्ट्री से बरामद कर लिया है। आरोपी को पकड़ लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। आरोपी को नहीं बक्शा जाएगा

# अचल सरोवर के संचालन व रख-रखाव में आई तेजी, फुब्बारे जल्द होंगे संचालित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों में शामिल अचल सरोवर के समुचित संचालन, नियमित रख-रखाव एवं सौंदर्यीकरण की दिशा में ठोस और प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं आकर्षक वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि यह स्थल जनसामान्य के लिए उपयोगी एवं आनंददायक बना रहे।

नगर निगम के अधिशासी अभियंता बिजेंद्र कुमार ने बताया कि अचल सरोवर का विधिवत हैंडओवर संबंधित ठेकेदार फर्म शिव शक्ति एंटरप्राइजेज को कर दिया गया है। हैंडओवर प्रक्रिया के दौरान पूर्व में चिन्हित सभी तकनीकी एवं संरचनात्मक कमियों को दूर कराया गया है, जिससे अब सरोवर के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न रहे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में अचल सरोवर की साफ-सफाई, नियमित देखरेख और संचालन की जिम्मेदारी संबंधित फर्म द्वारा सुनिश्चित की जा रही है। परिसर को सुव्यवस्थित बनाए रखने के



लिए निगरानी भी बढ़ाई गई है। मंदिर क्षेत्र में बंदरों की अधिक सक्रियता के कारण फॉल सिलिंग को हुई क्षति को लेकर भी निगम सतर्क है और स्थिति पर निरंतर नजर रखी जा रही है, ताकि आवश्यक सुधार समय रहते कराया जा सके। अधिशासी अभियंता ने यह भी जानकारी दी कि अचल सरोवर में स्थापित फुब्बारों को दुरुस्त करने का कार्य तेजी से प्रगति पर है, जिसे शीघ्र पूरा किया जाएगा। फुब्बारों के पुनः संचालन से सरोवर की सुंदरता में और अधिक वृद्धि होगी और आम नागरिकों को एक आकर्षक और मनभावन वातावरण मिलेगा। नगर निगम का प्रयास है कि अचल सरोवर को न केवल एक धार्मिक एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए, बल्कि इसे एक स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित सार्वजनिक स्थल के रूप में भी स्थापित किया जाए, जहां शहरवासी परिवार के साथ समय बिता सकें। निगम द्वारा निरंतर निरीक्षण, समन्वय और निगरानी के माध्यम से सभी कार्यों को गति दी जा रही है। प्रशासनिक सक्रियता और योजनाबद्ध प्रयासों से यह स्पष्ट है कि अचल सरोवर को उसके मूल उद्देश्य के अनुरूप जनसामान्य के हित में उपयोगी बनाए रखने के लिए नगर निगम पूरी तरह प्रतिबद्ध।

# यूजीसी के नियमों पर रोक सवर्ण छात्रों की जीत

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूजीसी के नए नियमों पर रोक लगाई जाने पर करणी सेना के पदाधिकारियों ने जश्न मनाया और मिठाई बांटकर खुशी मनाई। देश में पिछले कई दिनों से यूजीसी के नए नियमों का विरोध हो रहा था तथा करणी सेना के पदाधिकारियों ने देशभर में उग्र प्रदर्शन और आंदोलन कर कानून को रोकने की मांग की थी। करणी सेना के पदाधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया और खुशी मनाई।

वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठा0 ज्ञानेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि यूजीसी के नए नियमों में जातिवाद को बढ़ावा दिया गया था तथा छात्रों के बीच गहरी खाई खोदने का कार्य किया गया था कॉलेज के अंदर किसी भी छात्र की कोई जाति नहीं होती वहां वह सिर्फ एक छात्रा के रूप में शिक्षा ग्रहण करने जाता है सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से छात्रों को न्याय मिला है और करणी सेना सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत करती है करणी सेना के पदाधिकारियों ने सरकार से मांग की कोई भी इस तरह का कानून लाकर जातिवाद को बढ़ाना बढ़ावा देने का कार्य ना करें अन्यथा और ज्यादा उग्र प्रदर्शन होंगे। इस अवसर पर संजय सिंह, आशीष चौहान, उमेश कुमार सिंह, वीरू भदोरिया, सचिन चौहान, बीपी सिंह, सत्य प्रकाश शर्मा, सुनील शर्मा, सचिन राघव, मनु ठाकुर, ध्रुव राजपूत, ललित राघव, दीपक भारद्वाज, आलेख सैनी, यश शर्मा, योगेश राजपूत, सुमित चौहान, साहिल चौहान आदि।

# प्रीति चौधरी व लोकेश शास्त्री पर धोखाधडी के मामले में एफआईआर

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अलीगढ़।** क्वार्सी थाना क्षेत्र में धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र और गंभीर आपराधिक धमकी का एक और मामला सामने आया है। 23 जनवरी 2026 को दिल्ली निवासी भावना मदान की तहरीर पर पुलिस ने प्रीति चौधरी और लोकेश शास्त्री के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि लोकेश शास्त्री, जो कथित तौर पर शिव ज्योतिष संस्थान का संचालन करते हैं और एक यूट्यूब चैनल के माध्यम से ज्योतिषीय उपाय बताते हैं, उनके द्वारा उपाय कराने के नाम पर पीड़ित महिला से आर्थिक ठगी की गई। आरोप है कि यह कृत्य योजनाबद्ध तरीके से किया गया। उल्लेखनीय है कि इन्हीं आरोपियों के खिलाफ थाना क्वार्सी में इससे पूर्व भी 26 दिसंबर 2025 को अलीगढ़ निवासी सुरेश बघेल द्वारा धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया जा चुका है। पुलिस के अनुसार, सभी मामलों की जांच साक्ष्यों के आधार पर की जा रही है।

# "मिशन शक्ति अभियान-5" के अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्रों में महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु चलाया जा रहा है अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़ के निर्देशन में जनपद में गठित मिशन शक्ति टीमों के द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-5" के अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्रों में महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है । मिशन शक्ति फेज-5 के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सु?क्षा विशेष दल द्वारा गाँवों/कस्बों/मोहल्लों में जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड/ बाजार/ गांव/ कस्बा/ स्कूल/ कालेज/कोचिंग सेंटर इत्यादि सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में



जागरूक करते हुए महिलाओं/बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है । इस अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को शासन/यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, साइबर सम्बन्धी एवं सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है । महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रयत्न किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने वांछित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** थाना गांधीपार्क पुलिस ने वांछित अभियुक्त,. सन्नी मल्हौत्रा पुत्र स्व० हरभजन सिंह,. साहिल मल्हौत्रा पुत्र सन्नी मल्हौत्रा निवासी गुरुद्वारा रोड नयी बस्ती थाना बन्नादेवी अलीगढ़ और. हिर्देश पुत्र स्व० गीरीश चन्द्र वार्ष्णेय, देवेश पुत्र गीरीश चन्द्र वार्ष्णेय निवासी धोबी वाली गली दुबे का पडाव थाना गाँधीपार्क जनपद अलीगढ़ थाना क्षेत्र गांधीपार्क से गिरफ्तार किया गया।

### नि:शुल्क बीज मिनीकिट वितरण के लिए ई-लॉटरी 30 जनवरी को

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** जिले में जायद-2026 के अंतर्गत दलहन उत्पादन को प्रोत्साहित करने की दिशा में निःशुल्क दलहन बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी धीरेंद्र कुमार ने बताया कि मूँगफली, उर्द एवं मूँग के बीज मिनीकिट एवं अन्तःफसली गन्ना हेतु मूँग व उर्द के बीज वितरण के लिए कृषकों से 15 दिसम्बर से 28 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन बुकिंग एवं आवेदन प्राप्त किए गए हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर लाभार्थी कृषकों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। यह चयन प्रक्रिया मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिलास्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष 30 जनवरी शुक्रवार को दोपहर 12 बजे क्वार्सी फार्म परिसर स्थित बहुउद्देशीय किसान कल्याण केन्द्र में आयोजित की जाएगी।

उप कृषि निदेशक ने जिले के समस्त उन किसान भाई, जिन्होंने बीज मिनीकिट एवं बीज के लिए बुकिंग कराई है, से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर ई-लॉटरी प्रक्रिया में प्रतिभाग सुनिश्चित करें। डीएओ ने कहा है कि यह कार्यक्रम पारदर्शी चयन व्यवस्था के साथ किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे जायद सत्र में दलहन उत्पादन बढ़ेगा और कृषकों की आय में सुधार होगा।

### आचार्य करेंगे यूजीसी का विरोध

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** आठवीं दसवीं में पढ़ने वाला नादान सवर्ण बच्चा भी UGC का विरोध करके अपने समाज के साथ न्याय की लड़ाई में खड़ा है पर हम पूछना चाहते हैं एक भी सवर्ण समाज का मंत्री संत्री तंत्री को इसका विरोध करते नहीं देखा।चाहे वह वर्तमान सरकार के हो या फिर विपक्षी दाल हो या अन्य कोई भी पार्टी के क्यों ना हो ऐसा क्यों। उन सभी को समाज के साथ भेदभाव और अत्याचार नहीं दिखाई दे रहा है क्या फिर चुप्पी क्यों।। आचार्य हिमांशु पाराशर जी ने बताया कि ज्ञान और प्रतिभा की बातें ही कुछ अलग है पर हर मामलों का परफेक्ट ज्ञान रखने वाले इन सर जी को UGC कानून में कुछ गलत क्यों नहीं दिखाई दिया समाज आपसे आग्रह कर रहा है समाज के प्रति आवाज उठाएं नहीं तो हम ब्राह्मण समाज करेगी एक आंदोलन जिसमें सर्व समाज को लेकर के ब्राह्मण समाज चलेगा कानून नहीं अन्याय किस समानता की बात UGC काला कानून वापस लो।



## पहल

## कॉलेज की शैक्षणिक गुणवत्ता और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार प्रगति की ओर

# रिक्त पदों की पूर्ति को लेकर प्राचार्य की सक्रिय पहल, शासन से लगातार पत्राचार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज छेरत में शिक्षकों एवं कर्मचारियों के 42 पद रिक्त होने के संबंध में कॉलेज प्रशासन द्वारा शासन स्तर पर लगातार प्रभावी पहल की जा रही है। इस क्रम में प्राचार्य श्री राम आशीष यादव द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया को गति देने के उद्देश्य से नियमित रूप से पत्राचार किया जा रहा है।

प्राचार्य श्री यादव ने बताया कि कॉलेज में शैक्षणिक, चिकित्सीय एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए रिक्त पदों की स्थिति से शासन एवं निदेशालय को विधिवत अवगत कराया गया है। उन्होंने कहा कि पदों के सृजन, अनुमोदन एवं भर्ती से संबंधित प्रस्ताव शासन को भेजे जा चुके हैं और आवश्यक अनुस्मारक पत्र भी प्रेषित किए गए हैं, जिससे प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कॉलेज स्तर पर आवश्यक





औपचारिकताओं का पूर्ण रूप से निर्वहन कर लिया गया है और अब नियुक्ति से संबंधित निर्णय शासन स्तर पर अपेक्षित है। इस दौरान कॉलेज प्रशासन द्वारा वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई, अस्पताल की ओपीडी एवं रोगियों की सेवाएं सुचारू रूप से संचालित होती रहें। प्राचार्य ने विश्वास व्यक्त किया कि शासन से शीघ्र स्वीकृति प्राप्त होते ही रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी, जिससे कॉलेज की शैक्षणिक गुणवत्ता और स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूती मिलेगी।

## कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर का जनपद भ्रमण कार्यक्रम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री, पंचायती राज एवं अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ओम प्रकाश राजभर जी 31 जनवरी 2026 शनिवार को प्रातः 04:45 बजे रेलवे स्टेशन, अलीगढ़ जंक्शन पहुंचकर वे सर्किट हाउस पहुंचेंगे, जहाँ वे 10:30 से 11: 30 बजे तक पंचायती राज एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के जनपदीय/मण्डलीय अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगे।

इसके उपरांत वह दिन में 1:30 बजे ग्राम गिरधरपुर, थाना हसायन, जनपद हाथरस पहुंचेंगे, जहाँ वे बंजारा हक अधिकार महारैली में प्रतिभाग करेंगे।

# सिंभावली किसान डिग्री कॉलेज के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत,मचा कोहराम, हापुड़ के तगा सराय का रहने वाला है मृतक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)**। थाना सिंभावली क्षेत्र के पुराने हाईवे पर किसान डिग्री कॉलेज के सामने गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक तगा सराय निवासी 40 वर्षीय संजय सैनी गुरुवार की सुबह हापुड़ से गढ़मुक्तेश्वर की ओर जा रहा था। बताया गया कि रास्ते में उसकी ऑटो का पहिया पंचर हो गया, जिसके बाद वह सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान संजय सैनी के रूप में हुई है, जो पेशे से हलवाई का काम करता था। दुर्घटना के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। साथ ही घटनास्थल के





मजदूर की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के मार दी और चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

हादसे की सूचना मिलते ही थाना सिंभावली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

परिजनों की तहरीर मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

उधर, युवक की असामयिक मौत से परिवार में मातम छाया हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# जनपद स्तरीय कैरियर गाइडेंस मेले में सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स की प्रभावशाली सहभागिता, विद्यार्थियों को सही मेडिकल करियर चयन के लिए किया सशक्त

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड**। जेएमएस वर्ल्ड स्कूल, हापुड़ में माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित जनपद स्तरीय कैरियर गाइडेंस मेले का भव्य, सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए हजारों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस मेले में सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ने सशक्त एवं प्रभावशाली भागीदारी करते हुए मेडिकल एवं हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थियों को न केवल पाठ्यक्रमों की जानकारी दी, बल्कि उन्हें सही करियर विकल्प (SCOP) एवं सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज (SIOP) – में उपलब्ध कोर्सेस जैसे एमबीबीएस, एमडी/एमएस (19+ स्पेशियलिटी), बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग, जीएनएम, एएनएम, डी.फार्मा, बी.फार्मा, एम.फार्मा, सीटी स्कैन टेक्नोलॉजी, ओटी टेक्नोलॉजी, ऑप्टोमेट्री एवं डायलिसिस टेक्नोलॉजी सहित अन्य हेल्थ साइंसेज पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को दी गई।

सरस्वती ग्रुप के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को यह भी समझाया कि सही मेडिकल करियर का चयन केवल डिग्री लेने तक सीमित नहीं होता, बल्कि रुचि, योग्यता, कौशल, सामाजिक सेवा भावना एवं रीनू एवं असिस्टेंट प्रोफेसर शिवानी तथा सरस्वती कॉलेज ऑफ फामेर्सी से असिस्टेंट प्रोफेसर विशाल कुमार, दीपेश कुमार, मार्केटिंग इंचार्ज संजय चौधरी एवं लैब टेक्नीशियन अनुज कुमार ने विद्यार्थियों को अपने-अपने क्षेत्रों में करियर स्कोप, जॉब प्रोफाइल, प्लेसमेंट अवसर, उच्च शिक्षा के विकल्प एवं विदेशों में उपलब्ध संभावनाओं के विषय में मार्गदर्शन प्रदान किया। सरस्वती ग्रुप का स्टॉल विद्यार्थियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस सफल सहभागिता में सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की प्राचार्या डॉ. बरखा गुप्ता, सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या डॉ. आर. मनोहरी शिवकुमार एवं सरस्वती कॉलेज










चुनने, भविष्य की योजना बनाने और प्रोफेशनल लक्ष्य तय करने के लिए व्यवहारिक मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कविता माधरे, जिला मंत्री मोहन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील त्यागी ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाते हुए अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। इसके साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक श्वेता पूठिया, सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी राजीव कुमार, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा (माध्यमिक) दीपा तोमर, जे एम एस वर्ल्ड स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ. आयुष सिंघल, प्रधानाचार्या निधि मलिक तथा सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के जनरल मैनेजर एन. वर्धराजन भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

सभी अतिथियों ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।

सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स द्वारा लगाए गए विशेष स्टॉल पर विद्यार्थियों को मेडिकल, नर्सिंग, फामेर्सी एवं पैरामेडिकल शिक्षा से जुड़े पाठ्यक्रमों और करियर अवसरों की समग्र जानकारी दी गई। स्टॉल पर सरस्वती ग्रुप द्वारा संचालित प्रमुख संस्थानों – सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (SIMS), सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग (SCON), सरस्वती कॉलेज ऑफ फामेर्सी भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। इसी उद्देश्य से सरस्वती ग्रुप विद्यार्थियों को काउंसलिंग सेशन, करियर ओरिएंटेशन प्रोग्राम, इंडस्ट्री एक्सपोजर विज़िट, क्लिनिकल ट्रेनिंग, इंटर्नशिप अवसर एवं स्किल डेवलपमेंट वर्कशॉप के माध्यम से निरंतर मार्गदर्शन प्रदान करता है।

विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स 1250+ बेड के सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, अत्याधुनिक लैब्स, स्मार्ट क्लासरूम, सिमुलेशन लैब्स, अनुभवी फैकल्टी एवं रियल टाइम क्लिनिकल एक्सपोजर के माध्यम से छात्रों को व्यावहारिक रूप से सक्षम बनाता है, जिससे वे पढ़ाई के साथ-साथ प्रोफेशनल स्किल्स भी विकसित कर सकें और भविष्य में एक कुशल डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट एवं हेल्थकेयर प्रोफेशनल के रूप में समाज की सेवा कर सकें।

सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज से डॉ. विनय (कम्युनिटी मेडिसिन) एवं डॉ. शाश्वती (पीजी सर्जरी) ने मेडिकल शिक्षा, प्रवेश प्रक्रिया, विशेषज्ञता आधारित करियर विकल्प एवं मेडिकल क्षेत्र में वैश्विक अवसरों पर विस्तार से जानकारी साझा की।

वहीं सरस्वती कॉलेज ऑफ नर्सिंग से असिस्टेंट प्रोफेसर शिल्की शर्मा एवं घनश्याम सिंह, सरस्वती कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल्स से एसोसिएट प्रोफेसर ऑफ फामेर्सी के प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार का मार्गदर्शन एवं नेतृत्व अत्यंत महत्वपूर्ण रहा।

सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज प्रबंधन की ओर से जनरल मैनेजर एन. वर्धराजन, निदेशक रघुवर दत्त, सीनियर एडवाइजर डॉ. आर. के. सहगल एवं मेडिकल सुपरिंटेंडेंट मेजर जनरल डॉ. चरणजीत सिंह अहलूवालिया ने टीम को सफल सहभागिता के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को सही दिशा देने और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के संस्थापक एवं चेयरमैन डॉ. जे. रामचंद्रन एवं वाइस चेयरपर्सन रम्या रामचंद्रन ने भी टीम को बधाई देते हुए कहा कि सरस्वती ग्रुप का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि समाज को कुशल, नैतिक एवं सेवा-भावना से परिपूर्ण स्वास्थ्य पेशेवर तैयार करना है।

कार्यक्रम के अंत में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं नोडल शिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सरस्वती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स की सक्रिय सहभागिता इस कैरियर गाइडेंस मेले की सबसे प्रमुख उपलब्धि रही, जिसने विद्यार्थियों को सही मेडिकल करियर चयन के लिए प्रेरणा, मार्गदर्शन और आत्मविश्वास प्रदान किया।

# बक्सर में डेढ़ सौ मीटर रास्ता न बनने से कई परिवार परेशान, टूटा पड़ा नाली का चैनल,जलभराव से बढ़ी दिक्कतें

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)**।





सिंभावली ब्लॉक की ग्राम पंचायत बक्सर के जमाईपुरा मोहल्ले में करीब डेढ़ सौ मीटर रास्ता न बनने से कई परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया है कि बीते दिनों मोहल्ले के आसपास के कई रास्तों का निर्माण कराया गया, लेकिन आपसी मतभेद के चलते एक हिस्सा अधूरा छोड़ दिया गया।

जमाईपुरा मोहल्ले के निवासी सलामुद्दीन, नन्नी, नासीर, जाहिद, याकूब और कमरुद्दीन ने बताया कि उनके घरों के सामने कच्चा रास्ता है। करीब दो माह पूर्व अन्य मोहल्लों में रास्ते बन गए, लेकिन लगभग 150 मीटर का यह हिस्सा अब तक नहीं बनाया गया। बरसात के मौसम में रास्ते पर कई फीट पानी भर जाता है, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है।

ग्रामीणों का कहना है कि मोहल्ले के एक रास्ते पर नाली का चैनल भी टूटा पड़ा है। ग्रामीण वकील मलिक ने बताया कि नाली का चैनल टूटने की शिकायत कई बार संबंधित अधिकारियों से की गई, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे गंदा पानी सड़क पर फैल जाता है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र रास्ते का निर्माण और नाली का चैनल दुरुस्त नहीं कराया गया तो वे मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएंगे।

इस संबंध में एडीओ पंचायत सिंभावली संजय चौधरी ने बताया कि ग्राम सचिव और ग्राम प्रधान से वार्ता कर समस्या का समाधान कराया जाएगा। नाली का चैनल जल्द लगवा दिया जाएगा और रास्ता निर्माण के लिए एस्टीमेट तैयार कर भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लिया जाता है।

# फर्जी जज,थाना प्रभारी बताकर अपने दोस्त से ठगी करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़**। थाना हापुड़ नगर पुलिस ने फर्जी जज व थाना प्रभारी बताकर अपने दोस्त से ठगी करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से एक एफआईआर, 3

**एक एफआईआर,3 वारंट,3 मोबाइल,एक बाइक व नगदी बरामद की**

वारंट,3 मोबाइल,एक बाइक व 710 रुपये की नगदी बरामद की है।

थाना हापुड़ नगर प्रभारी निरीक्षक विनोद पांडे ने बताया कि एसपी के निर्देश पर वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान में थाना पुलिस ने बीएनएस में



वांछित तीन अभियुक्तों को चितौली रोड स्थित गिरफ्तार किया है। जिनके कब्ज से एक एफआईआर,3 वारंट,3 मोबाइल,एक बाइक व 710 रुपये की नगदी बरामद की है।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम मौहम्मद शाद सिद्दीकी पुत्र जावेद सिंह निवासी ईदगाह रोड, मौहम्मद आतिफ पुत्र मौ.अनवार निवासी कानून गोयान पुराना बाजार व मौज्जि निवासी पीरबाउद्दीन थाना हापुड़ नगर को गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार दो अभियुक्तों ने अपने तीसरे साथी आतिफ को फर्जी जज,थाना प्रभारी बनाकर मुकदमा वादी के पुत्र जो विदेश में नौकरी करता है,को फोन से डराकर तीन महीनों में 5 लाख 30 हजार रुपये की ठगी की घटना को अंजाम दिया है।

# जिले में किसी भी स्कूल में बिना फिटनेस वाहन संचालित नहीं हों : डीएम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़**। जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने निर्देशित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय

- **राष्ट्रीय राजमार्ग पर ब्लैक स्पॉट पर ओवर स्पीड कैमरे लगाने के दिये निर्देश**
- **डीएम ने सड़क सुरक्षा माह में आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा की**

राजमार्ग-9 पर ब्लैक स्पॉट पर ओवर स्पीड कैमरे लगवाये जाये,बुलन्दशहर रोड व मेरठ रोड पर सड़कों पर गड्ढ़ों को तत्काल प्रभाव से भरवा दिया जाये,इसके अलावा जिले में किसी भी स्कूल में बिना



फिटनेस वाहन संचालित नहीं होने चाहिए। गुरुवार को जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय जिला सड़क सुरक्षा समिति व जिला विद्यालय यान सुरक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विगत तीन वर्षों में चिन्हित किये गये ब्लैक स्पॉटों पर की गई कार्यवाही की सूचना उपलब्ध कराने,के साथ ऐसे वाहन जिनके 5 से अधिक चालान हुए है,उनके पंजीयन चिन्ह निलंबित करने हेतु नोटिस प्रेषित करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर शैलेन्द्र सिंह अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग,सुनील गुप्ता उप मुख्य चिकित्साधिकारी,रमेश कुमार चौबे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) राहुल यादव क्षेत्राधिकारी यातायात,आशुतोष उपाध्याय यात्री /मालकर अधिकारी,शैलेन्द्र कुमार प्रतिनिधि जिला विद्यालय निरीक्षक,मनजीत सिंह प्रतिनिधि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,संदीप सिंह एई लोक निर्माण विभाग,मुकुल नागपाल,सिंभावली शुगर मिल एई विश्वासराज,यातायात निरीक्षक नरेश कुमार डा.एपीजे अब्दुल कलाम सोसायटी के चेयरमैन दानिश कुरैशी आदि मौजूद रहे।

**ज्ञापन** डीएम के नाम गढ़ एसडीएम को विहिप कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

# विहिप कार्यकर्ताओं ने समाजसेवी के साथ अन्न जल त्यागने की घोषणा की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर**। जनपद गढ़मुक्तेश्वर नगर पालिका सीमा से टोल हटाने को लेकर सन्तुष्टिकरण न होने पर समाज सेवी के साथ अन्न जल छोडने की विश्व हिन्दू परिषद के नगर अध्यक्ष ने कार्यकताओं के साथ में घोषणा की है। इस सम्बंध में विहित

**समाजसेवी ने ब्रजघाट टोल हटाने की मांग को लेकर 27 दिन धरना दिया था**

पदाधिकारियों ने गढ़ उपजिलाधिकारी श्रीराम यादव को ज्ञापन सौंपा है।

विहिप के नगराध्यक्ष सनोज कुमार ने ज्ञापन में बताया कि 27 दिन समाज सेवी पंकज लोधी ने टोल को नगर पालिका सीमा से बाहर करने के लिए शांति पूर्वक तहसील प्रांगण में धरना दिया था,जिस पर जिलाधिकारी अभिषेक पांडे के आश्वासन पर धरना स्थगित किया गया एवं जिलाधिकारी के आमंत्रण पर प्रतिनिधि मंडल के साथ कलेक्ट्रेट पर एडीएम संदीप कुमार की मध्यस्थता में टोल के प्रोजेक्ट डायरेक्टर





अरविंद कुमार से वार्ता हुई वार्ता में प्रोजेक्ट डायरेक्ट समाज सेवी पंकज लोधी के बिंदुओं का संतुष्टिकरण नहीं कर पाए व यह स्वीकार किया,कि नगर पालिका सीमा में टोल लगा है तो नियम विरुद्ध है हटाया जाएगा,जिस पर 30 दिन का समय मांगा गया।

उन्होंने बताया कि समाज सेवी पंकज लोधी द्वारा 30 दिन में कार्यवाही न होने पर अन्न जल छोडने की घोषणा जनता के हित में कर दी गयी। जिस के समर्थन में विश्व हिन्दू परिषद के नगर अध्यक्ष सनोज कुमार पवार ने कार्यकताओं के साथ अन्न जल का त्याग जनहित में कर देंगे।

इस अवसर पर सनोज कुमार पंवार,जय सिंह राना एडवोकेट,बबलू सहगल,ललित वर्मा, सुनील सैनी,कपिल लोधी,उदय वीर, शिवम आदि मौजूद रहे।

# किसान दिवस....डीएम ने सुनी किसानों की समस्याएं, निस्तारण करने के दिए निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़**। कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में किसान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित किया।

**किसानों की समस्याओं का अधिकारी एक सप्ताह में निस्तारण करें**

जिसमें जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं को सुनकर सम्बंधित अधिकारियों को दस दिनों में समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिये।

किसान दिवस में योगेन्द्र कुमार उप कृषि निदेशक द्वारा उपस्थित सभी सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारियो एवं कृषक बन्धुओ का स्वागत किया गया। गतमाह नवम्बर के किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों से सम्बन्धित निस्तारण आख्या उपस्थित सभी कृषको के समक्ष पढ़कर सुनाई तथा निस्तारण सम्बन्धी विस्तृत विवरण से सम्बन्धित अधिकारी द्वारा कृषकों को समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण एक सप्ताह में करने के सम्बंधित अधिकारियों को दिये। समस्या का




अवगत कराया गया। किसान दिवस में विभिन्न कृषको द्वारा समस्या लिखित रूप से अवगत करायी गयी। किसान दिवस में जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने किसानों की समाधान होने पर किसान को जरूर अवगत कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक योगेन्द्र कुमार,राजवीर भाटी व अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# बुजुर्गों की सेवा में 'समय बैंक'



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

स्विट्ज़रलैंड में इस कार्यक्रम की शुरूआत बुजुर्गों की बढ़ती आबादी और उनकी देखभाल की जरूरतों को ध्यान में रखकर की गई थी। कार्यक्रम के अनुसार, स्वस्थ और संवाद करने में कुशल व्यक्ति बुजुर्गों की मदद करते हैं, जैसे खरीदारी करना, कमरा साफ करना, सूरज की रोशनी में बाहर ले जाना या बस बातचीत करना। प्रत्येक घंटे की सेवा को सामाजिक सुरक्षा प्रणाली के व्यक्तिगत 'समय खाते में जमा किया जाता है।

भारत जैसे देश में, जहां बुजुर्गों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और पारंपरिक परिवार संरचना कमजोर पड़ रही है, बुजुर्गों की देखभाल एक बड़ी चुनौती बन गई है। सरकारी पेंशन योजनाएं और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम तो हैं, लेकिन वे अक्सर अपर्याप्त साबित होते हैं। ऐसे में, स्विट्ज़रलैंड की 'समय बैंक अवधारणा एक प्रेरणादायक मॉडल प्रस्तुत करती है, जो न केवल बुजुर्गों की देखभाल को सुनिश्चित करती है बल्कि समाज में सहानुभूति और सामुदायिक भावना को भी मजबूत करती है। यह अवधारणा, जो स्विट्ज़रलैंड के संघीय सामाजिक सुरक्षा मंत्रालय द्वारा विकसित की गई है, युवाओं को बुजुर्गों की सेवा करने का अवसर देती है और बदले में उन्हें भविष्य में खुद की देखभाल के लिए 'समय जमा करने की अनुमति देती है। भारत सरकार को इस मॉडल को अपनाने पर विचार करना चाहिए, क्योंकि यह हमारी सांस्कृतिक मूल्यों से मेल खाता है और आर्थिक बोझ को कम कर सकता है। स्विट्ज़रलैंड में इस कार्यक्रम की शुरूआत बुजुर्गों की बढ़ती आबादी और उनकी देखभाल की जरूरतों को ध्यान में रखकर की गई थी। कार्यक्रम के अनुसार, स्वस्थ और संवाद करने में कुशल व्यक्ति बुजुर्गों की मदद करते हैं, जैसे खरीदारी करना, कमरा साफ करना, सूरज की रोशनी में बाहर ले जाना या बस बातचीत करना। प्रत्येक घंटे की सेवा को सामाजिक सुरक्षा प्रणाली के व्यक्तिगत 'समय खाते में जमा किया जाता है। जब व्यक्ति खुद बुजुर्ग हो जाता है या बीमार पड़ता है, तो वह इस जमा समय को निकाल सकता है और अन्य स्वयंसेवक उसकी देखभाल करेंगे। यह प्रणाली न केवल पैसे की बचत करती है बल्कि मानवीय संबंधों को भी मजबूत करती है। कल्पना कीजिए, एक युवा व्यक्ति जो सप्ताह में दो बार दो घंटे बुजुर्गों की सेवा करता है। एक साल बाद, 'समय बैंक उसके कुल सेवा समय की गणना करता है और उसे एक 'समय बैंक कार्ड जारी करता है। इस कार्ड से वह भविष्य में 'समय और समय ब्याज निकाल सकता है। यानी, जमा समय पर ब्याज भी मिलता है, जो प्रोत्साहन का काम करता है। स्विट्ज़रलैंड में यह प्रथा अब सामान्य हो गई है और सरकार ने इसे समर्थन देने के लिए कानून भी पारित किया है। यह मॉडल पेंशन व्यय को कम करता है और समाज को अधिक सहयोगी बनाता है। भारत में इस अवधारणा को लागू करने की संभावनाएं अपार हैं। एक अनुमान के तहत, 2030 तक हमारे देश में बुजुर्गों की आबादी 19 करोड़ से अधिक हो जाएगी और कई परिवारों में बच्चे शहरों में बस जाते हैं, जिससे बुजुर्ग अकेले रह जाते हैं। पारंपरिक रूप से, भारत में बुजुर्गों की देखभाल परिवार की जिम्मेदारी रही है, लेकिन आधुनिकीकरण ने इस संरचना को प्रभावित किया है। 'समय बैंक जैसा कार्यक्रम युवाओं को प्रोत्साहित कर सकता है कि वे बुजुर्गों की सेवा करें और बदले में उन्हें सुरक्षा का आश्वासन मिले। यह न केवल सरकारी संसाधनों पर दबाव कम करेगा बल्कि बेरोजगार युवाओं को सार्थक कार्य प्रदान करेगा। उदाहरण के लिए, स्विट्ज़रलैंड की एक कहानी से प्रेरणा लें। वहां एक 67 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षिका क्रिस्टीना एक 87 वर्षीय बुजुर्ग की देखभाल करती थीं। उन्होंने कहा कि वह पैसे के लिए नहीं, बल्कि 'समय बैंक में समय जमा करने के लिए ऐसा कर रही थीं। जब वे खुद घायल हुईं, तो 'समय बैंक ने तुरंत एक नर्सिंग कार्यकर्ता भेजा, जो उनकी देखभाल करने लगा।

# पर्याप्त नींद रात्रि में,हल्की झपकी दोपहर में पर्याप्त है, क्यों?



डॉ.बी.आर.नलवाया

नींद का मनुष्य के जीवन में एक महत्वपूर्ण पक्ष है। मनुष्य अपने जीवन का एक तिहाई हिस्सा सोते हुए गुजार देता है। नींद में परिवर्तन होने से मनुष्य की कार्य क्षमता पर भी बहुत प्रभाव पड़ता है। आखिर नींद के लिए लोग इतना परेशान क्यों होते हैं ? क्योंकि नींद एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके द्वारा शरीर आराम पाता है। गहरी नींद से व्यक्ति तनाव रहित हो जाता है। हमें तब तक नींद नहीं आती है ,जब तक की दिमाग का दुनिया से सीधा नाता जुड़ा होता है, और दिमाग एवं देह दोनों ही हरकत में चलते रहते हैं। स्पष्ट है कि जब तक तनाव रहता है तब तक नींद नहीं आती और जहां विचार बिल्कुल खत्म हो जाते हैं तब नींद अचानक आ जाती है। इसलिए यह जरूरी है कि सोने के समय अपने चिंतन को बिल्कुल बंद कर देना चाहिये।

भागदौड़ की जिंदगी और काम का दबाव के कारण हर कोई व्यक्ति सही मात्रा में नींद नहीं ले पा रहा है। वही दुनिया में अमेरिका से लेकर भारत तक में बेहतर नींद के लिए सप्लीमेंट्स लेने वालों की संख्या बढ़ रही है। अमेरिका में रोग नियंत्रण केंद्र के अनुसार 18 प्रतिशत लोग बेहतरीन नींद लिए स्लिप सप्लीमेंट्री लेते हैं ,वहीं भारत में यह संख्या करीब 12 प्रतिशत है। जीवन शैली के बदलाव में सामान्य दवाओ ,प्राकृतिक उपचार, थैरेपी की तकनीकों के साथ लेने को स्लिप सप्लीमेंट कहते हैं। रात की बेहतरीन नींद ही शरीर को दिन भर काम करने की ऊर्जा प्रदान करती है। यह इम्यूनट सिस्टम को बेहतर बनाती है । तनाव घटाती है, मस्तिष्क के रूप में कार्य करने की क्षमता को बेहतर बनाती है । देखा गया भारतीय दुनिया भर में कम नींद लेने के मामले में दूसरे नंबर पर है । भारतीय ओसतन 7.1 घंटे की नींद लेते हैं जो की अच्छी सेहत के लिए निर्धारित 7 से 9 घंटे की नींद पर्याप्त होनी चाहिए । कम नींद के कारण की समस्या बनकर उभरती है।

एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार देश में स्लिप डिवोर्स का चलन तेजी से बढ़ रहा है। हालत यह है,कि अच्छी नींद और निरोगी काया के लिए 78 प्रतिशत भारतीय जोड़े अलग-अलग नींद का आनंद लेते हैं, सोने का विकल्प चुनते हैं । नींद की कमी गंभीर स्वास्थ्य जोखिम से जुड़ी है । इसमें मानसिक तनाव, खतरनाक ड्राइविंग प्रमुख है, नींद में बाधा डालने वाले कारणों में साथी का खराटें लेना ,तेज सांस लेना, बेचैनी असामान्य नींद का समय और बिस्तर पर लेकर स्क्रीन का उपयोग किया जाना ।वे लोग जो अलग-अलग सोने का विकल्प चुनते हैं। बेहतर नींद की गुणवत्ता और स्थिर या बेहतर रिश्तों की बात कहते हैं।

वैसे एक्सपर्ट का कहना है कि साथ सोने के भी फायदे हैं। यह ऑक्सीटोसिन (लव हारमोंस) को बढ़ाता है, जिससे तनाव के स्तर में कमी आती है। अमेरिकी डॉक्टर शिपर्स ने कहा "निद्रा का सबसे प्रमुख शत्रु है चिंता" अतः हमें चिंता रहित होकर सोना चाहिए। बिस्तर पर लेटने के पश्चात ना तो आने वाले कल के बारे में और नहीं दिनभर की कार्यकलापों के बारे में विचार करना चाहिए। लेटते ही बिजली के स्विच की भांति विचारों के स्विच को भी बंद कर देना चाहिए। नींद के लिए गोलियों का सेवन भी किया जाता है जो कि स्वास्थ्य के लिए बहुत नुकसानदेह होता है।

नींद सैकड़ों मर्ज की एक दवा, लेकिन आज तनाव और चिंता के दौर में नींद कहीं काफूर हो गई है और सुबह बड़ी बोझिल लगती है।

इसलिए आज हमें यह देखना है कि गहरी नींद में शरीर के अंग प्रत्यंग को आराम मिलता है ,खर्च हुई शक्ति पुनः प्राप्त होती है। गहरी नींद में श्वास गति धीमी होकर नाड़ी धीरे धीरे चलती है। मस्तिष्क में रक्त प्रवाह कम होकर स्पर्श और श्रवण शक्ति का लोप हो जाता है। नींद खुलने पर पहले श्रवण तत्पश्चात स्पर्श शक्ति लौटती है। नेपोलियन बोनापार्ट कम समय सोता था ,लेकिन गहरी नींद लेता था, बिस्तर पर जाते ही क्षण भर में वह निद्रा रानी की बाहों में समा जाता था,और वह जीवन भर निरोग रहा इसलिए गहरी नींद का आना बहुत आवश्यक है। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री विनस्टन चर्चिल दोपहर के खाने के बाद बिस्तर पर लेटकर छोटी सी नींद जरूर लेते थे ।

दोपहर की एक छोटी सी झपकी से सतर्कता एवं याददाश्त में अच्छा सुधार होता है। यह झपकी अधिकतम 30 मिनट का समय पर्याप्त है। अगर 30 मिनट से ज्यादा जबकि लेते हैं, तो आप गहरी नींद में चले जाते हैं, ऐसे में उठने के बाद तरोताजा महसूस होने के बजाय सुस्ती और शरीर में भारीपन लगेगा। यदि 1 घंटे से ज्यादा झपकी लेते हैं, तो डायबिटीज और हार्ट की गंभीर बीमारी के पनपने का भी खतरा होता है, इसके साथ ही लंबी झपकी को अल्जाइमर के खतरे को भी देखा गया। यह स्पष्ट है कि नियमित झपकी लेने वालों में दिल की बीमारी से मौत का खतरा 37 प्रतिशत कम होता है, जब आपकी झपकी 30 मिनट से अधिक नहीं होनी चाहिए।

विश्व में सबसे अधिक साधन संपन्न धनी राष्ट्र अमेरिका में लाखों लोगों को नींद नहीं आती है, यह लोग रोजाना नींद की दवाइयां खाकर बिस्तर पर जाते हैं। अन्य देशों के लोगों की भी लगभग ऐसी ही स्थिति है। नींद उम्र की अलग-अलग पड़ावो में कम ज्यादा होती रहती है, नवजात शिशु 24 घंटे में से 20 घंटे तक सोता है फिर क्रमशः नींद की आवश्यकता घटती जाती है। डॉक्टरों का कहना है कि एक स्वस्थ मनुष्य के लिए औसतन 6 से 7 घंटे की नींद पर्याप्त होती है। अनिद्रा के अतिरिक्त अधिक देर तक सोना भी आलस्य की निशानी है ,एवं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक भी है। नींद और भूख जितनी बड़ाओ उतनी बढ़ जाती है एवं जितनी घटाओ उतनी घट जाती है ,दोनों का एक जैसा स्वभाव है।



गहरी नींद से संपूर्ण शरीर को विश्रांति एवं उचित पोषण मिलता है। अत्याधिक शारीरिक एवं मानसिक श्रम के पश्चात खोई हुई शक्ति पाने के लिए गहरी नींद का झोंका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है इससे भी मस्तिष्क को पूरा पूरा आराम मिल जाता है और मन स्फूर्तिमय हो जाता है इसलिए सफर के दौरान ड्राइवर को पर्याप्त नींद लेना चाहिए अन्यथा हल्की झपकी आने से बहुत बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

नींद लाने की कुछ उपाय के पहले देखा जाए तो एक रात का जागरण घातक तो नहीं होता परंतु अगला दिन चिड़चिड़ाहट और थकान भरा होता है। लगातार दो-तीन दिनों तक जागते रहने से विचार करने की क्षमता भी समाप्त हो जाती है। यदि किसी भी व्यक्ति को जबरन अधिक दिनों तक जगाए रखा जाए तो उसकी मृत्यु तक हो सकती है इसलिए रेलवे ने ड्राइवरों व गार्ड के लिए देश के अनेकों स्टेशन पर विश्राम गृह बनाए हैं।

**अच्छी नींद लाने के उपाय- आपके स्वयं के पास ही उपलब्ध है:-**

पूर्व दिशा में सिर रखकर सोने से शांतिपूर्ण एवं सुखमय नींद आती है। दक्षिण दिशा में सिर रखकर सोने से धन एवं आयुष्य में वृद्धि होती है। रोजाना रात में जल्दी सोना एवं सुबह जल्दी उठना चाहिए। सोने के पूर्व किसी भी प्रकार के फालतू विचार नहीं करना चाहिए।

# सुबह एवं शाम दोनों समय भोजन करने का समय निश्चित होना चाहिए। शाम को सूर्यास्त के पूर्व भोजन करना अति उत्तम है एवं सोने से पूर्व दूध लेना अच्छी नींद के लिए आवश्यक है। सोने का कमरा स्वच्छ एवं हवादार होना चाहिए। रात को शरीर पर हल्के कपड़े पहनना चाहिये। नींद लेने के समय का निर्णय स्वयं करें अन्यथा कुंभकरण की नींद भी होती है। सोने से पहले शरीर की प्राकृतिक आवश्यकताओ जैसे शोच, मूत्र आदि से निपट लेना चाहिए अन्यथा बीच में उठने से नींद में व्यवधान उत्पन्न होता है। रात्रि में सोने से पूर्व ब्रश करना चाहिए एवं हाथ, पैर व मुंह धोकर सोना चाहिए। सोते समय हल्की आवाज में संगीत सुनने, हल्की-फुल्की कहानियां एवं कविता या पत्र-पत्रिका पढ़ने से भी नींद शीघ्र आती है। गहरी नींद के दुश्मन जेसे क्रोध, घ्रणा, चिंता, रोग, भय, अति प्रेम,अधिक भोजन, चाय-कॉफी, तंबाकू, सिगरेट, मसालेदार भोजन, अधिक प्रकाश आदि से बचना चाहिए। नियमित व्यायाम भी नींद लाने में सहायक होता है, प्रतिदिन नियमित व्यायाम के साथ सायं काल तीन-चार किलोमीटर टहलना चाहिए। पश्चिम की तरफ सिर करके सोने से चिंता आती है एवं उत्तर की तरफ सिर करके सोने से आयु का नाश होता है। बाई कर-वट लेकर सरल रेखा में लेटना सर्वोत्तम है इसमें श्वास नली सीधी रहती है एवं साथ ही ऑक्सीजन का संचार अच्छा होता है।

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# भेदभाव की दीवारें गिराने चले,भरोसे की नींव ही हिला दी



प्रो. आरके जैन अरिजीत

भारतीय उच्च शिक्षा व्यवस्था एक बार फिर ऐसे संवेदनशील चौराहे पर खड़ी है, जहाँ समानता, न्याय और सुरक्षा जैसे शब्दों के अर्थ को लेकर गहरी बहस छिड़ गई है। 13 जनवरी 2026 को यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन द्वारा अधिसूचित उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता संवर्धन विनियम को आधिकारिक रूप से जाति आधारित भेदभाव समाप्त करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया गया। आयोग का तर्क है कि पिछले पाँच वर्षों में जातिगत शिकायतों में 118.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और रोहित वेमुला तथा पायल तड़वी जैसे मामलों ने संस्थानों की संवेदनहीनता को उजागर किया है। इसी आधार पर हर विश्वविद्यालय और महाविद्यालय में समान अवसर केंद्र, समानता समिति, 24 घंटे की हेल्पलाइन और संस्थान प्रमुखों की सीधी जवाबदेही जैसे कड़े प्रावधान किए गए। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह व्यवस्था वास्तव में सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करेगी, या फिर समानता के नाम पर एक नई असमानता को जन्म देगी।

नए नियमों की मूल संरचना ही सबसे बड़ा विवाद बन गई है। जातिगत भेदभाव की परिभाषा लगभग पूरी तरह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग तक सीमित कर दी गई है। इसका सीधा अर्थ यह निकलता है कि सामान्य वर्ग के छात्र या शिक्षक यदि किसी प्रकार के भेदभाव का सामना करें, तो उनके लिए कोई स्पष्ट और समान तंत्र मौजूद नहीं है। पुराने 2012 के नियमों में झूठी शिकायतों पर दंड का प्रावधान था, जिसे नए नियमों में हटा दिया गया है, जिससे जांच प्रक्रिया में संतुलन बना रहता था। नए नियमों में इस प्रावधान को हटाना कई लोगों को चिंतित कर रहा है। आलोचकों का कहना है कि इससे शिकायतें न्याय का साधन कम और दबाव का हथियार अधिक बन सकती हैं।

समानता समिति में सामान्य वर्ग का अनिवार्य प्रतिनिधित्व न होना भी निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। यही कारण है कि कई लोग इसे संविधान में निहित समानता और न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध मान रहे हैं। यह असंतोष अब केवल अकादमिक बहस तक सीमित नहीं रहा, बल्कि राजनीतिक भूचाल में बदल गया है। उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के कई नेताओं और पदाधिकारियों ने खुलकर विरोध दर्ज कराया है। बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने इस्तीफा दिया, जिसमें उन्होंने यूजीसी नियमों को 'ब्लैक लॉ' करार देते हुए सामान्य वर्ग को असुरक्षित बताया और शंकराचार्य के साथ कथित दुर्व्यवहार का भी जिक्र किया; इसके बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने उन्हें अनुशासनहीनता के आरोप में सस्पेंड कर विभागीय जांच शुरू कर दी। लखनऊ में युवा मोर्चा और किसान मोर्चा के अनेक नेताओं सहित कई बीजेपी पदाधिकारियों ने सामूहिक इस्तीफा देकर पार्टी नेतृत्व को चेतावनी दी और सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की गईं। सामाजिक माध्यमों पर प्रसिद्ध हस्तियों की टिप्पणियों ने भावनात्मक स्वर को और तीखा कर दिया।

## शुक्रवार का राशिफल

**मेष** – लोगों के बीच हंसी खुशी का माहौल बना देंगे, खिलौने, लेडीज सूट साड़ी, वेबसाइट बनाना, बच्चों का स्कूल व्यवसाय चलेगा, विवाह के लिए देखने की रस्म सम्भव हैं। भाग्य प्रतिशत-74

**वृषभ** – वैवाहिक जीवन में वर्चस्व ना रखे,चिकित्सक दवा बदल सकता है, मन नहीं लगेगा,केटरिंग,डीजे, फूल, वीडियोग्राफी कार्य मिलेगा लेकिन विवाद सम्भव हैं। भाग्य प्रतिशत-52

**मिथुन** – पैतृक सम्पत्ति से आमदनी का जरिया बनेगा, पेट खराब रह सकता है, सोना, ट्यूशन, मेडिकल स्टोर कार्य में संघर्ष आएगा, पशु चिकित्सक व्यस्त रहेंगे। भाग्य प्रतिशत-53

**कर्क** – बौध्दिक कार्य करेंगे उसमें गतिशीलता भी आयेगी, अपना व्यवसाय करने की प्लानिंग सफल होगी, इंजिनियरिंग, मैनेजमेंट, पुलिस के क्षेत्र में खुद को साबित करना पड़ेगा। भाग्य प्रतिशत-57

**सिंह** – घर में तनाव कम होगा, लोन आदि के मसले को सुलझाना चाहेंगे, स्पोर्ट्स और राजनीति के क्षेत्र में नाम बढ़ेगा, विदेश जाना हो सकता हैं। भाग्य प्रतिशत-62

**कन्या** – नई जगह लोगों से मेलजोल होगा उन्हें जानेंगे मित्र बनेंगे, जो भी स्किल सीखी है वो काम आयेगी, अपनी मर्जी के व्यक्ति से विवाह करना चाहेंगे कुछ समझौते करने पड़ेंगे। भाग्य प्रतिशत-71

**तुला** – परिवार में खुशी आएगी, सम्पत्ति को लेकर परेशान रह सकते हैं, लीगल कार्यवाही करने का विचार बनेगा, मिठाई, कपड़े का व्यवसाय चलेगा। भाग्य प्रतिशत-56

**वृश्चिक** – जीवनसाथी से विवाद सुलझा सकते हैं, पार्टनरशिप में कार्य चलेगा, मन पहाड़ो वादियों में घूमने का करेगा, शिक्षा में आलस्य दूर करें। भाग्य प्रतिशत-59

**धनु** – जो भी विवाद होंगे उन्हें दूर करेंगे, संतान के करियर में उन्नति होगी उसका बाहर जाना हो सकता हैं, जीवन में कुछ नया करना चाहेंगे। भाग्य प्रतिशत-63

**मकर** – लोगों को अच्छी सलाह देंगे, खुद की उलझने खुद ही दूर करें, बहुत अधिक प्लान बनाने की जगह वर्तमान पर फोकस करें, ठंड से बचें।भाग्य प्रतिशत-55

**कुंभ** – काम की तारीफ होगी उत्साहित भी रहेंगे, नया घर या फ्लेट लेने का सपना पूरा हो सकता है, घर में महिलाओ का आना जाना होगा, मन शांत रहेगा। भाग्य प्रतिशत-64

**मीन** – लोगों से मदद मिलेगी तो आय भी होगी, किसी में खास दिलचस्पी बढ़ेगी, धार्मिक सलाह लेंगे तो उसे मानना शुरू करेंगे, भाग्य साथ देगा। भाग्य प्रतिशत-73



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# मुंह में नाम भगवान का और दिल में नफरत का जहर?



निर्मल रानी

पूरे देश को नफरत की आग में झोंकने की कोशिश में लगे अराजक तत्वों का एक और नफरती एजेंडा पिछले दिनों उस समय सामने आया जबकि गत 24 जनवरी को उत्तराखंड में राजधानी देहरादून के निकट मसूरी के बाला हींसार क्षेत्र में वाइनबर्ग एलेन स्कूल में स्थित सूफी संत फकीर व प्रसिद्ध कवि बाबा बुल्ले शाह की लगभग 100 वर्ष पुरानी मुख्य मजार सहित वहां मौजूद दो अन्य मजारों को भी कुछ अराजक तत्वों ने हथौड़े, सब्बल और लोहे की रॉड आदि का प्रयोग कर उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया।

इन अवांछित तत्वों ने वहां मौजूद कई धार्मिक ग्रंथों व पुस्तकों को फाड़ा। वहां मौजूद दानपेटी तोड़कर उसकी नकदी लूटी। बुल्ले शाह सहित अन्य कई संतों फकीरों के चित्र फाड़े। इतना ही नहीं बल्कि उस पवित्र परिसर में शौच कर इन आतताइयों ने अपने 'संस्कारों' का भी परिचय दिया। इस पूरे घटनाक्रम के संबंध में वायरल वीडीओ में सुनाई व दिखाई दे रहा है कि जिस समय यह उपद्रवी तोड़ फोड़ कर रहे थे उस समय वे अभद्र गालियाँ भी बक रहे थे साथ ही जय श्री राम व जय हनुमान के नारे भी लगा रहे थे। गोया साफ है कि यह उसी मानसिकता व उसी विचारधारा के मुट्ठी भर लोग थे जिन्होंने अपने ऐसे ही नफरती व विषाक्त एजेंडों से भारतीय समाज को बेचैन कर रखा है।

यहाँ एक बात यह भी काबिल -ए -गौर है कि उत्तराखंड में यह घटना उस दौरान घटी है जबकि राज्य में इन दिनों 19 वर्षीय रिसेप्शनिस्ट अंकिता भंडारी की हत्या को लेकर फिर से उबाल आया हुआ है। गौरतलब है कि अंकिता भंडारी की 18 सितंबर 2022 को उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित एक रिजॉर्ट में हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद उसके शव को चीला नहर में फेंक दे दिया गया था जो क्षत विक्षत अवस्था में सात दिन बाद बरामद हुआ था।

इस काण्ड में मुख्य आरोपी के रूप में आर एस एस व भाजपा से संबंध रखने वाले राज्य के पूर्व मंत्री विनोद आर्य के बेटे पुलकित आर्य के अतिरिक्त सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता के नाम हैं जिन पर अंकिता भंडारी से बलात्कार करने व बाद में उसकी हत्या किये जाने का आरोप है। पिछले दिनों इस मामले में एक बार फिर उस समय उबाल आ गया जब अंकिता को न्याय दिलाने की मांग करने वाले पत्रकार आशुतोष नेगी को उत्तराखंड पुलिस द्वारा गिरफ़्तार किया गया। इसके बाद श्रीनगर गढ़वाल में अंकिता के परिजनों ने धरना शुरू किया, सरकार के पुतले फूंके गए और सोशल मीडिया पर आक्रोश फैल गया और अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने हेतु देहरादून से दिल्ली तक प्रदर्शन होने लगे। यह मामला इन दिनों उत्तराखंड की सियासत में गरमाया हुआ है, जहां सरकार पर बड़े नेताओं को बचाने के आरोप लग रहे हैं। इसी संबंध में गत 11 जनवरी को उत्तराखंड बंद का आह्वान भी हुआ। राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 8 जनवरी 2026 को अंकिता भंडारी बलात्कार व हत्या मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश भी कर दी। इन परिस्थितियों में यह भी माना जा रहा है कि उत्तराखंड सरकार तथा संघ व भाजपा नेताओं के हत्या व बलात्कार के आरोपों के इसी कलंक से पीछा छुड़ाने की कोशिश के परिणामस्वरूप भी यह घिनौना खेल खेला जा सकता है। यानी अंकिता भंडारी मामले की ओर से जनता का ध्यान हटाने की गरज से ही देहरादून में बाबा बुल्ले शाह की मजार में तोड़फोड़ की गयी हो ?



रहा सवाल प्रसिद्ध पंजाबी सूफी संत और कवि बुल्ले शाह का, तो वे प्रायः कर्मकांडों की निष्फलता और प्रेम के महत्व को ही अपनी शायरी में व्यक्त किया करते थे। उनकी रचनाएँ सूफी दर्शन की मिसाल पेश करने के साथ साथ मानवता, एकता और भेदभाव के खंडन पर केंद्रित हैं। जिसमें बाहरी विद्या या रूढ़ियों के बजाय हृदय की भक्ति प्रधान थी। उनकी प्रमुख रचनाएँ काफियाँ हैं, जो मूलतः पंजाबी भाषा में होने के बावजूद सभी धर्मों में स्वीकृत हैं। बुल्ले शाह ने हमेशा रूह (आत्मा )को एक ही मानते हुये हमेशा ही हिंदू-मुस्लिम भेदभाव का विरोध किया। यही वजह है कि उनकी कविताएँ सूफीवाद की मूल भावना अर्थात एकेश्वरवाद, फकीरी व प्रेमपंथ को दशार्ती हैं,और निश्चित रूप से यही शिक्षा किसी इंसान को कट्टरपंथी सोच से बचाती हैं। यही वजह है कि कट्टरपंथियों को संतों व फकीरों की सद्भाव की भाषा और विचार पसंद नहीं आते। अन्यथा क्या वजह है कि इसी विषाक्त मानसिकता के लोग कभी मस्जिद में तोड़ फोड़ करते हैं तो कभी दरगाहों में, कभी चर्च पर हमला व तोड़फोड़ तो कभी बुद्ध, गाँधी व अंबेडकर जैसे महापुरुषों की मूर्ति खंडित करते हैं। यही उत्पाती लोग कभी मस्जिद के सामने भीड़ इकट्ठी कर शोर शराबा कर दूसरे समाज के लोगों को उकसाने का काम करते हैं तो कभी अपनी हिंसक गतिविधियों से किसी शांतिपूर्ण धार्मिक जुलूस को भी उपद्रवी भीड़ में बदल देते हैं। कभी धर्म या जाति देखकर इन्हीं नफरती उपद्रवियों की टोली किसी बेगुनाह व्यक्ति को पीट पीटकर मार देती है। बुल्ले शाह की ही तरह संत कबीर दास भी एक महान कवि व सुधारक थे जिनके प्राकट्य दिवस के अवसर पर 8 वर्ष पूर्व यानी 28 जून 2018 को प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तर प्रदेश में मगहर स्थित संत कबीर की समाधि स्थल पर पहुंचकर उनकी मजार पर चादर चढ़ाई थी और वहां अपना माथा टेका था। वहां मोदी ने कबीर की शिक्षाओं को याद करते हुये कहा भी था कि "संत कबीर जाति में विश्वास नहीं करते थे, वह मानते थे कि हर कोई बराबर है। हम कबीर के बुद्धिपरक संदेश को जनता तक ले जाएंगे और 'न्यू इंडिया' को आकार देंगे"।

# बीडीओ व सहायक विकास अधिकारी को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** विकास भवन के सभागार में मंडलीय उपनिदेशक मेरठ मंडल के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त खंड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत का एक दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला पंचायत राज अधिकारी शिव बिहारी शुक्ला द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।



गुरुवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को विभिन्न विषयों जिसमें स्वयं के आय के स्त्रोत,ग्राम पंचायत द्वारा स्वयं के स्त्रोत से राजस्व का सृजन, कर एवं गैर कर स्त्रोत,एसडब्लूओटी विश्लेषण स्वयं के स्त्रोत से राजस्व के संवर्धन की रणनीतियां ग्राम विकास के लिए स्वयं के स्त्रोत से राजस्व का उपयोग, तालाबों के पटे से आय,स्वच्छ जलापूर्ति से आय,कूड़ा एवं प्लास्टिक से आय एवं अंत में फैमिली आईडी जैसों विषयों पर वरिष्ठ फैकल्टी डॉ दीपक सिंह द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया।

# लोकप्रिय अस्पताल ने यूपी-एनसीआर की पहली अवेक बाईपास सर्जरी सफलतापूर्वक की

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**मेरठ ।** लोकप्रिय अस्पताल, मेरठ ने हृदय रोग उपचार के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए अवेक कोरोनरी आर्टरी बाईपास सर्जरी सफलता पूर्वक की। यह सर्जरी उत्तर प्रदेश और एनसीआर क्षेत्र में पहली बार की गई है। मरीज दिनेश (50 वर्ष, पुरुष) को सीने में दर्द की शिकायत के साथ अस्पताल में भर्ती किया गया था। जांच में हृदय की प्रमुख धमनियों में गंभीर रुकावट, हृदय की कार्यक्षमता लगभग 25%, तथा पुरानी फेफड़ों की बीमारी पाई गई, जिसके कारण सामान्य बेहोशी और वेंटिलेटर पर सर्जरी करना अत्यधिक जोखिमपूर्ण था। मरीज की जटिल स्थिति को देखते हुए लोकप्रिय अस्पताल की सीटीवीएस टीम ने थोरैसिक एपीड्यूरल एनेस्थीसिया के तहत बाईपास सर्जरी करने का निर्णय लिया। इस प्रक्रिया में मरीज पूरी तरह जागरूक रहा और बिना वेंटिलेटर के स्वयं सांस लेते हुए सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की गई। यह जटिल और अत्याधुनिक सर्जरी डॉ. अंकुर अग्रवाल (सी. टी. वी. एस. सर्जन) तथा डॉ. जगदीश जयानंदा (कार्डियक इंटेंसिविस्ट एवं एनेस्थेटिस्ट) एवं उनकी अनुभवी टीम द्वारा सफलतापूर्वक की गई। पूरी सर्जरी के दौरान मरीज की स्थिति स्थिर रही और पोस्ट-ऑपरेटिव रिकवरी संतोषजनक रही।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर लोकप्रिय अस्पताल के निदेशक डॉ. रोहित रविंद्र तथा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डॉ. परमजीत ने सर्जिकल व क्रिटिकल केयर टीम को उनके उत्कृष्ट कार्य, समन्वय और समर्पण के लिए हार्दिक बधाई दी।

यह उपलब्धि लोकप्रिय अस्पताल की उन्नत चिकित्सा तकनीक, विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम और मरीज-केंद्रित उपचार प्रणाली को दशार्ती है तथा यूपीझएनसीआर क्षेत्र में कार्डियक सर्जरी के क्षेत्र में एक नया मानक स्थापित करती है। लोकप्रिय अस्पताल निरंतर आधुनिक चिकित्सा सेवाओं के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा में नई ऊंचाइयां छू रहा है।

# पालि: भारत की शास्त्रीय भाषा विषयक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य एवं ऐतिहासिक समापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन पालि : भारत की शास्त्रीय भाषा - एशिया की सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ करने तथा पालि को वैश्विक विरासत की भाषा के रूप में स्थापित करने में भारत की भूमिका? यह सम्मेलन 28-29 जनवरी 2026 को आयोजित किया गया, जिसमें भारत सहित कोरिया, थाईलैंड, वियतनाम, म्यांमार, श्रीलंका, यूनाइटेड किंगडम (यूके), नीदरलैंड्स, भूटान, नेपाल तथा अन्य देशों से पधारे प्रतिष्ठित विद्वानों, बौद्ध भिक्षु-संघ, शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार द्वारा 3 अक्टूबर 2024 को पालि भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने के उपरांत उसके शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं वैश्विक महत्व पर गंभीर और बहुआयामी विमर्श करना था।

सम्मेलन के विभिन्न तकनीकी एवं अकादमिक सत्रों के दौरान देश-विदेश से आए प्रतिनिधियों द्वारा कुल 97 शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए। इन शोध-प्रस्तुतियों में पालि भाषा, बौद्ध दर्शन, त्रिपिटक परंपरा, बौद्ध संस्कृति, अनुवाद परंपरा, शिक्षा, भाषायी संरक्षण तथा समकालीन वैश्विक चुनौतियों के संदर्भ में तथागत बुद्ध के उपदेशों की प्रासंगिकता जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भारत को पालि और बौद्ध धर्म की जन्मभूमि बताते हुए इसे एशिया और विश्व के लिए बौद्धिक एवं सांस्कृतिक मार्गदर्शक केंद्र के रूप में स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया। सम्मेलन के समापन सत्र की अध्यक्षता माननीय श्री तरुणेश बौद्ध, सदस्य, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि पालि केवल एक प्राचीन भाषा नहीं, बल्कि भारत की बौद्धिक, नैतिक और करुणामयी परंपरा की जीवंत धारा है। उन्होंने बौद्ध धरोहरों के संरक्षण तथा पालि एवं बौद्ध अध्ययन को बढ़ावा देने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की विशेष सराहना की।



सम्मेलन के मुख्य अतिथि माननीय श्री जयवीर सिंह, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार, ने वीडियो संदेश के माध्यम से अपना समापन संबोधन दिया, जिसे संस्कृति विभाग के प्रतिनिधि द्वारा औपचारिक रूप से प्रस्तुत किया गया। अपने संदेश में माननीय मंत्री ने कहा कि पालि को शास्त्रीय भाषा का दर्जा मिलना भारत की बौद्धिक विरासत और बौद्ध संस्कृति के पुनरुत्थान की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश–सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती और कपिलवस्तु जैसे विश्वविख्यात बौद्ध तीर्थ स्थलों की भूमि–भारत को वैश्विक बौद्ध संस्कृति, अध्ययन और पर्यटन के केंद्र के रूप में स्थापित करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

समापन सत्र में माननीय डॉ. शाल्य राज, सीईओ, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय ने कहा कि यह सम्मेलन केवल एक अकादमिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा को वैश्विक विमर्श से जोड़ने का सशक्त प्रयास है। उन्होंने पालि भाषा में निहित बौद्ध दर्शन को आज के वैश्विक संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक बताया।

सम्मेलन का मुख्य वक्तव्य प्रो. बिमलेन्द्र कुमार, पूर्व विभागाध्यक्ष, पालि एवं बौद्ध अध्ययन विभाग, काशी हिंदू विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने पालि एवं बौद्ध अध्ययन के संवर्धन हेतु राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय संस्थान/विश्वविद्यालय की स्थापना, छात्रवृत्तियों के विस्तार तथा पालि ग्रंथों के अनुवाद एवं शोध परियोजनाओं पर विशेष बल दिया। अपने समापन संबोधन में माननीय डॉ. स्तुति नारायण कक्कड़, कुलाधिपति, सुभारती विश्वविद्यालय ने कहा कि यह सम्मेलन भारतीय ज्ञान परंपरा को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राकेश सिंह, निदेशक, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# शिक्षक ही भारत का पुराना गौरव उसको वापस दिला सकते हैं : महेन्द्र

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से सम्बद्ध राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में ब्रज और मेरठ प्रांत का दो दिवसीय संयुक्त प्रांतीय अभ्यास वर्ग मथुरा के

**शिक्षकों की समस्याओं के समाधान, राष्ट्रहित के संकल्प के साथ राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का अभ्यास वर्ग संपन्न**

फरह स्थित हिंदुस्तान इंजीनियरिंग कॉलेज में 24- 25 जनवरी को महेंद्र कुमार (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष - अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ) के सानिध्य, शिवशंकर सिंह (प्रदेशाध्यक्ष - राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश) के नेतृत्व व श्री प्रदीप तिवारी (प्रदेश महामंत्री - राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश) के कुशल संचालन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के 27 जनपदों से लगभग 250 शिक्षक प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।



अभ्यास वर्ग का शुभारंभ राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी महेंद्र कुमार,जिला पंचायत अध्यक्ष मथुरा किशन सिंह चौधरी, वरिष्ठ समाजसेवी शोभारामराम शर्मा, शारदा ग्रुप से मनीष गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर सिंह, और वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. कमल कौशिक ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में महेंद्र कुमार ने चार अलग अलग सत्रों में संगठन की विचारधारा, रीति नीति, कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों को उनके कर्तव्यों और सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षक समाज में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के ध्वजवाहक हैं। शिक्षक ही भारत का पुराना गौरव उसको वापस दिला सकते हैं। प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर सिंह ने बताया कि महासंघ शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए सरकार के साथ निरंतर संपर्क में है।

अभ्यास वर्ग के समापन पर महासंघ ने शिक्षकों की मांगों को पुरजोर तरीके से शासन के समक्ष रखने का निर्णय लिया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री महेंद्र कुमार ने जानकारी दी कि संगठन के प्रयास से 2004 की नियुक्ति वाले शिक्षकों को पुरानी पेंशन मिलने जा रही है। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषणा उस दायरे में आने वाले शिक्षकों के लिए सहमति दे दी थी। जो अड़चन आ रही है, उसे दूर कराया जायेगा।

अभ्यास वर्ग में जनपद हापुड़ से जिलाध्यक्ष अशोक कश्यप,जिला महामंत्री आदर्श गोयल, जिला कोषाध्यक्ष संजय सक्सेना ने प्रतिभाग किया।

# शब-ए-बारात व गुरु रविदास जयंती को लेकर सरधना में पुलिस अलर्ट, एसपी देहात ने किया पैदल गश्त व लोगों के साथ की बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** आगामी शब-ए-बारात पर्व और गुरु रविदास जयंती को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में बुधवार को पुलिस अधीक्षक देहात ने सरधना क्षेत्र में संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक की।बैठक में एसपी देहात अभिजीत कुमार सरधना सीओ आशुतोष कुमार और थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रताप सिंह की मौजूदगी में लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और शांति व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अफवाह या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।बैठक के बाद एसपी देहात अभिजीत कुमार ने पुलिस बल के साथ सरधना थाना क्षेत्र में पैदल गश्त की। इस दौरान बाजारों, संवेदनशील स्थानों और प्रमुख मार्गों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने आम लोगों से बातचीत कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा भी दिलाया।पुलिस प्रशासन का कहना है कि पर्वों के दौरान लगातार गश्त, निगरानी और जरूरी सुरक्षा इंतजाम किए जाएंगे, ताकि दोनों पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जा सकें। इस दौरान समर कुरैशी,शाहवेज अंसारी,नदीम कुरैशी, मुख़्तार खान आदि मौजूद रहें।





# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत वेंक्टेश्वरा में निःशुल्क नेत्र जांच व स्वास्थ्य शिविर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर वेंक्टेश्वरा समूह के मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल विम्स और एनएचएआई के संयुक्त तत्वावधान में मेरठ और मुरादाबाद मंडल के चार टोल प्लाजा पर निःशुल्क नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 400 से अधिक बस, ट्रक, ऑटो और टैंपो चालकों की आंखों की जांच की गई और उन्हें निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, भारतीय सड़क ब्यूरो के वरिष्ठ प्रबंधक ललित मोहन तिवारी, एनएचएआई मैनेजर जयवर्द्धन सिंह सहित अन्य अतिथियों ने फीता काटकर किया।वेंक्टेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने इसे सरकार की सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि अगले एक माह तक वेंक्टेश्वरा संस्थान के छात्र-छात्राएं मेरठ और मुरादाबाद मंडल में दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने और चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूकता अभियान चलाएंगे।डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, आंखों की जांच और नशे में वाहन न चलाने से देश में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली लाखों मौतों को रोका जा सकता है। इस अवसर पर नेत्र रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. किशोर गोवेकर सहित कई चिकित्सक, अस्पताल प्रशासन, टोल प्लाजा अधिकारी और पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



## बंगाल विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कोलकाता में अहम बैठक, एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज आमंत्रित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**मेरठ।** बंगाल विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर आज कोलकाता स्थित नेशनल लाइब्रेरी में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक में चुनावी रणनीति, संगठन की मजबूती और आगामी जिम्मेदारियों को लेकर चर्चा होगी। साथ ही बंगाल प्रभारी की घोषणा पर भी विचार किया जाएगा।इस अहम बैठक में मेरठ से विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र भारद्वाज को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। पार्टी संगठन में उनके अनुभव और सक्रिय भूमिका को देखते हुए उन्हें इस उच्चस्तरीय बैठक में शामिल किया गया है। बैठक को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय संगठन के प्रमुख रणनीतिकार सुनील बंसल संबोधित करेंगे।

# संत रविदास जयंती पर मेरठ रेंज में अलर्ट, 1300 से ज्यादा पुलिसकर्मी सुरक्षा में तैनात

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** संत रविदास जयंती के अवसर पर मेरठ रेंज में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक पुलिस व्यवस्था की गई है। इस दौरान 20 राजपत्रित अधिकारियों समेत कुल 1305 पुलिसकर्मी

**53 शोभायात्राएं, 85 भंडारे और कड़ा पहरा–मेरठ रेंज में रविदास जयंती की तैयारी पूरी**

सुरक्षा ड्यूटी में तैनात रहेंगे।डीआईजी मेरठ रेंज कलानिधि नैथानी ने बताया कि संत रविदास जयंती 1 और 2 फरवरी 2026 को मनाई जाएगी। इसे लेकर रेंज के सभी जनपदों में सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा कर जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।मेरठ रेंज के अंतर्गत कुल 53 शोभायात्राएं प्रस्तावित हैं। इनमें मेरठ में 27, बुलंदशहर में 6, बागपत में 18 और हापुड़ में 2 शोभायात्राएं निकाली जाएंगी। वहीं 16 संवेदनशील स्थानों को चिन्हित किया गया है, जिन पर विशेष नजर रखी जाएगी। इसके अलावा 85 भंडारा और प्रसाद वितरण कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। मेरठ में 35, बुलंदशहर में 14, बागपत में 28 और हापुड़ में 8 कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। सभी जनपदों में अब तक 91 पीस कमेटी और शांति समिति की बैठकें भी आयोजित की जा चुकी हैं।डीआईजी कलानिधि नैथानी ने निर्देश दिए हैं कि शोभायात्रा मार्गों और कार्यक्रम स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहे, संवेदनशील इलाकों में लगातार पैदल गश्त और मोबाइल पेट्रोलिंग की जाए। साथ ही सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी, ताकि किसी भी भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।



उन्होंने यह भी कहा कि महिला, बुजुर्ग और बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए और किसी भी घटना पर पुलिस तुरंत कार्रवाई करे। सभी अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि संत रविदास जयंती के सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकें।

**आरोप** — शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं, अवैध टेंपो चालकों से परेशान लोग

# अवैध टेंपो स्टैंड से त्रस्त कॉलोनीवासी, पुलिस पर मिलीभगत के गंभीर आरोप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सरधना।** महाराणा प्रताप नगर, अमन कॉलोनी और लोकप्रिय कॉलेज रोड स्थित देवी मंदिर के पास अवैध रूप से संचालित टेंपो स्टैंड को लेकर कॉलोनीवासियों में भारी रोष है। स्थानीय लोगों ने एक बार फिर हंगामा करते हुए पुलिस पर टेंपो चालकों से मिलीभगत का आरोप लगाया है।कॉलोनीवासियों का कहना है कि देवी मंदिर के पास मुख्य मार्ग पर डग्गामार टेंपो खड़े कर सवारियां भरी जाती हैं, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है। इस कारण लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है और कई बार विवाद भी हो चुका है। थाने में कई बार शिकायत देने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।निवासियों ने बताया कि कुछ टेंपो चालक नशे के आदी हैं और कॉलोनी से गुजरने वाली महिलाओं को गलत नजरों से देखते हैं।



गाली-गलौच और झगड़े की घटनाएं आम हो गई हैं। इसके अलावा अवैध टेंपो चालक गंदगी भी फैलाते हैं। अधिकांश टेंपो बिना पूरे कागजात, फिटनेस और रखरखाव के चल रहे हैं।कॉलोनीवासियों का आरोप है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अवैध टेंपो संचालन पर रोक लगाने के आदेश दिए गए हैं, लेकिन यहां खुलेआम उन आदेशों की अनदेखी की जा रही है। टेंपो चालकों को हटाने के लिए कहने पर वे झगड़ा करने लगते हैं।इस संबंध में बड़ी संख्या में कॉलोनीवासियों ने शिकायत दर्ज कराई है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे थाने पर धरना देंगे और एसएसपी मेरठ से शिकायत करेंगे।इस दौरान अंकुर गुप्ता प्रमोद विश्वकर्मा रिहान मलिक अंकित शर्मा कपिल ठाकुर ऊषा सक्सैना संजीव कुमार गीता देवी मोहित ठाकुर विकास सम अशोक कुमार डॉक्टर रणवीर सिंह प्रतीक सिंह विक्रांत शर्मा चेतन सक्सेना मौजूद रहें।

# शहरी सुविधाओं के लिए विकास शुल्क प्रणाली में संशोधन,इन्फ्रास्ट्रक्चर को मिलेगा मजबूत फंड

**बुलद संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के शहरी इलाकों में सड़कों, खाली पड़े स्थानों, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, बुनियादी तथा अन्य जन सुविधाओं के विकास के लिए प्रदेश सरकार ने अहम फैसला लिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में शहरी क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए विकास शुल्क की संशोधित प्रणाली लागू करने और इससे जुड़ी नियमावली में संशोधन को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास नियमावली-2014 (यथा संशोधित 2021) में बदलाव के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी है। इस फैसले से शहरी विकास के लिए जरूरी वित्तीय संसाधन अधिक प्रभावी ढंग से उपलब्ध हो सकेंगे। संशोधित विकास शुल्क प्रणाली से विकास प्राधिकरणों को अपनी विकास परियोजनाओं और अन्य नागरिक सुविधाओं के विकास के लिए स्थायी वित्तीय संसाधन मिलते रहेंगे। इससे शहरी इलाकों में बुनियादी ढांचे के निर्माण और विस्तार को गति मिलेगी।

**सुनियोजित विकास से होगा रोजगार सृजन, इस फैसले से प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ेगी और सुनियोजित शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा**

इस फैसले से प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ेगी और सुनियोजित शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही निर्माण व विकास गतिविधियों में तेजी आने से रोजगार सृजन की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। यह निर्णय शहरों को बेहतर, व्यवस्थित और रहने योग्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# भारतीय किसान यूनियन का प्रदूषित जल और अशुद्ध पर्यावरण के विरुद्ध धरने का चालीसवां दिन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला (डा.महताब अमरोहवी)।** जिले के गजरौला क्षेत्र में दूषित जल और औद्योगिक प्रदूषण के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर चल रहे धरने ने आज 40वां दिन पूरा कर लिया। यह धरना मुख्य रूप से

**क्या गजरौला के पति पत्नी की मौत इस प्रदूषण से हुई है?**

नाईपुरा गांव के समीप शहबाजपुर डोर (नेशनल हाईवे-9 के किनारे) में जारी है, जहां रासायनिक कारखानों से निकलने वाले जहरीले अपशिष्ट ने भूजल को दूषित कर दिया है। भारतीय किसान यूनियन (संयुक्त मोर्चा )के राष्ट्रिय अध्यक्ष नरेश चौधरी तथा स्थानीय निवासियों के अनुसार, प्रदूषित पानी से पीला और बदबूदार हो गया है, जिसके कारण गंभीर बीमारियां फैल रही हैं। हाल ही में बिजनौर जिले के लुहारपुरा निवासी मजदूर दंपति नीटू (45) और उनकी पत्नी सपना (39) की रहस्यमयी बीमारी से मौत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। दोनों गजरौला में मजदूरी करते थे और किराए के मकान में रहते थे। पहले पत्नी ने दम तोड़ा, फिर मेरठ में इलाज के दौरान पति की सांसें थम गईं। मात्र दस मिनट के अंतराल में हुई यह दोहरी मौत ने सामाजिक असमानता और पर्यावरणीय उपेक्षा को उजागर किया। दोनों की एक साथ अंतिम यात्रा निकली।भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) संयुक्त मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष रामकृष्ण चौहान ने बयान में कहा कि उदारीकरण के नाम पर अपनाए गए पूंजीवादी मॉडल का "ट्रिकल-डाउन" सिद्धांत पूरी तरह विफल साबित हुआ है। जल-जंगल-जमीन में जहर घोलने और उनके संरक्षण दाता ऊपर वालों की संपत्ति बढ़ी, लेकिन नीचे केवल बीमारियां और मौतें पहुंचीं। बड़े उद्योगों को कर छूट और सब्सिडी मिलती हैं, जबकि किसानों की कर्ज माफी को "रेवड़ी" कहकर अपमानित किया जाता है। अल्पसंख्यक मोर्चा प्रभारी एहसान अली ने विकास को केवल




जीडीपी से नहीं, बल्कि संपत्ति वितरण और पर्यावरण संरक्षण से मापने की मांग की। गौरतलब है कि डीएम निधि गुप्ता वत्स द्वारा एक हफ्ते में मिट्टी- पानी के नमूनों की रिपोर्ट सार्वजनिक करने और विधिक कार्रवाई को अधूरा बताते हुए आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। प्रदूषण से प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य संकट गहरा रहा है, जबकि औद्योगिक विकास के नाम पर जल- जंगल- ?जमीन का दोहन जारी है।राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की पंक्तियां यहां सटीक बैठती हैं "समर शेष है नहीं पाप का भागी व्याध, जो तटस्थ हैं समय लिखेगा उनके भी अपराध।" जिम्मेदारों क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की चुप्पी अब और सहन नहीं होगी। धरना स्थल पर प्रशासन से तत्काल समाधान की मांग पर जोर दिया गया, अन्यथा आंदोलन और विस्तार ले सकता है। आज के धरने पर मुख्य रूप से नाजमा खान, नीतू रानी, संतोष देवी, राजमणि देवी, राजवंती गुड्डी,दयाबती, ओम प्रकाश सिंह, दिलशाद सलमानी, होमपाल सिंह, समरपाल सैनी, अरशद अली, विजय सिंह, मोनू सिंह, फहीम सलमानी, विजय सिंह समेत सैकड़ों पुरुष एवं महिला किसानों की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

# सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर जताया हर्ष,जातियों में खाई पैदा ना करे यूजीसी: अनंत अग्रवाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (दानिश अली)।** गुरुवार को यूजीसी एक्ट 2026 पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाने के निर्णय का भाव भरा स्वागत किया गया। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई और विरोध करने के आगे के कार्यक्रम निरस्त किए गए। हिंदू जागृति मंच की बैठक रामविहार कॉलोनी में अनंत अग्रवाल के निवास पर संपन्न हुई जिसमें वक्ताओं ने यूजीसी एक्ट 2026 के क्रियान्वयन पर तुरंत रोक लगाने के निर्णय पर हर्ष जताया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अनंत कुमार अग्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को अगड़ी पिछड़ी जातियों में खाई पैदा करने से बाज आना चाहिए। सर्व समाज हिंदुत्व के लिए अपना तन मन धन खपा रहा है ऐसे में हिंदू एकता सर्वोपरि रखकर सर्व समाज को एक रखना होगा। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि यदि किसी कारणवश अगड़ी पिछड़ी जातियों में भेदभाव करके सवर्ण समाज को कमजोर बनाया गया तो इसके लिए जो कुछ भी करना पड़ेगा सवर्ण समाज हर समय तैयार रहेगा। उन्होंने बताया



कि हिंदू जागृति मंच ने यूजीसी एक्ट 2026 का विरोध करने के लिए प्रतिदिन के कार्यक्रम निश्चित किए थे लेकिन सुप्रीम कोर्ट द्वारा संज्ञान लेकर निर्णय पर रोक लगाई। इसलिए सभी विरोध कार्यक्रम निरस्त किए जा रहे हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देते हुए आभार जताया। हर्ष गुप्ता ने प्रसिद्ध अधिवक्ता एवं समाजसेवी विष्णु शंकर जैन की सकारात्मक भूमिका का स्वागत करते हुए अभिनंदन करते हुए उन्हें महोत्सव आयोजित करके सम्मानित करने का प्रस्ताव रखा। अतुल कुमार शर्मा, सुबोध कुमार गुप्ता, हर्ष गुप्ता, अरुण कुमार अग्रवाल, वैभव गुप्ता, पंकज सांख्यधर, साहिल गांधी, वीरेंद्र सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूजीसी एक्ट 2026 पर रोक लगाने के निर्णय का स्वागत किया। सभी सदस्यों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त की और सुप्रीम कोर्ट के प्रति विशेष सम्मान एवं आभार व्यक्त किया। बैठक की अध्यक्षता अनंत कुमार अग्रवाल ने की संचालन विनय शुक्ला ने किया।

**यूजीसी एक्ट को लेकर पूरे जनपद में भारी विरोध प्रदर्शन**

# यूजीसी एक्ट के विरुद्ध स्वर्णो ने निकाला जुलूस,फूंका पुतला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** पंवासा विकासखंड पंवासा के बहजोई थाना क्षेत्र के पवांसा में स्वर्ण समाज के द्वारा यूजीसी एक्ट को काला कानून बताते हुए उसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर गांव में जुलुस निकाला । पूर्वाग्रह से प्रेरित है, ।जिससे शिक्षा के क्षेत्र में राजनीतिक जातिगत द्वेष को बढ़ावा मिल रहा है।, जबकि शिक्षा व्यवस्था में छात्रों और शिक्षकों का मूल्यांकन केवल योग्यता, परिश्रम और नैतिकता के आधार पर होना चाहिए। कई प्रदेशों के उच्च न्यायालयों द्वारा एससी-एसटी एक्ट के दुरुपयोग को पुतला फूंक कर रोष जताया। और मांग की कि यूजीसी सहित आरक्षण ,एसटी एससी एक्ट शीघ्र समाप्त किए जाएं। नहीं तो वह दिन दूर नहीं देश में विद्रोह पनप जाएगा। जनता पाखंडी सरकार के विरुद्ध सड़कों पर उतरकर विद्रोह करने पर मजबूर हो जाएगी। भारत का हाल भी नेपाल और बांग्लादेश की



जोकि संतोषी माता मंदिर के परिसर में समाप्त हुआ। सवर्ण समाज के लोगों ने काले कानून पुतला फूंक कर रोष व्यक्त किया। वहीं कार्यकताओं ने योगी सरकार के समर्थन में और केंद्र सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की। सवर्णों का कहना है कि यूजीसी एक्ट के लागू होने से सामान्य वर्ग में भारी आक्रोश है और यदि इस कानून को वापस नहीं लिया गया तो शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है और अपराध भी बढ़ने लगेंगे। सवर्ण समाज ने आरोप लगाया है कि यूजीसी एक्ट का नया नियम सवर्णों के प्रति नकारात्मक सोच और जातिवादी लेकर टिप्पणियां की जा चुकी हैं और इसी तरह यूजीसी एक्ट के तहत यदि सामान्य वर्ग पर की गई शिकायत गलत पाई जाती है तो शिकायतकर्ता के विरुद्ध किसी प्रकार की कार्रवाई का प्रावधान नहीं है,जो न्यायसंगत नहीं है। जिसको लेकर बृहस्पतिवार को सवर्ण के लोगों ने स्वर्ण होना अभिशाप है, क्या स्वर्ण आतंकवादी है,स्वर्ण होना पाप है, मोदी जी यूजीसी बिल बापस लो आदि स्लोगन लिखे तख्ती लेकर काले कानून के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला और संतोषी माता मंदिर के परिसर में केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे काले कानून का तरह होगा। वक्ताओं ने कहा एक तरफ मोदी सरकार हिंदू एकता की बात करती है दूसरी तरफ जातियों में वाटकर भारत का सर्वनाश करने पर तुली हुई है। इस मौके पर डाक्टर त्रुभवन सिंह,देवांशु राघव,रामबीर सिंह,नीटू राघव,श्यामचरण सिंह, प्रवीण सिंह राघव,जयदीप राघव, आनंद राघव,जय विक्रांत राघव, विद्याराम यादव,पुष्पेंद्र राघव,प्रेमपाल यादव, पूरन राघव, शुभम राघव,मनोज राघव, रतीस राघव,गौरव पाठक,रवि मिश्रा, सुमित चौधरी,सुमित राघव, अजय पाल सिंह, पंकज शर्मा आदि सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

# सोना-चांदी के दाम बढ़ने से सर्राफा व्यापारियों पर बढ़ा दबाव, एसोसिएशन ने कोतवाली प्रभारी से की सुरक्षा की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** हाल के दिनों में सोना-चांदी के दामों में आई तेज बढ़ोतरी के चलते सरार्फा कारोबार से जुड़े व्यापारियों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी को लेकर सर्राफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने एक ज्ञापन कोतवाली प्रभारी को सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

ज्ञापन में बताया गया कि सोना-चांदी के दामों में अचानक हुई वृद्धि के कारण पुराने आभूषणों को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है। पूर्व में जिन ग्राहकों ने अपने आभूषण गिरवी रखे थे अथवा बेच दिए थे, वे अब वर्तमान बढ़े हुए दामों के आधार पर अनुचित दबाव बना रहे हैं। कई मामलों में रिश्तेदारों के साथ आकर सरार्फा व्यापारियों को धमकाने की शिकायत भी सामने आई है, जिससे व्यापारियों में भय का माहौल बना हुआ है।



एसोसिएशन ने बताया कि कुछ ग्राहक न तो पहले किसी प्रकार का ब्याज देते थे और न ही समय पर संपर्क में रहते थे, लेकिन दाम बढ़ने के बाद अब बेवजह विवाद खड़े कर रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में सरार्फा व्यापारियों को जान-माल के नुकसान की आशंका बनी हुई है।

सरार्फा एसोसिएशन ने कोतवाली प्रभारी से मांग की कि इस प्रकार की झूठी व अनुचित शिकायतों पर उचित कार्रवाई की जाए तथा व्यापारियों को आवश्यक सुरक्षा प्रदान की जाए, ताकि वे मानसिक उत्पीड़न से बच सकें और अपना व्यापार सुचारु रूप से कर सकें। इस दौरान कोतवाली प्रभारी ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें उचित कार्रवाई व सुरक्षा का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में राजेश बिंदल, पुनीत अग्रवाल, दीप गोयल, विक्की रस्तोगी, मोनू सर्राफ, विशाल अग्रवाल, विकास अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, सचिन अग्रवाल, नन्दू अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, संदीप अग्रवाल सहित अन्य सरार्फा व्यापारी उपस्थित रहे।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत छात्राओं को मिला आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी/संभल।** जिलाधिकारी के निदेर्शों के क्रम में जनपद संभल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिकाओं को आत्मनिर्भर एवं सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को दिनांक 29 जनवरी को चंदौसी क्षेत्र स्थित सरोजिनी नायडू जूनियर हाई स्कूल एवं नेहरू कंपोजिट जूनियर हाई स्कूल में अध्ययनरत छात्राओं को आत्मरक्षा का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा आत्मविश्वास विकसित करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को संभावित खतरों से निपटने के लिए एल्बो अटैक, पाम अटैक एवं अपर पंच जैसी आत्मरक्षा तकनीकों का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों सुरेश कुमार, संतराम, ब्रजेश एवं पूर्वी द्वारा दिया गया, जिन्होंने छात्राओं को सरल एवं प्रभावी तरीकों से आत्मरक्षा के गुर सिखाए।



इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्र भूषण ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जनपद के जूनियर हाई स्कूलों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में निरंतर आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिससे बालिकाएं मानसिक व शारीरिक रूप से सशक्त बन सकें।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के साथ-साथ छात्राओं को सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के हितार्थ संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी जा रही है। इनमें प्रमुख रूप से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सहित अन्य योजनाएं शामिल हैं।

इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पात्र बालिकाओं को योजनाओं की समुचित जानकारी मिले और वे इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ एवं संबंधित विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। छात्राओं ने आत्मरक्षा प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# हरियाना की टीम ने जीता फाइनल मुकाबला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** काजीपुरा क्रिकेट प्रीमियर लीग के मैच में फाइनल मुकाबला



हरियाना और गुरैर की टीमों के बीच खेला गया । हरियाना की टीम ने 8 विकेट से फाइनल मुकाबला जीता हरियाना की ओर से मोहम्मद नईम सैफी ने 115 रन एवं दो विकेट लिए मोहम्मद नईम को मैन ऑफ द मैच दिया गया टॉस हरियाना टीम के कप्तान तारिक अली ने जीता ने और पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया गुरैर की टीम ने



10 ओवर चार विकेट के नुकसान पर 152 गुरैर की ओर से मेराज ने 86 रन बनाए आज के मैच के मुख्य अतिथि लियाकत खान रहे।

# घरेलू तनाव से आहत 17 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** नगर से सटे एक गांव में बीते बुधवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां घरेलू तनाव से आहत 17 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है। बताया गया कि किशोरी के पिता का निधन पहले ही हो चुका था, जबकि उसकी मां बचपन में ही घर छोड़कर चली गई थी। इसके बाद से वह अपने दो भाइयों और भाभी के साथ रह रही थी। पड़ोसियों के अनुसार, घर की जिम्मेदारियों और पारिवारिक परिस्थितियों के चलते वह पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। बुधवार को दिन में किसी समय किशोरी ने घर के एक कमरे में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

काफी देर तक जब वह नजर नहीं आई तो परिजनों और आसपास के लोगों को अनहोनी की आशंका हुई। कमरे में जाकर देखा तो किशोरी को फंदे से लटका देख सभी स्तब्ध रह गए। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। आसपास के लोगों का कहना है कि किशोरी शांत स्वभाव की थी और कम बोलती थी। उसकी असमय मौत से हर कोई दुखी है।

# एटीएम में चोरी की कोशिश का आरोपी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** 27 जनवरी 2026 को वादी दीपांशु कश्यप पुत्र संजीव कुमार कश्यप, निवासी कैथल



गेट कच्चा कटरा, द्वारा थाने में सूचना दी गई कि संभल गेट स्थित इंडियन-1 एटीएम की कैश डिस्पेंसरी में स्टील की पत्ती लगाकर नकदी आहरण को अवरुद्ध करने के उद्देश्य से चोरी का प्रयास किया गया। उक्त मामले में मु0अ0सं0 0028/2026 धारा 305 बीएनएस पंजीकृत किया गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहचान होने के बाद पुलिस द्वारा 28 जनवरी को अभियुक्त आदित्य, निवासी लंढौरा, जनपद हरिद्वार (उत्तराखंड), को जीरो पाइंट से बहजोई मार्ग से गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# मनौटा गाँव में बंदरों का आतंक: छत से गिरकर 8 वर्षीय मासूम गंभीर रूप से घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**असमोली (संभल)।** जनपद के थाना असमोली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव मनौटा में बंदरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा घटनाक्रम में, बंदरों के हमले से बचने के प्रयास में एक 8 वर्षीय बालिका छत से नीचे गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई है। जानकारी के अनुसार, गाँव निवासी गुड्डू की 8 वर्षीय पुत्री प्राची अपने घर की छत पर मौजूद थी। इसी दौरान बंदरों के एक झुंड ने अचानक बालिका पर हमला बोल दिया। बंदरों को अपनी ओर हमलावर होते देख मासूम प्राची घबरा गई और खुद को बचाने के प्रयास में भागते समय अनियंत्रित होकर छत से नीचे गिर पड़ी।

ऊंचाई से गिरने के कारण प्राची को शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुँचे परिजनों और ग्रामीणों ने आनन-फानन में घायल बालिका को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उसका उपचार चल रहा है। ग्रामीणों में रोष गाँव में बंदरों के बढ़ते आतंक को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि:आए दिन बंदर बच्चों और बुजुर्गों को अपना निशाना बना रहे हैं।छतों पर जाना और बच्चों का घर से बाहर निकलना दूभर हो गया है।

**आयोजन** — इस मौके पर विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की

# मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में किया गया सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (मौहम्मद अब्बास)।** गुरुवार को नगर के संम्भल बेहजोई मार्ग स्थित मिशन इंटरनेशनल एकेडमी सीनियर सेकेंड्री स्कूल, में सीबीएसई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, देहरादून के तत्वावधान में एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम (Capacity Building Programme) का सफल एवं प्रभावशाली आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय ह्ललर्निंग आउटकम्स एंड पेडागॉजीह्व रहा, जिसका उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण दृष्टिकोण, प्रभावी अधिगम परिणामों तथा नवीन शिक्षण विधियों से अवगत कराना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य विल्सन राजन के स्वागत संबोधन द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए आमंत्रित रिसोर्स पर्सन डॉ. रीता



शर्मा एवं सुश्री निधि कौशिक का परिचय करा कर स्वागत किया। प्रोग्राम समन्वयक जिया उल्लाह खान ने सभी शिक्षकों का स्वागत किया। एकेडमिक कोऑर्डिनेटर फैजान अली ने सभी शिक्षकों को बताया कि कार्यक्रम दो भागों में विभाजित है प्रथम भाग डॉक्टर रितु शर्मा के द्वारा और द्वितीय भाग निधि कौशिक जी के द्वारा आयोजित किया जाएगा। प्रधानाचार्य विल्सन राजन ने कार्यक्रम के उद्देश्य बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण दृष्टिकोण, प्रभावी अधिगम परिणामों तथा नवीन शिक्षण विधियों से अवगत कराना था।

इस अवसर पर डॉ. रीता शर्मा ने लर्निंग आउटकम्स पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार स्पष्ट अधिगम परिणाम निर्धारित कर शिक्षण को अधिक उद्देश्यपूर्ण और परिणामोन्मुख बनाया जा सकता है। वहीं निधि कौशिक ने पेडागॉजी पर प्रकाश डालते हुए आधुनिक शिक्षण विधियों, गतिविधि-आधारित शिक्षण तथा कक्षा में नवाचार के महत्व को रेखांकित किया।

इस क्षमता निर्माण कार्यक्रम में मिशन इंटरनेशनल एकेडमी के साथ-साथ आरआरके चंदौसी, बाल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल संभल, एचएम ग्लोबल स्कूल संभल, एंजल्स पब्लिक स्कूल संभल, जेकेईटी जुनावईमिशन इंटरनेशनल एकेडमी, सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जेकेईटी जुनावई सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागी शिक्षकों ने प्रशिक्षण सत्रों को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रबंधक मुशीर खान तरीन , निर्देशका शबाना कोसर की तरफ से स्कूल मीडिया समन्वयक जुनैद इब्राहिम ने कहा कि ने सीबीएसई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस देहरादून, दोनों रिसोर्स पर्सन तथा समस्त प्रतिभागी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता प्रबंधन समिति की तरफ से व्यक्त की गई। इस मौके पर विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागी शिक्षकों ने प्रशिक्षण सत्रों को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में दरक्षा अब्बास नकवी सभ्य खान सामिया अनवर आयशा रफत, फौजिया, यफिस, इंशा, मामून , इमरान, रूही खानम आदि का सक्रिय योगदान रहा।

# यूजीसी एक्ट पर रोक से नगर में जश्न, बांटी गईं मिठाइयां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** यूजीसी के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने के बाद नगर में खुशी का माहौल देखने को मिला। गुरुवार को बिसौली गेट पर सर्वण समाज के लोगों ने एकत्र होकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया और मिठाइयां बांटकर प्रसन्नता जताई।

सर्वण समाज के लोगों ने कहा कि यूजीसी के नए नियम शिक्षा व्यवस्था में भेदभाव को बढ़ावा देने वाले थे, जिससे सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के हित प्रभावित हो रहे थे। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नए नियमों पर रोक लगाकर वर्ष 2012 के पुराने नियमों को लागू रखने का आदेश देना न्याय की जीत है।

इस अवसर पर व्यापारी नेता अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि यह फैसला शिक्षा में समानता और न्याय को मजबूत करने वाला है। वहीं अभिनव शर्मा ने इसे निष्पक्ष और समयोचित निर्णय बताते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में नियम बनाते समय सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखा जाएगा।



कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने सुप्रीम कोर्ट की जातिविहीन समाज की टिप्पणी का भी उल्लेख किया और फैसले को ऐतिहासिक बताया।

आयोजन में शिवराम वत्स, सागर गुप्ता, आचार्य ऋतुपर्ण शर्मा, बृजेश शर्मा, राजीव मिश्रा, निशांत शर्मा, शाह आलम मंसूरी, आदित्य कान्त, सुधीर मिश्रा, मनोज कुमार, विकास मिश्रा, विकास उपाध्याय, गौरख शंखधर, सौरभ शर्मा, ओमवीर सिंह, गौरव शर्मा, अर्पित, लवित वार्ष्णेय, एडवोकेट अतुल अग्रवाला, राजीव अग्रवाल, प्रवीन अग्रवाल, आशीष तूफानी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा०एम.ए.तोमर)।** थाना मंसूरपुर पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से आलाकत्ल चाकू,एक तमंचा तथा 315 बोर के एक जिंदा व एक खोखा कारतूस बरामद किया गया।घटना 27 जनवरी 2026 की है जब मंसूरपुर क्षेत्र में दो युवकों के बीच हुए विवाद में अभियुक्त सोनू उर्फ भिसंडी ने दीपक पुत्र यशपाल पर चाकू से हमला कर दिया था।गंभीर रूप से घायल दीपक की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।मामले में थाना मंसूरपुर पर मुकदमा किया गया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण,पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत,क्षेत्राधिकारी खतौली रामआशीष यादव तथा प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने अभियुक्त को मुबारिकपुर कट के पास मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया।गिरफ्तार अभियुक्त सोनू उर्फ भिसंडी निवासी ग्राम हुसैनपुर बोपाडा थाना मंसूरपुर मुजफ्फरनगर का आपराधिक इतिहास भी दर्ज है।



# महिला सशक्तिकरण व पुलिस कल्याण की नई पहल,मिशन शक्ति केंद्र व पुलिस मेस का हुआ उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा०एम.ए.तोमर)।** जनपद में महिला सशक्तिकरण एवं पुलिस कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने थाना ककरौली परिसर में मिशन शक्ति केंद्र के नवनिर्मित भवन एवं नवनिर्मित भोजनालय (मेस) का विधि-विधान एवं फीता काटकर उद्घाटन किया।इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर में उपस्थित महिला नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित किया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है।उन्होंने महिलाओं को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या,उत्पीड़न अथवा अपराध की स्थिति में महिलाएं बिना भय के थाना स्तर पर शिकायत दर्ज कराएं, पुलिस द्वारा त्वरित एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।महिलाओं को 112,1090, 1091,181,1098,1076 तथा 102/108 जैसी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया।नवनिर्मित मिशन शक्ति केंद्र भवन को महिलाओं के लिए परामर्श,सहायता,शिकायत निस्तारण एवं जागरूकता कार्यक्रमों का सशक्त मंच बताया गया वहीं नवनिर्मित पुलिस मेस को पुलिसकर्मियों के लिए बेहतर सुविधाओं की दिशा में सराहनीय पहल बताया गया,जिससे पुलिस बल को स्वच्छ,गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध भोजन उपलब्ध हो सकेगा।कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने ग्राम प्रहरियों से भी संवाद किया और ग्रामीण क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उनकी भूमिका की सराहना की।उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रहरियों को प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित भी किया गया।





इस अवसर पर एसपी देहात आदित्य बंसल, एसपी क्राइम एवं मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी इन्दु सिद्धार्थ, सीओ भोपा देवव्रत बाजपेई,थानाध्यक्ष ककरौली जोगेन्द्र सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लखनऊ में भारत-केन्या संयुक्त कृषि कार्यशाला का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा०एम.ए.तोमर)।** उप कृषि निदेशक प्रमोद कुमार सिरोही ने बताया कि गुरुवार को लखनऊ में संयुक्त राष्ट्र कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय फसल अनुसंधान प्रणाली एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में भारत और केन्या के चयनित

**परियोजना में जनपद मुजफ्फरनगर को शामिल करने पर उपकृषि निदेशक प्रमोद सिरोही ने जताया आभार**

क्षेत्रों के किसानों को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में जलवायु व सामाजिक मूल्यों के अनुरूप बेहतर पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा लाभकारी कृषि तकनीकों और नवाचारों के समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई।इस अवसर पर उप कृषि निदेशक प्रमोद सिरोही ने उत्तर प्रदेश के चयनित पांच जनपदों में मुजफ्फरनगर को शामिल किए जाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि मुजफ्फरनगर में परियोजना के सभी मानकों पर खरा उतरते हुए कृषि विविधीकरण को बढ़ावा दिया जाएगा तथा जलवायु चुनौतियों का सामना कर रहे किसानों को लाभकारी और व्यावहारिक समाधान उपलब्ध कराए जाएंगे।कार्यशाला में कृषि निदेशक उत्तर प्रदेश पंकज त्रिपाठी, निदेशक आईआईएफएसआर सुशील कुमार,सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव कृषि अमित मोहन प्रसाद सहित वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।




# यूजीसी कानून के विरोध में संयुक्त वैश्य अग्रवाल महासभा ने किया धरना प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा०एम.ए.तोमर)।** संयुक्त वैश्य अग्रवाल महासभा, जनपद मुजफ्फरनगर द्वारा सरकार द्वारा बनाए गए यूजीसी कानून के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया गया। महासभा के अध्यक्ष संजय मित्तल ने कानून को काला कानून बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की।उन्होंने कहा कि स्वर्ण समाज बनिया,ब्राह्मण,राजपूत, कायस्थ,जैन व त्यागी देश की रीढ़ है और यह कानून समाज को आपस में बांटने की साजिश है।उन्होंने आरोप लगाया कि स्वर्ण वर्ग पहले से ही एससी-एसटी कानून के दंश को झेल रहा है और यह नया कानून सामाजिक समरसता के खिलाफ है।साथ ही उन्होंने कहा कि ओबीसी समाज भी स्वर्ण समाज से अलग नहीं होना चाहता।महासभा ने चेतावनी दी कि यदि कानून वापस नहीं लिया गया तो प्रदेश व देशभर में बड़े आंदोलन किए जाएंगे। 1 फरवरी को संभावित भारत बंद के आह्वान पर भी पूर्ण समर्थन की बात कही गई।धरना-प्रदर्शन में संजय मित्तल,सुनील सिंघल,सुरेंद्र अग्रवाल,अनिल तायल,विश्वदीप ह्यबिट्टूह्न,अशोक अग्रवाल,सचिन अग्रवाल,अमित ह्यबंटीह्न, कशिश गोयल,लवी गोयल,संजीव गोयल, अचिन कंसल,पवन अग्रवाल,पवन बंसल,नीरज बंसल,धर्मेंद्र तायल,अजय सिंघल,नवनीत कुच्छल,सुशील शर्मा,विपिन गोयल,अविरल मित्तल,निशांक जैन,अशोक सिंघल,पुरुषोत्तम सिंगल,गोपाल मित्तल,दीपक नारंग,नरेश अरोड़ा, दिनेश गुप्ता,शिव कुमार,विपिन मित्तल,शिशुकांत गर्ग,नवीन तायल,मयंक बंसल,अनिल बंसल,शरद गुप्ता,पुनीत सिंघल, अजय गर्ग,मनोज शर्मा चौहान,मुदित जैन, दिनेश बंसल,भानु प्रताप,सुनील नमकीन सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।




# राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) का औचक निरीक्षण,किशोरों की गतिविधियों की सराहना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा०एम.ए.तोमर)।** जनपद न्यायाधीश बीरेंद्र कुमार सिंह द्वारा गुरुवार को राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) मुजफ्फरनगर का औचक निरीक्षण किया गया।इस दौरान माननीय अपर जिला जज दिव्या भार्गव,माननीय अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा० सतेंद्र चौधरी,मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कविता अग्रवाल एवं नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौड़ उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान संस्था में निरुद्ध किशोरों से उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली गई।पूर्व में दिए गए निदेशों के अंतर्गत किशोरों द्वारा लगाए गए गमलों की देखरेख की स्थिति का अवलोकन किया गया जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक किशोर को पुरस्कार प्रदान किया गया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर किशोरों द्वारा प्रस्तुत ह्यजलियांवाला बागह्नआधारित नाटक का मंचन भी देखा गया जिसकी सभी अतिथियों ने सराहना की।माननीय जनपद न्यायाधीश ने संस्था प्रभारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक माह किशोरों के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन सुनिश्चित किया जाए।निरीक्षण के समय संस्था प्रभारी मोहित कुमार, सहायक अध्यापक राकेश कुमार,कर्मचारी प्रदीप कुमार व सुजीत कुमार सहित समस्त सुरक्षा बल उपस्थित रहा।




# अग्रजन महासभा के पदाधिकारियों ने शुकतीर्थ में आश्रमों का किया भ्रमण, संतों से लिया आशीर्वाद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा०एम.ए.तोमर)।** अखिल भारतीय अग्रजन महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने राज्य महिला आयोग सदस्य संगीता अग्रवाल जैन के सानिध्य में विश्व प्रसिद्ध पावन धाम भागवत भूमि शुकतीर्थ के विभिन्न आश्रमों का भ्रमण कर साधु-संतों से

**राज्य महिला आयोग सदस्य संगीता अग्रवाल जैन के सानिध्य में विश्व प्रसिद्ध भागवत भूमि शुकतीर्थ की धार्मिक यात्रा संपन्न**

आशीर्वाद प्राप्त किया।बुकमैन पब्लिकेशन्स के निदेशक संदीप गुप्ता के संयोजन में आयोजित शुकतीर्थ यात्रा के दौरान महान संत स्वामी कल्याण देव द्वारा संस्थापित भागवत पीठ में पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द सरस्वती महाराज ने शुकतीर्थ साहित्य,प्रसाद एवं अंगवस्त्र भेंट कर सभी के सुखद भविष्य की मंगलकामना की। शुकतीर्थ के प्रसिद्ध भागवत कथा वाचक पंडित अचल कृष्ण शास्त्री ने महाभारतकालीन वट वृक्ष की परिक्रमा कराते हुए शुकतीर्थ धाम की ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्ता का विस्तार से वर्णन किया।वहीं रविदास समनदास आश्रम के महंत गोवर्धन दास महाराज एवं प्रमुख सेवक संदीप दास ने आश्रम परिसर का भ्रमण कराकर आशीर्वाद प्रदान किया।इस आयोजन में संस्था सचिव बसंत कुमार गोयल का विशेष योगदान रहा।भ्रमण कार्यक्रम में इंजीनियर शरद पाठक,अभ्रा पाठक,शुभम कुमार,गौरव कुमार,तेजपाल सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।





# बाल कल्याण समिति अध्यक्ष ने बाल विवाह मुक्ति रथ का किया स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा०एम.ए.तोमर)।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 29 जनवरी 2026 को जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन संस्था द्वारा ग्रामीण समाज विकास केंद्र के सहयोग से संचालित बाल विवाह मुक्ति रथ का स्वागत अध्यक्ष बाल कल्याण समिति रीना पवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों एवं आमजन को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति सदस्य संदीप राठी ने समाज से अपील करते हुए कहा कि बालक-बालिकाओं का प्रथम अधिकार शिक्षा है।उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से पहले बालिका तथा 21 वर्ष से पहले बालक का विवाह करना कानूनन अपराध है जिसमें सम्मिलित सभी व्यक्ति समान रूप से दोषी माने जाते हैं। इसके लिए 1,00,000 तक जुमार्ना या 2 वर्ष की कैद का प्रावधान है। जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन संस्था,ग्रामीण समाज विकास केंद्र के प्रबंधक गजेंद्र सिंह ने बताया कि बाल विवाह मुक्ति रथ के माध्यम से सदर तहसील सहित जनपद मुजफ्फरनगर के प्रमुख चौराहों–मीनाक्षी चौक एवं शिव चौक पर प्रचार-प्रसार कर आमजन को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन संस्था से गौरव मालिक तथा चाइल्ड हेल्पलाइन टीम से प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सचिन,मोहन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं की मांगों को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** आंगनबाड़ी कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री



भारत सरकार, नई दिल्ली के नाम संबोधित ज्ञापन के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं सहायिकाओं की लंबित मांगों के समाधान की मांग की गई। ज्ञापन जिलाधिकारी महोदय को सौंपते हुए बताया गया कि वर्षों से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महिला एवं बाल विकास विभाग की रीढ़ बनकर पोषण, स्वास्थ्य, टीकाकरण और विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभा रही हैं, लेकिन आज भी उन्हें नियमित कर्मचारी का दर्जा, सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक सुविधाएं प्राप्त नहीं हो पा रही हैं।

जिला अध्यक्ष कमलेश चौहान ने मानदेय बढ़ाने और स्थायी व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई तथा शासन-प्रशासन से शीघ्र निर्णय लेने का अनुरोध किया। इस अवसर पर नीरा, चंद्रकांता, लता सिंह, कुसुम, शशि, डोली, चंद्रकला, रीना, बिंद्रावती, लालटेश, अर्चना, पिंकी, रजनी, अशोक कुमारी, रेखा देवी, ममता, रुखसाना, मुन्नी देवी सहित अनेक महिलाएं मौजूद।

# भागवंती विद्यालय की छात्रा कनक गौड़ राज्यपाल पुरस्कार हेतु हुई चयनित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा०एम.ए.तोमर)।** भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, नई मंडी की कक्षा 12 की मेधावी छात्रा कनक गौड़ का स्काउट गाइड के प्रतिष्ठित राज्यपाल पुरस्कार हेतु चयन हुआ है।इस उपलब्धि से विद्यालय में हर्ष और गौरव का वातावरण है।कनक गौड़ ने स्काउट गाइड की विभिन्न गतिविधियों में अनुशासन,सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता एवं निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के माध्यम से यह सफलता प्राप्त की है।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. वंदना शर्मा,स्काउट गाइड कैप्टन अनीता गुप्ता सहित समस्त आचार्यगण एवं विद्यालय परिवार ने कनक गौड़ को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# नो हेलमेट नो फ्यूल नीति मुजफ्फरनगर में होगी लागू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा०एम.ए.तोमर)।** जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु पर अंकुश लगाने और सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्री उमेश मिश्रा ने ह्यनो हेलमेट, नो फ्यूलह्न रणनीति को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए हैं।यह कार्रवाई परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के पत्र दिनांक 18 दिसंबर 2025 के क्रम में की जा रही है।जिलाधिकारी ने बताया कि केन्द्रीय मोटर वाहन अधिनियम-1988 की धारा 129 एवं उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली-1998 के नियम 201 के अंतर्गत दोपहिया वाहन चालकों एवं सवारियों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप हेलमेट पहनना अनिवार्य है।नियमों का उल्लंघन किए जाने पर केन्द्रीय मोटर वाहन अधिनियम की धारा 177 के तहत जुमार्ने का प्रावधान है।इस क्रम में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) मुजफ्फरनगर एवं जिलापूर्ति अधिकारी को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए जनपद के सभी फ्यूल पंपों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बिना हेलमेट पहने किसी भी दोपहिया वाहन चालक को पेट्रोल न दिया जाए। निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित फ्यूल पंप संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।प्रशासन का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को कम करना है।

# शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को दो मिनट का मौन,सुबह 11 बजे बजेगा सायरन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा०एम.ए.तोमर)।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में आगामी 30 जनवरी 2026 को पूरे जनपद में पूर्वान्ह 11:00 बजे से 11:02 बजे तक दो मिनट का मौन रखा जाएगा। यह जानकारी जिला प्रशासन द्वारा डीएम वार रूम मुजफ्फरनगर के माध्यम से जारी प्रेस नोट में दी गई।प्रेस नोट के अनुसार, भारत सरकार के गृह मंत्रालय नॉर्थ ब्लॉक नई दिल्ली द्वारा जारी पत्र के क्रम में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।मौन धारण की अवधि के दौरान सभी कार्यालयों के कार्य एवं गतिविधियां पूर्ण रूप से स्थगित रहेंगी।मौन शुरू होने से एक मिनट पूर्व सायरन बजाकर सूचना दी जाएगी तथा मौन समाप्ति के एक मिनट बाद 11:03 बजे पुनः क्लियर सायरन बजाया जाएगा।जिला प्रशासन ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे शहीदों के सम्मान में इस कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए दो मिनट का मौन अवश्य रखें।

# संयुक्त वैश्य मोर्चा का यूजीसी काले कानून के विरोध में आंदोलन का ऐलान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर (डा०एम.ए.तोमर)।** संयुक्त वैश्य मोर्चा जनपद मुजफ्फरनगर की एक आपातकालीन बैठक बुधवार को कुंदनपुरा स्थित कार्यालय पर आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता कृष्ण गोपाल मित्तल ने की तथा संचालन शलभ गुप्ता एवं सुनील तायल ने संयुक्त रूप से किया।बैठक में स्वर्ण समाज के विरुद्ध बनाए गए कथित यूजीसी काले कानून का कड़ा विरोध किया गया।वक्ताओं ने कहा कि यदि यह कानून शीघ्र समाप्त नहीं किया गया तो वैश्य समाज अपने सभी संगठनों एवं अन्य स्वर्ण समाज के साथ मिलकर सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगा।आंदोलन की संपूर्ण जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी।बैठक में प्रमुख रूप से कृष्ण गोपाल मित्तल,शलभ गुप्ता,सुनील तायल,तरुण मित्तल,सौरभ मित्तल,शिवकुमार सिंघल,राजेंद्र प्रसाद गर्ग,विपिन गुप्ता,आर के गोयल,राहुल मित्तल,अमित गुप्ता,अभिलक्ष मित्तल,मनोज कुमार,दीपक मित्तल,विशाल गोयल,संजय,सुमित,सत्य प्रकाश गोयल,नवीन सिंघल,अनिल सिंघल,कार्तिक गोयल सहित बड़ी संख्या में वैश्य समाज के लोग उपस्थित रहे।

**समीक्षा** | 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य पर फोकस

# आईटी-इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग की योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा

**लखनऊ (आरएनएस)।** प्रदेश सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए आईटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और स्टार्टअप इकोसिस्टम से जुड़ी विभिन्न पहलों की समीक्षा के लिए बापू भवन, लखनऊ में उच्चस्तरीय प्रस्तुतीकरण एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने की। बैठक में 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य के अनुरूप विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, नीतिगत पहलों और निवेश से संबंधित गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। तकनीक आधारित विकास को गति देने, निवेश को आकर्षित करने और प्रदेश में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन के लिए अपनाई जा रही रणनीतियों पर गंभीर विमर्श हुआ।समीक्षा बैठक में लखनऊ में प्रस्तावित एआई सिटी की प्रगति पर विशेष चर्चा की गई। बताया गया कि एआई सिटी के लिए प्री-फिजिबिलिटी स्टडी पूर्ण कर ली गई है तथा भूमि चिन्हांकन और निवेश प्रक्रिया से जुड़े विषयों पर विचार चल रहा है। इसके साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित स्किलिंग, रिसर्च, इनोवेशन और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार किए जा रहे यूपी एआई मिशन के ड्राफ्ट पर भी चर्चा की गई।बैठक में गौतम बुद्ध नगर को ग्लोबल आईटी, आईटीईएस और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने से संबंधित पहलों की समीक्षा की गई। जीसीसी नीति के तहत जारी ऑपरेशनल गाइडलाइंस, निवेशक सुविधा तंत्र और कंपनियों के साथ हो रहे संवाद की प्रगति की जानकारी दी गई।प्रदेश में ड्रोन टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने के लिए प्रस्तावित ड्रोन हब से जुड़ी गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग, टेस्टिंग और अनुसंधान से संबंधित प्रस्तावों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में ड्रोन तकनीक के संभावित उपयोगों पर चर्चा हुई।

**बैठक में 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य के अनुरूप विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, नीतिगत पहलों और निवेश से संबंधित गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई**

1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए यूपी स्टार्टअप मिशन और यूपी स्टार्टअप पॉलिसी-2025 के अंतर्गत चल रही पहलों की भी समीक्षा की गई। स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन, फंडिंग तंत्र को मजबूत करने और सार्वजनिक खरीद में उनकी भागीदारी बढ़ाने जैसे विषयों पर विचार किया गया। समीक्षा बैठक में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग से जुड़े निवेश प्रस्तावों, औद्योगिक क्षेत्रों में उपलब्ध अधोसंरचना और आगामी रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इस क्षेत्र को प्रदेश की आर्थिक वृद्धि का एक मजबूत स्तंभ बनाने पर विशेष बल दिया गया।ठक में आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स राज्य मंत्री अजीत पाल, प्रमुख सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अनुराग यादव, यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रवि रंजन सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और डेलॉइट के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। डेलॉइट के प्रतिनिधियों द्वारा विभागीय योजनाओं और प्रगति पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। बैठक में तकनीक आधारित विकास, नवाचार और निवेश प्रोत्साहन के माध्यम से उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाने के लिए समन्वित रूप से कार्य करने पर जोर दिया गया।

# शासन के निर्देश पर "गुरुवार को करीब 160 विद्यालय" में हुआ निपुण मूल्यांकन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** शासन के निर्देश पर परिषदीय स्कूलों में निपुण मूल्यांकन गुरुवार को भी जारी रहा करीब 160 विद्यालयों में निपुण मूल्यांकन किया गया ' । पहले दिन 176 स्कूलों में मूल्यांकन किया जाना था लेकिन ज्यादातर स्कूलों में नेटवर्क की परेशानी होने की वजह से लगभग सौ स्कूलों में ही कार्य हो सका। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कांठ प्रशासन ने इस समस्या से परियोजना को अवगत कराया था'महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना की ओर से जारी निर्देशो के अनुसार तीन फरवरी तक मूल्यांकन किया जाना है। मुरादाबाद जनपद में 1152 स्कूलों को चिह्नित किया गया है। मूल्यांकन के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से 88 टीमें बनाई गई हैं। एक टीम में डीएलएड के दो प्रशिक्षुओं को शामिल किया गया है। एक टीम को दो स्कूलों में मूल्यांकन करना है। मूल्यांकन में कक्षा एक और दो के विद्यार्थियों को शामिल करना है। एक क्लास में अधिकतम 12 बच्चों का चयन रेंडम आधार पर परियोजना की ओर से किया जा रहा है। कुछ प्रशिक्षुओं के फोन में ओटीपी नहीं आने की वजह से मूल्यांकन कार्य शुरू होने में विलंब हुआ।





कार्यक्रम के प्रभारी आशुतोष त्यागी ने देर शाम "बुलंद संदेश" को बताया कि गुरुवार को 173 विद्यालयों में निपुण मूल्यांकन होना था करीब 160 विद्यालयों में निपुण मूल्यांकन किया गया ।

# किसानों को "एक फोन पर मिलेगी पूरी जानकारी" हेल्पलाइन शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** प्रदेश सरकार ने किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक अहम पहल की है। अब किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने होंगे। वे एक फोन कॉल के माध्यम से घर बैठे ही सभी जरूरी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए कृषि विभाग ने बुधवार को कृषि हेल्पलाइन की शुरूआत की है 'कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के साथ लखनऊ स्थित कृषि निदेशालय में हेल्पलाइन की शुरूआत की। कृषि मंत्री ने बताया कि किसान अब सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक हेल्पलाइन नंबर 0522-2317003 पर कॉल कर कृषि विभाग से जुड़ी अनुदान, योजनाओं और कृषि निवेश की सभी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी।

# अगले वित्त वर्ष में "हर स्टेट हाईवे होगा 10 मीटर" चौड़ा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रदेश में अगले वित्त वर्ष में हर स्टेट हाईवे को शोल्डर के साथ दो लेन यानी 10 मीटर चौड़ा किए जाने की योजना है। इसके लिए पीडब्ल्यूडी ने बजट में राशि की मांग की है। विभाग ने गन्ना बेल्ट में सड़कों का जाल बिछाने का भी निर्णय लिया है। इस संबंध में सभी जिलों से यह सूचना इकट्ठा करवाई जा रही है कि वर्तमान में कितने स्टेट हाईवे सिर्फ 7 मीटर चौड़े हैं। उनकी चौड़ाई बढ़ाने के प्रस्ताव शासन को भेजे जाएंगे, ताकि आवागमन सुगम हो और हादसों में भी कमी आए। पीडब्ल्यूडी पहली बार अपने स्तर से गन्ना बेल्ट में सड़कों का जाल बिछाने की कार्ययोजना तैयार करवा रहा है। इसके अलावा सीएम ग्राम सड़क योजना का बजट भी 200 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2000 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव भेजा गया है। औद्योगिक क्षेत्रों में भी सड़कों के नेटवर्क के विस्तार की योजना बनाई गई है।

# मुरादाबाद शहर में "20 करोड़ से होंगे 322" विकास कार्य

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर निगम की ओर से शहर के 70 में 67 वार्डों में करीब 20 करोड़ रुपये की लागत से 322 विकास कार्यों को कराने का टेंडर जारी किया गया है। इन सभी विकास कार्यों की सूची भी जारी कर दी गई है। इन विकास कार्यों में मुख्यतः सड़कों, नालियों, पार्कों आदि की मरम्मत व निर्माण कार्य शामिल किए गए हैं।नगर निगम के महापौर विनोद अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम की ओर से पार्षदों के अनुरोध पर विकास कार्यों की सूची तैयार कर दी गई है जिसमें रेलवे स्टेशन रोड पर रैन बसेरा का पास आकांक्षी टायलेट बनेगा 22.83 लाख, पीतल नगरी गेट, हनुमान मूर्ति के पास शौचालयों में सीसी टाइल्स 11.28 लाख,हनुमान मूर्ति तिराहा दाईं ओर दीवार पर पत्थर लगाने का कार्य 16.77 लाख, हनुमान मूर्ति तिराहा दाईं ओर दीवार पर पत्थर लगाने का कार्य 16.77 लाख, नारी शक्ति केंद्र के पास आकांक्षी टायलेट का निर्माण 22.83 लाख, हनुमान तिराहा पर अजीज सिंह व जोराबर सिंह की मूर्ति लगेगी 08.40 लाख,हनुमान तिराहा पर झूझार सिंह व फतेह सिंह की मूर्ति लगेगी 08.40 लाख, हनुमान तिराहे पर सिखों का धर्म चिह्न (खांडा) लगाने का कार्य 08.43 लाख।

# अधिवक्ताओं का तहसीलदार के खिलाफ गुरुवार को भी आंदोलन रहा जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तहसीलदार के खिलाफ चल रहा वकीलों का प्रदर्शन गुरुवार को भी जारी रहा संगठन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि अधिवक्ताओं का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा' जब तक मांगे पूरी नहीं होगी आंदोलन जारी रहेगा' तहसीलदार के व्यवहार को लेकर यहां के अधिवक्ता आंदोलन कर रहे हैं। जब तक उनका स्थानांतरण नहीं होगा, तब तक कार्य बहिष्कार और प्रदर्शन जारी रहेगा। नारेबाजी और प्रदर्शन के दौरान तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा, महासचिव दीपक विश्नोई, पूर्व उपाध्यक्ष व पूर्व महासचिव चौधरी चरन सिंह ढाका, भूप्रकाश सिंह, हरपाल सिंह, सलमान खान, बृजपाल सिंह, कमल विश्नोई, कपिल विश्नोई, वैभव विश्नोई, नन्हें खां, नाजिम सैफी, चरन सिंह, मोहम्मद वकील अहमद, पूर्व अध्यक्ष कोमल सिंह, डॉ. विनीत नैन, लक्ष्मण सिंह, संजीव कुमार विश्नोई, यशवीरसिंह, प्रदीप कुमार, चरन सिंह देशवाल आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



# यूपी कैबिनेट का बड़ा फैसला: 11.92 लाख शिक्षकों को सौगात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।**'मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश के शिक्षकों को योगी सरकार ने बड़ी सौगात दी है। अब शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारियों की तरह ही कैशलस इलाज की सुविधा मिलेगी।

**राज्य कर्मचारियों की तरह मिलेगी" कैशलेस इलाज की" सुविधा, सरकार के फैसले का शिक्षक संघ ने किया स्वागत**

बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इस फैसले से 11.92 लाख से ज्यादा शिक्षकों को सीधा लाभ मिलेगा'मिलेगा। इस फैसले को आयुष्मान व्यवस्था के माध्यम से लागू किया जाएगा। इस फैसले से शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक व रसोइया सभी लाभांवित होंगे। इस फैसले के क्रियान्वयन में 358.61 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

बैठक में माध्यमिक शिक्षा विभाग को भी कैशलेस सुविधा की मंजूरी दे दी गई है। इससे दो लाख 97 हजार 579 कर्मचारी लाभांवित होंगे। वहीं, सरकार 89.25 करोड़ रुपये का व्यय भार पड़ेगा। हालांकि, जो कर्मचारी पहले से ही किसी सरकारी योजना जैसे आयुष्मान से आच्छादित हैं उन्हें इसका लाभ नहीं दिया जाएगा। सरकार के इस फैसले का उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षा संघ मुरादाबाद के जिला अध्यक्ष डॉक्टर नीरज शर्मा, जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक छजलैट के अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही आदि ने स्वागत किया है।

# यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू होंगी:112 परीक्षा केंद्र बनाए गए

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** जिले में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी से शुरू होंगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण, पारदर्शी और नकलविहीन ढंग से कराने के लिए शिक्षा विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

जिले में 112 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां सीसीटीवी की निगरानी रहेगी। नकल व अन्य अनुचित गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए तीन सचल दल गठित किया गया है।

पहले सचल दल की जिम्मेदारी संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश मंडल मनोज कुमार द्विवेदी को सौंपी गई है। वहीं दूसरे सचल दल के प्रभारी प्रीतम सिंह को बनाया गया है जबकि तीसरे सचल दल की कमान एडी बेसिक को दी गई है। ये सचल दल परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था का निरीक्षण कर किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई करेंगे। आंकड़ों कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में जिले में 39,559 विद्यार्थी पंजीकृत हैं।

इनमें 19,583 छात्राएं और 19,976 छात्र शामिल हैं। 10वीं में 39,559 व बारहवीं में 36199 छात्र-छात्राएं पंजीकृत है बारहवीं की परीक्षा में कुल 36,199 विद्यार्थी सम्मिलित होंगे, जिनमें 17,532 छात्राएं और 18,667 छात्र पंजीकृत हैं। इस प्रकार दोनों कक्षाओं को मिलाकर 75 हजार से अधिक विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में हिस्सा लेंगे। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी, केंद्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक और बाहरी केंद्राध्यक्षों की तैनाती की गई है। साथ ही प्रश्नपत्रों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए स्ट्रांग रूम और सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद की गई है।जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराना प्राथमिकता है। सभी परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या नकल की शिकायत मिली तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# आंवला तहसील की प्रमुख समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली ।** तहसील आंवला में आज कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जिसमें आंवला की प्रमुख समस्याओं को उठाया गया है तथा उनके शीघ्र निस्तारण की मांग की गई। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव ओमवीर सिंह यादव ने आज एक प्रतिनिधिमंडल के साथ तहसील आंवला में जाकर उप जिला अधिकारी से मुलाकात की और उनको नगर की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया तथा एक पांच सूत्रीय ज्ञापन दिया जिसमें उनकी प्रमुख मांग इस प्रकार थी ।

1. चारों तरफ खुले में सड़कों पर डाले जा रहा है कूड़े के लिए प्रशासन द्वारा जमीन चिन्हित की जाए और वेस्टेज प्लांट लगाया जाए जिसमें कूड़े का निस्तारण किया जाए जैसे गांव बेहटा जुनू में सरकारी प्राइमरी स्कूल से लगभग 60 मीटर की दूरी पर कूड़ा डाला जा रहा है जिसमें स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे एवं समस्त ग्रामवासी को गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है।
2. गांव आसपुर और राजपुर के किसानों की 500 बीघा खेती की फसल आंवला नगर के गंदे पानी से नष्ट हो रही है प्रशासन को इस पर भी ध्यान देना चाहिए ।
3. सड़कों और खेतों में घूम रहे आवारा पशुओं से सभी जनता परेशान है लेकिन कोई समाधान नहीं सड़क पर आए दिन एक्सीडेंट होते रहते हैं किसानों पर भी हमला कर देते हैं कई किसान चोटल भी हो चुके हैं ।
4. आंवला के स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है अस्पताल की बिल्डिंग को बने कई साल हो चुके हैं लेकिन उसमें डॉक्टर और मरीजों की जगह आवारा पशु घूमते नजर आते हैं।
5. बड़े दुर्भाग्य की बात है कि आंवला में विधानसभा और लोकसभा दोनों हैं लेकिन यहां युवाओं के खेलने के लिए कोई स्टेडियम नहीं है वेहद अफसोस की बात है कि ना तो बच्चे कहीं खेल कूद सकते हैं और ना ही आर्मी और पुलिस की भर्ती की तैयारी कर सकते हैं।



उन्होंने उप जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि उपरोक्त समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाए अन्यथा कांग्रेस और स्थानीय निवासी बड़े स्तर पर विरोध परिषद प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे ।

प्रतिनिधिमंडल में ओमवीर सिंह यादव पूर्व विधानसभा प्रत्याशी आंवला, सरफराज बेग नगर अध्यक्ष आंवला, युसूफ सैफी युवा विधानसभा अध्यक्ष, अलाउद्दीन अंसारी जिला सचिव, ओमेंद्र यादव, सुभान अंसारी, शकील अंसारी, सैयद यूसुफ अली, राजेश शाक्य, ब्रह्मानंद शंकर मौर्य, रामेश्वर यादव, छोटेलाल मौर्य, डबल सिंह यादव, फैजान खान, अनिल श्रीवास्तव, सोमेश, प्रेम शंकर मौर्य, पातीराम मौर्य, सोमपाल मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय समाचार पत्र दिवस 29 जनवरी को पूरे उत्साह के साथ मनाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमरोहा ।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा में भारतीय समाचार पत्र दिवस 29 जनवरी को पूरे उत्साह के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार डॉ महताब अमरोहवी ने कहा कि यह दिन भारत में प्रिंट पत्रकारिता की शुरूआत और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका को याद करने का अवसर प्रदान करता है। 29 जनवरी 1780 को कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) से जेम्स ऑगस्टस हिक्की द्वारा 'हिक्कीज बंगाल गजट' या 'कलकत्ता जनरल एडवरटाइजर' नामक भारत का पहला मुद्रित समाचार पत्र प्रकाशित किया गया था। यह एशिया का भी पहला छपा हुआ समाचार पत्र माना जाता है। अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित यह साप्ताहिक पत्र ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के शासनकाल में शुरू हुआ और मात्र दो वर्ष (1780-1782) तक चला। हिक्की ने इसे सभी पक्षों के लिए खुला, लेकिन किसी के प्रभाव में नहीं रखने का संकल्प लिया था।उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के संरक्षक तुलाराम ठाकुर ने कहा कि इस अखबार ने ब्रिटिश प्रशासन की नीतियों, भ्रष्टाचार और अन्याय पर खुलकर आलोचना की, जिसके कारण ईस्ट इंडिया कंपनी ने 1782 में इसके प्रेस को जब्त कर लिया और हिक्की को जेल भी भेजा गया। फिर भी, इसने भारतीय पत्रकारिता की नींव रखी और स्वतंत्र प्रेस की भावना को जन्म दिया, जो बाद में स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण साबित हुई। हिक्की को "भारतीय प्रेस का जनक" कहा जाता है।यह दिवस पत्रकारों के योगदान, प्रेस की स्वतंत्रता और सूचना के अधिकार को मजबूत करने का संदेश देता है। आज डिजिटल युग में भी प्रिंट मीडिया कीविश्वसनीयता और गहन विश्लेषण की भूमिका बनी हुई है।उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के जिलाध्यक्ष महिपाल सिंह ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय समाचार पत्र दिवस हमें याद दिलाता है कि पत्रकारिता समाज की आवाज है। उन्होंने कहा, "1780 में हिक्की के साहस से शुरू हुई यह यात्रा आज भी प्रासंगिक है। पत्रकारों को निष्पक्ष, साहसी और जिम्मेदार रहकर लोकतंत्र की रक्षा करनी चाहिए। अमरोहा जिले में हम पत्रकारिता को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आज के इस विशेष दिन पर सभी पत्रकारों, संपादकों और मीडिया कर्मियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। प्रेस की आजादी और सत्य की खोज में उनका योगदान अमूल्य है।




# चकबंदी से जुड़े वादों में सुनवाई की रफ्तार बेहद धीमी: मंडल में करीब 3500 से ज्यादा मामले एसओसी के कोर्ट में लंबित, कांठ तहसील क्षेत्र के "गांव राजूपुर खद्दर में 42 साल बाद भी चकबंदी" पूरी नहीं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** चकबंदी से जुड़े वादों में सुनवाई की रफ्तार बेहद धीमी है। मंडल में करीब 3500 से ज्यादा मामले एसओसी के कोर्ट में लंबित चल रहे हैं। मुरादाबाद में सबसे अधिक 1416 मामले शामिल हैं। अधिकांश मामले एक साल से अधिक पुराने हैं। जिनमें तारीख पर तारीख दी जा रही है। मुरादाबाद जिले में 47 गांवों में चकबंदी की प्रक्रिया चल रही है। स्थिति यह है कि कांठ तहसील क्षेत्र के गांव राजूपुर खद्दर में 42 साल बाद भी चकबंदी पूरी नहीं को सकी है। हाईकोर्ट के स्थगन आदेश की वजह से अभी तक मामला सुलझ नहीं पाया है। जिले में तीन गांवों की चकबंदी पर तो कोर्ट से रोक है। मुरादाबाद के 47 गांवों में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। इसमें राजूपुर खद्दर की चकबंदी को लेकर दोनों पक्ष हाईकोर्ट में अपना अपना पक्ष रख चुके हैं। इसके अलावा गांव चंदनपुर ईशापुर में 2016 और रोशनपुर गांव में 2014 से कोर्ट का स्थगनादेश है।

९गांव के अन्य लोग स्थगनादेश की वजह से चकबंदी नहीं होने के कारण परेशान हैं।मंडल में मुरादाबाद जिले में चकबंदी से जुड़े लंबित मामले सबसे अधिक हैं। यहां करीब 1416 वाद लंबित चल रहे हैं। जबकि मंडल चकबंदी के लंबित मामलों की संख्या 3657 है। वहीं संभल में एक हजार से ज्यादा मामले लंबित हैं। ऐसे ही रामपुर में 641 और अमरोहा में 600 मामले लंबित चल रहे हैं।

# एफपीओ को कृषि निर्यात इकाइयों के रूप मे विकसित किया जाएगा: किसान बनेंगे "निर्यातक" अब गुड़ को भी निर्यात करने की तैयारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में वही उत्पाद अपना वर्चस्व कायम रख पाते हैं, जो वहां संबंधित देश की मांग के आधार पर बने होते हैं। इसलिए हमें अपने उत्पादों को अंतराष्ट्रीय बाजार की मांग के अनुरूप गुणवत्तायुक्त बनाने होंगे। भारतीय कृषि उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है।यही कारण है कि सरकार भी अब मंडल स्तर पर किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को प्रशिक्षित करके उन्हें निर्यात फर्म के रूप में विकसित करना चाहती है। इसके लिए मंडल के मुरादाबाद, संभल, रामपुर और अमरोहा जिले पांच एफपीओ को चयनित किया गया है, उनके प्रमुखों को शीघ्र ही एक्सपोजर विजिट पर हैदराबाद भेजने की तैयारी है।ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक आशीष कुमार गुप्ता ने बताया कि कृषि निर्यात में कई वस्तुएं विदेशों को निर्यात की जा रही है, मुरादाबाद जिले से अब गुड़ को भी निर्यात करने की तैयारी चल रही है। इसके साथ साथ कई एफपीओ को मिलेट्स (श्रीअन्न) से बने उत्पाद तैयार कर रहे हैं, मिलेट्स के अलावा अन्य सब्जियों के उत्पाद बनाने वाले एफपीओ को भी निर्यात से संबंधित विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।जिन एफपीओ को चयनित किया जा रहा है, उन्हें एक्सपोजर विजिट पर हैदराबाद स्थित मैनिज (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन मैनेजमेंट) संस्थान में भेजा जाएगा। पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।एफपीओ संचालकों को खासतौर पर बताया जाएगा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार की मांग के अनुसार अपने कृषि उत्पादों की गुणवत्ता कैसे बेहतर और सुंदर की जाए। उत्पादों की आकर्षक और सुरक्षित पैकेजिंग, ब्रांडिंग, लेबलिंग, निर्यात की औपचारिक प्रक्रियाओं को भी बताया जाएगा, जिससे वह अपने उत्पादों को विदेशी बाजारों में प्रतिस्पर्धा के बीच ठहराव के लिए तैयार कर सकें।

**गिरफ्तारी** — तीन लोगों को किया गिरफ्तार

# उड़ीसा से ट्रक में लकड़ियों में छिपाकर लाया गया 113 किलो गांजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** एसटीएफ की मेरठ यूनिट की टीम ने बुधवार की सुबह पाकबड़ा क्षेत्र में दिल्ली लखनऊ- हाईवे पर एक ट्रक रुकवाकर चेक किया तो उसमें लकड़ियों के नीचे 113 किलो गांजा छिपा मिला।

ट्रक से गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों ने बताया कि वह उड़ीसा से गांजा लेकर आ रहे थे।एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि एसटीएफ मेरठ को सूचना मिली कि एक ट्रक उड़ीसा से चलकर मुरादाबाद आ रहा है। जिसमें साल की लकड़ी भरी है। लकड़ियों के नीचे गांजा लदा है।

बुधवार की सुबह नौ बजे एसटीएफ और पाकबड़ा थाने की पुलिस ने घेराबंदी कर ट्रक को पाकबड़ा क्षेत्र में दिल्ली लखनऊ हाईवे पर बागड़पुर ओवरब्रिज के पास रोक लिया।



ट्रक में सवार राकेश, नन्हे व आसिफ को गिरफ्तार कर लिया। डिलारी के जटपुरा गांव निवासी राकेश ट्रक का मालिक है और वह अपने गांव के नन्हें और डिलारी क्षेत्र के कांकरखेड़ा निवासी आसिफ के साथ उड़ीसा से सात हजार रुपए किलो में गांजा खरीदकर लाता है। यहां लाकर गांजे को बेच देते हैं।

इस गिरोह का सरगना गजेंद्र उर्फ वकील है। वह भगतपुर थाना क्षेत्र के भदगंवा का रहने वाला है। आरोपियों ने बताया कि वह गजेंद्र उर्फ वकील को ही गांजा देते हैं।

आरोपियों ने यह कबूला है कि 1700 किलोमीटर की दूरी तय करने में उन्हें कहीं चेकिंग को नहीं रोका गया।

पाकबड़ा थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया जहां से तीनों आरोपी जेल भेज दिए गए है। पुलिस चौथे आरोपी की तलाश में जुटी है।

# ठंड में दिल को क्यों करनी पड़ती है ज्यादा मेहनत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ।** ठंड का मौसम हृदय स्वास्थ्य पर विशेष प्रभाव डालता है, खासकर उन लोगों में जिन्हें पहले से दिल की बीमारी या हार्ट रिदम से जुड़ी समस्या होती है। कम तापमान में शरीर अपनी गर्मी बचाने के लिए ब्लड वेसल्स को संकुचित कर देता है, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है और दिल को अधिक मेहनत करनी पड़ती है। इसके साथ ही खून का गाढ़ा होना और स्ट्रेस हार्मोन का बढ़ना दिल की इलेक्ट्रिकल सिस्टम को प्रभावित कर सकता है, जिससे एरिदमिया यानी दिल की धड़कन का अनियमित होना शुरू हो सकता है या पहले से मौजूद समस्या बिगड़ सकती है। अचानक गर्म जगह से बहुत ठंडी हवा में जाने पर हार्ट रेट तेज हो सकती है, जो कमजोर हृदय या ब्लॉकेज वाले मरीजों में पल्पिटेशन, बीट्स मिस होना या गंभीर रिदम डिसऑर्डर का कारण बन सकती है। बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नई दिल्ली के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी, कार्डियोलॉजी व स्ट्रक्चरल हार्ट डिजीज विभाग के चेयरमैन डॉ. सुभाष चंद्रा ने बताया ह्लठंड के मौसम में कुछ लोग अधिक जोखिम में रहते हैं। इनमें वे मरीज शामिल हैं जिन्हें पहले हार्ट अटैक, हार्ट फेलियर या एट्रियल फिब्रिलेशन जैसी एरिदमिया हो चुकी हो, साथ ही अनियंत्रित हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हाई कोलेस्ट्रॉल या मोटापे से ग्रस्त लोग भी जोखिम में होते हैं। 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में अचानक तापमान बदलने के अनुकूलन की क्षमता कम होती है, जिससे खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा सर्दियों में अधिक धूम्रपान या शराब का सेवन भी दिल की रिदम को प्रभावित कर सकता है। ऐसे लोगों के लिए सुबह-सुबह ठंड में टहलना, भारी सामान उठाना या सीढ़ियाँ चढ़ना भी अनजाने में दिल पर अतिरिक्त दबाव डाल सकता है।



सर्दियों में दिल से जुड़े किसी भी नए या बढ़ते लक्षण को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। अचानक तेज, अनियमित या धड़कती हुई हार्टबीट, सीने में दर्द या दबाव, सांस फूलना, असामान्य थकान, चक्कर आना, बेहोशी या हल्के परिश्रम में पसीना आना—ये सभी संकेत तुरंत मेडिकल जांच की मांग करते हैं। डॉ. सुभाष ने आगे बताया ह्लकुछ आसान सावधानियों से सर्दियों में होने वाली अधिकतर हार्ट रिदम समस्याओं से बचा जा सकता है। ठंड में लेयर्स में कपड़े पहनें, सिर, कान और पैरों को ढककर रखें और बहुत ठंडी हवा के अचानक संपर्क से बचें। बाहर निकलने से पहले घर के अंदर वार्म-अप करें और वॉक या एक्सरसाइज धीरे-धीरे शुरू करें। डॉक्टर द्वारा बताई गई हार्ट और ब्लड प्रेशर की दवाएं नियमित रूप से लें और बिना सलाह डोज न बदलें। शराब सीमित रखें, स्मोकिंग से बचें, गुनगुने तरल पदार्थ लेते रहें और लो-सॉल्ट, लो-फैट हार्ट-हेल्दी डाइट अपनाएं।



# सोशल मीडिया ने बदली मिथिला पालकर की जिंदगी, कभी नहीं की थी फिल्मों में आने की प्लानिंग

लिटिल थिंग्स, कारवां, चॉपस्टिक्स और अन्य फिल्मों के लिए मशहूर अभिनेत्री-गायिका मिथिला पालकर आमिर खान के प्रोडक्शन में बनी फिल्म हैप्पी पटेल से सुर्खियां बटोर रही हैं। मिथिला फिल्मों से लेकर ओटीटी तक पर अपने अभिनय की कला को दिखा चुकी हैं। अब उन्होंने आईएएनएस के साथ अपनी फिल्मी जर्नी शेयर की है और बताया है कि उन्होंने कभी भी एक्टिंग करियर के लिए किसी तरह की प्लानिंग नहीं की, बल्कि सब कुछ अपने आप होता चला गया। अभिनेत्री मिथिला ने कहा, मैंने हमेशा यही कहा है कि अपने पेशेवर जीवन को आगे बढ़ाने के लिए मैंने परिस्थितियों के अनुसार ही काम किया। एक एक्ट्रेस बनने के लिए मैंने इसे दोनों हाथों से अपनाया। मुझे क्या पता था कि इंटरनेट क्या कर देगा? 10 साल पहले, हम सभी इंटरनेट पर बस शुरूआत कर रहे थे। उस समय टीवी, थिएटर और फिल्में ही मुख्य थीं। रेडियो का भी अपना एक अलग ही प्रभाव था। इसलिए, हमें नहीं पता था कि इंटरनेट इस तरह से अपना प्रभाव डाल सकता है। इसलिए, मैं भी सोशल मीडिया पर एक्सपेरिमेंट कर रही थी। मैं हर उस चीज के साथ प्रयोग करने को तैयार थी जो मुझे एक कलाकार बनने में मदद करे। उन्होंने कहा, मैंने हर चीज के लिए ऑडिशन दिया। मेरी जिंदगी जिस तरह से आगे बढ़ी है, मुझे नहीं लगता कि मैं इससे बेहतर योजना बना सकती थी। इसलिए मुझे खुशी है कि मैंने इसकी योजना नहीं बनाई, क्योंकि मैंने खुद को जिंदगी के फ्लो के साथ चलने की आजादी दी। मुझे फिल्टर कॉपी मिली, जिसने मुझे न्यूज दर्शन दिया, जो एक नया व्यंग्य कॉमेडी शो था, जिसके बाद ध्रुव और मैंने दो कॉमेडी स्केच किए। उसके बाद, लिटिल थिंग्स हुआ, गर्ल इन द सिटी हुआ। तो, सब कुछ एक के बाद एक होता चला गया। इसलिए मुझे नहीं लगता कि अगर मैंने इसकी योजना बनाई होती, तो मैं इसे इतनी अच्छी तरह से बना पाती। करियर की शुरूआत में मिथिला को कई लोगों से सहयोग मिला और वे खुद को लकी मानती हैं कि उनकी जर्नी में उन्हें अच्छे लोगों का साथ मिला। अभिनेत्री ने आगे कहा, मैं यह जरूर कहना चाहूंगी कि मैं भाग्यशाली थी कि सही समय पर सही लोगों से मिली। जिन लोगों से मैंने 8 साल पहले बात की थी, उसके बाद हमारी मुलाकात नहीं हुई। लेकिन 8 साल पहले, वे लोग मेरे जीवन में बहुत मायने रखते थे, मेरी यात्रा में उनका बहुत बड़ा योगदान था। और मैं उन लोगों को कभी नहीं भूलूंगी।

# अपारशक्ति खुराना की पहली साउथ फिल्म रूट का फर्स्ट लुक आउट, गंभीर अवतार में आए नजर

हिंदी सिनेमा में अपने अभिनय का लोहा मनवा चुके अभिनेता अपारशक्ति खुराना अब साउथ सिनेमा की तरफ रुख कर रहे हैं। वे जल्द ही अपकमिंग फिल्म रूट-रनिंग आउट ऑफ टाइम में नजर आएंगे। सूर्यप्रताप एस द्वारा निर्देशित यह फिल्म अपारशक्ति की डेब्यू फिल्म है। इसमें उनके वे तमिल एक्टर गौतम कार्तिक के साथ नजर आएंगे। सोमवार को अपारशक्ति ने अपना लुक इंस्टाग्राम पर शेयर किया। इस लुक में वे काफी शांत और गंभीर स्वभाव वाले नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ अभिनेता ने लिखा, रूट की दुनिया से दूसरी झलक झ



यहीं से सब शुरू होता है। साइंस-फिक्शन क्राइम थ्रिलर पर आधारित फिल्म रूट-रनिंग आउट ऑफ टाइम को वेरस प्रोडक्शंस के बैनर तले शेख मुजीब, राजराजन ज्ञानसंबंदम, संजय शंकर और धनिष्टन फर्नांडो ने प्रोड्यूस किया है।

फिल्म की शूटिंग चेन्नई और कई दूसरी जगहों पर बड़े पैमाने पर की गई है। इसमें गौतम राम कार्तिक और अपारशक्ति खुराना के अलावा नारायण, भव्या त्रिखा, वाई.जी. महेंद्र, पावनी रेड्डी, लिंगा और आरजे आनंदी भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।अपारशक्ति ने करियर में कई फिल्मों में काम किया, लेकिन दर्शकों के बीच उन्हें पहचान आमिर खान की फिल्म दंगल से मिली थी। इस फिल्म में उन्होंने बबीता और गीता के भाई का किरदार निभाया था।

इसके बाद उन्होंने स्त्री, बद्रीनाथ की दुल्हनिया, लुकाछिपी और हेलो जैसी फिल्मों में दर्शकों का दिल जीता है। अब वे साउथ सिनेमा में कदम रखकर अपनी एक्टिंग को उभार रहे हैं।

# एक्टिंग पहला प्यार तो खाना दूसरा,मास्टरशेफ में करिश्मा ने कपूर खानदान के खोले राज

कपूर खानदान अपनी पार्टियों और खाने-पीने के किस्सों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहता है। अक्सर इस परिवार का कोई न कोई सदस्य मजेदार किस्से ताजा करता रहता है। अब खाने की बात चल रही है तो मास्टरशेफ इंडिया भी पीछे कैसे रह सकता है? कपूर परिवार की बड़ी बेटी करिश्मा कपूर मास्टरशेफ इंडिया में स्पेशल गेस्ट के तौर पर नजर आईं। इस खास एपिसोड में करिश्मा ने बताया कि उनके परिवार में खाना सिर्फ भोजन नहीं, बल्कि प्यार, पुरानी यादों और परिवार के साथ बिताए पलों का प्रतीक रहा है। इस एपिसोड में कपूर खानदान की



पसंदीदा क्लासिक इंडियन डिशेज को सेलिब्रेट किया गया। कंटेस्टेंट्स को चुनौती दी गई कि वे कपूर परिवार की विरासत वाली इन डिशेज की असली आत्मा को बनाए रखते हुए ओरिजिनल फ्लेवर के साथ मास्टरशेफ लेवल की क्रिएटिव डिश तैयार करें।

वहीं, इसमें माहौल बनाते हुए शेफ रणवीर बरार कहते हैं, डिश की आत्मा, कपूर परिवार की विरासत, इन क्लासिक इंडियन डिशेज की ओरिजिनैलिटी को बचाते हुए एक मास्टरशेफ-लेवल की डिश बनानी है।

करिश्मा ने सिनेमा और खाने के लिए अपने प्यार को भी दशार्या। इसको लेकर अभिनेत्री ने कहा, एक्टिंग मेरा पहला प्यार है और दूसरा प्यार खाना है, क्योंकि यह बॉलीवुड के पॉपुलर कपूर खानदान की विरासत बांधते हुए आगे लेकर जा रही हैं।

इसी के साथ ही करिश्मा ने इमोशनल कनेक्शन के बारे में बताया, हमारे परिवार का खाना हमेशा प्यार, यादों और साथ में रहा है। मास्टरशेफ इंडिया किचन के साथ खाने के लिए अपने परिवार के प्यार को शेयर करना मेरे लिए बहुत गर्व का पल था। यह देखकर बहुत अच्छा लगता है कि ये जोड़ियां देश के हर कोने से अपनी कहानियां और फ्लेवर लेकर आ रही हैं, जिससे यह शो गर्व का सच्चा सेलिब्रेशन बन गया है। वे मिलकर पूरे देश में क्रिएटिविटी, इनोवेशन और कॉन्फिडेंस को इंस्पायर करती हैं।

जब करिश्मा ने प्यार से बनी इन डिशेज का स्वाद चखा, तो उन्होंने कंटेस्टेंट्स की मेहनत और फ्लेवर की जमकर तारीफ की। भावुक होकर उन्होंने कहा, अगर राज कपूर, ऋषि, और रणबीर यहां होते, तो उन्हें भी बहुत पसंद आता।

# हिंदी सिनेमा के लॉयन: किताबें बेचकर मुंबई पहुंचे, सीमेंट की पाइपलाइन में बिताई कई रातें

हिंदी सिनेमा की दुनिया में कई ऐसे नाम हैं, जिनका सफर खुद एक फिल्मी कहानी से कम नहीं रहा। इन्हीं में एक नाम है अजीत खान, जिन्हें हिंदी सिनेमा का लॉयन कहा जाता है। पर्दे पर रौबदार आवाज और आंखों में खौफ लिए खलनायक के रूप में नजर आने वाले अजीत का जीवन संघर्ष और त्याग से भरा रहा। बहुत कम लोग जानते हैं कि बॉलीवुड का लॉयन बनने के लिए कभी उन्होंने अपनी किताबें तक बेच दी थीं। अजीत का असली नाम हामिद अली खान था। उनका जन्म 27 जनवरी 1922 को हैदराबाद में हुआ था। बचपन से ही उनके मन में फिल्मों को लेकर गहरी रुचि थी। पढ़ाई के साथ-साथ वह अभिनय की दुनिया के सपने देखा करते थे। उस दौर में फिल्मों में जाना आसान नहीं था। उनका इंडस्ट्री में न कोई गॉडफादर था और न ही उनके पास पैसे थे। इसके बावजूद अजीत ने तय कर लिया कि वह मुंबई जाकर सपनों को पूरा करेंगे। जब उन्होंने मुंबई जाने का फैसला किया, तब उनके पास सफर के लिए भी पूरे पैसे नहीं थे। ऐसे हालात में अजीत ने एक बड़ा फैसला लिया। उन्होंने अपनी पढ़ाई की किताबें बेच दीं, ताकि मुंबई पहुंच सकें। किताबें बेचकर वह मायानगरी पहुंचे, लेकिन यहां मुश्किलें खत्म नहीं हुईं, बल्कि असली संघर्ष यहीं से शुरू हुआ।

मुंबई में शुरूआती दिनों में अजीत को रहने के लिए भी जगह नहीं मिली। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुछ समय तक उन्हें सीमेंट की पाइपलाइन में रहना पड़ा। बड़े शहर में अकेले, बिना पैसे और पहचान के टिके रहना आसान नहीं था, लेकिन अजीत ने हार नहीं मानी। वह छोटे-मोटे रोल करते रहे और इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने की कोशिश करते रहे।



साल 1946 में अजीत को फिल्म शाह-ए-मिस्त्र में बतौर हीरो काम करने का मौका मिला। इसके बाद उन्होंने कई फिल्मों में मुख्य अभिनेता के तौर पर काम किया, लेकिन वह पहचान नहीं मिली, जिसकी उन्हें तलाश थी। इसके बाद, अजीत ने विलेन के किरदारों को निभाना शुरू किया और यहीं से उनके करियर ने नया मोड़ ले लिया।

विलेन के रूप में अजीत ने हिंदी सिनेमा को एक नया अंदाज दिया। वह पर्दे पर शांत, स्टाइलिश और खतरनाक विलेन के रूप में सामने आए। उनके डायलॉग्स, बोलने का तरीका और आंखों की भाषा दर्शकों के दिलों को छू जाती थी। सारा शहर मुझे लॉयन के नाम से जानता है, मोना डार्लिंग और लिली, डोंट बी सिली जैसे डायलॉग आज भी लोगों की जुबान पर हैं।

अजीत ने करियर में कई यादगार फिल्मों में काम किया और हीरो को कड़ी टक्कर दी। खास बात यह थी कि विलेन होने के बावजूद उनकी फैन फॉलोइंग किसी हीरो से कम नहीं थी। पर्दे पर डर पैदा करने वाले अजीत असल जिंदगी में बेहद शांत और अनुशासित थे।

लंबे फिल्मी करियर के दौरान अजीत को उनके योगदान के लिए सम्मान भी मिला। उन्होंने हिंदी सिनेमा में विलेन की परिभाषा बदल दी और आने वाली पीढ़ियों के कलाकारों के लिए एक मिसाल बन गए। 22 अक्टूबर 1998 को उनका निधन हो गया, लेकिन उनका रौबदार अंदाज और संघर्ष से भरी कहानी आज भी लोगों को प्रेरित करती है।

# बॉर्डर 2 का बॉक्स ऑफिस पर धमाका,अमीषा पटेल बोलीं- तारा सिंह को पर्दे पर देखने के लिए बेहद उत्साहित हूं

सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद फिल्म बॉर्डर-2 बॉक्स ऑफिस में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। 1997 की क्लासिक ड्रामा फिल्म की सीक्वल फिल्म कमाई के साथ दर्शकों का भी दिल जीतने में पीछे नहीं हट रही है। आम जनता से लेकर मनोरंजन जगत तक हर कोई फिल्म की तारीफ किए बिना नहीं रह पा रहा है। हाल ही में अभिनेत्री अमीषा पटेल ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए फिल्म की तारीफ की। उन्होंने कहा, तारा सिंह को देखकर मैं बहुत ज्यादा उत्साहित हूं। मैं मानती हूं कि फिल्म में वरुण, दिलजीत और अहान समेत सभी कलाकारों ने अच्छा काम किया होगा। मैं फिल्म और उसके गानों को फिर से महसूस करने के लिए बहुत ज्यादा उत्साहित हूं। अमीषा पटेल ने फिल्म की तुलना पर अपनी राय दी। उन्होंने कहा, मैंने अभी तक बॉर्डर 2 नहीं देखी है, लेकिन 1997 की बॉर्डर देखी है। फिर भी, जिस तरह लोग इसे पसंद कर रहे हैं, लगता है कि टीम ने बहुत शानदार काम किया है। जैसे गदर 2 की तुलना गदर से की गई थी, लेकिन गदर 2 के हिट होने के बाद सबने माना था कि यह अलग और शानदार फिल्म है, इसलिए मुझे लगता है कि तुलना नहीं करनी चाहिए। ये गलत इंप्रेशन डालती है। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित फिल्म में नई कहानियों के साथ नए कलाकार भी शामिल हैं, जिनमें वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ जैसे कलाकार सेना के जवानों के किरदार में नजर आ रहे हैं। वहीं, मोना सिंह, सोनम बाजवा, मेधा राणा और अन्या सिंह जैसी अभिनेत्रियां हैं। यह फिल्म 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म के गाने दर्शकों को काफी पसंद आ रहे हैं। वे उन्हें नॉस्टेल्जिया का अनुभव करवा रहे हैं।



बॉर्डर 2 के निमार्ता गुलशन कुमार और टी-सीरीज हैं। फिल्म के निर्देशक अनुराग सिंह हैं, जबकि भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी. दत्ता, और निधि दत्ता इसके निर्माण में शामिल हैं। फिल्म को बिना किसी कट के यूए 13 प्लस के सर्टिफिकेट के साथ रिलीज किया गया है।

# मॉडलिंग के लिए छोड़ी पढ़ाई, एक्टिंग के लिए घर से बगावत, फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं पंजाब की कैटरीना की कहानी

हर बड़े सपने की कीमत होती है और उसे पूरा करने के लिए कई मुश्किलों से गुजरना पड़ता है। सिनेमा की दुनिया में नाम कमाने के लिए पंजाब की कैटरीना को भी कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा। जी हां, हम बात कर रहे हैं शहनाज गिल की, जो आज किसी पहचान की मोहताज नहीं रहीं। शहनाज ने पढ़ाई छोड़कर मॉडलिंग की राह चुनी, परिवार की मर्जी के खिलाफ जाकर एक्टिंग के लिए घर से भागीं। शुरूआती दिनों में घरवालों से नाता टूटा, अकेलेपन से जूझना पड़ा, लेकिन हिम्मत और लगन ने उन्हें सफलता भी दिलाई। संघर्ष, परिवार से बगावत और मेहनत से मिली सफलता की कहानी शहनाज गिल की है। पंजाबी सिनेमा और बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनाने वाली शहनाज गिल का जन्मदिन 27 जनवरी को है। उनकी जिंदगी फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं है। मॉडलिंग के चक्कर में पढ़ाई छोड़ना, पिता से अनबन, घर से भागकर एक्ट्रेस बनने की ठानना और फिर बिग बॉस 13 से मिली शोहरत ने उन्हें पंजाब की कैटरीना का खिताब दिलाया।



शहनाज गिल का जन्म पंजाब के जालंधर में हुआ। डलहौजी के डलहौजी हिलटॉप स्कूल में पढ़ाई के दौरान उन्हें मॉडलिंग का शौक हो गया। स्कूल के दिनों में ही उन्होंने छोटे-मोटे मॉडलिंग प्रोजेक्ट्स शुरू कर दिए। स्कूलिंग पूरी होते ही उन्होंने लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में बी.कॉम में दाखिला लिया, लेकिन मॉडलिंग की जिद में पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी। इस फैसले से उनका परिवार उनसे नाराज भी रहा। मॉडलिंग से दूर रखने के लिए शादी की बात करने लगे, लेकिन शहनाज ने मना कर दिया। काम मिलता रहा, लेकिन पिता से अनबन बढ़ती गई। आखिरकार शहनाज ने घर छोड़ दिया और मॉडलिंग, एक्टिंग के लिए मुंबई की राह पकड़ ली। उन्होंने कसम खाई कि फेमस होने के बाद ही घर लौटेंगी।

साल 2015 में एक ब्यूटी कॉन्टेस्ट से उनके करियर की शुरूआत हुई। इसके बाद उन्हें एक म्यूजिक वीडियो में काम मिला। फिर माझे दी जट्टी, पिंड दियां कुड़ियां जैसे कई गाने आए। असली पहचान उन्हें गैरी संधू के येह बेबी रेफिक्स से मिली। पंजाबी फिल्मों में भी उन्होंने सत श्री अकाल, काला-शा-काला में काम किया।हिमांशी खुराना के साथ विवादों के बाद वह बिग बॉस 13 में पहुंची, जहां शहनाज ने खुद को पंजाब की कैटरीना कैफ कहकर सबका ध्यान खींचा। उनकी हाजिरजवाबी, टूटी-फूटी इंग्लिश और सिद्धार्थ शुक्ला से बढ़ती नजदीकियां चर्चा में रहीं। शो के दौरान उनके पिता घर पहुंचे और उन्हें सपोर्ट किया। शहनाज शो की विनर तो नहीं बन पाईं, मगर सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले प्रतिभागियों में से एक बनीं। बिग बॉस के बाद शहनाज का करियर चमका। उन्होंने सिद्धार्थ शुक्ला के साथ भुला दूंगा, कह गई सॉरी, कुर्ता पजामा, वादा है, शोना शोना जैसे कई हिट म्यूजिक वीडियोज किए। उन्होंने बॉलीवुड में सलमान खान की किसी का भाई किसी की जान से डेब्यू किया और थैंक यू फॉर कमिंग में भी नजर आईं। फिलहाल शहनाज अपनी पंजाबी रोमांटिक कॉमेडी इक कुड़ी से सुर्खियों में हैं, जिसे दर्शकों से शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है।

# एसएसवी इंटर कालेज में वन्दे मातरम महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** दिल्ली रोड स्थित जनपद के प्रसिद्ध श्री सरस्वती विद्यालय इंटर कालेज परिवार द्वारा राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम के 150वें वर्ष पर वन्दे मातरम महोत्सव का भव्य आयोजन कालेज प्रांगण में किया गया। जिसमें कालेज के बच्चों व अबन्तीपुर ओम फाउण्डेशन कोलकाला द्वारा की गई प्रस्तुती की उपस्थित अतिथियों ने सराहना की। इसके अलावा मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक ने कालेज में स्थापित

- राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम के 150वें वर्ष पर किया भव्य आयोजन
- अबन्तीपुर ओम फाउण्डेशन कोलकाला की प्रस्तुति की अतिथियों ने सराहना की
- एसएसवी इंटर कालेज के बच्चों ने भी रंगारंग कार्यक्रम किये प्रस्तुत
- एसपी ने कालेज में स्थापित सोलर प्लांट का फीता काटकर किया उद्घाटन

सोलर प्लांट का फीता काटकर उद्घाटन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। जिसके उपरांत अबन्तीपुर ओम फाउण्डेशन कोलकाला द्वारा महामाया व कदम-कदम बढ़ाये जा की प्रस्तुती की उपस्थित अतिथियों ने सराहना की। इसके अलावा एसएसवी इंटर कालेज के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये कार्यक्रमों की अतिथियों ने सराहना की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह का कालेज प्रबन्धन समिति के पदाधिकारियों ने शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिसके उपरांत एसपी ने कालेज में स्थापित 35 किलोवाट के सोलर प्लांट









का फीता काटकर उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने वंदे मातरम महोत्सव में प्रस्तुत किये गये कार्यक्रम को देखकर बच्चों व कालेज प्रबन्ध कमेटी की सराहना की। कार्यक्रम में अतिथि राष्ट्रीय स्वयं संघ मेरठ प्रांत प्रचारक अनिल ने भी आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के महत्व पर प्रकाश डाला। और कहा कि इस गीत का गान करते हुए अनेक देशभक्तों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। प्रबन्धक सुधीर अग्रवाल चोटी ने कहा कि कालेज में विद्युत बिल कम करने के लिए 35 किलोवाट का सोलर प्लांट स्थापित किया गया है। कमेटी द्वारा समय-समय पर कालेज में कार्यक्रम आयोजन किये जायेंगे,जिससे बच्चों भारतीय संस्कृति का ज्ञान हो। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता बीडी शर्मा व अदनान ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रधान प्रदीप कुमार गुप्ता, उप प्रधान संजय कुमार अग्रवाल, ललित कुमार गोयल, विशाल गुप्ता,अमित प्रकाश अग्रवाल, धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य विजय कुमार गर्ग,उप प्रधानाचार्य राजेश्वर सिंह,अनिल कुमार गुप्ता(टीटू) सतीश कुमार मित्तल,के के मित्तल,अरविन्द कुमार शर्मा,अनिल वाजपेयी,प्रदीप माहेश्वरी,कपिल बिसला,मनोज महंत,मनोज सिंह,कृष्णपाल,धर्मेन्द्र सिंह, डा.सीमा निगम,नीलिमा वर्मा, वंदना,सोमेन्द्र सिंह,भारत भूषण वत्स, आकाश मालवीय, महेश सैनी, आलोक नेहरा,रंजीत व कालेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# हज के लिए फ्लाइट बुक कर सकते हैं: तकी अशरफ एडवोकेट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (मौहम्मद अब्बास)।** हज कमेटी ऑफ इंडिया ने एक सर्कुलर जारी किया है जिसमें हज 2026 की पवित्र यात्रा पर जाने वाले हाजियों को

**शिया हजरात, बिना मेहरम के जाने वाली लेडीज के लिए फ्लाइट बुक करने का ऑप्शन नहीं है**

फ्लाइट बुकिंग का ऑप्शन दिया गया है। सर्कुलर में बताया गया है कि इस बार यात्री अपनी सहूलत के हिसाब से हज के लिए अपनी फ्लाइट की तारीख बुक कर सकते हैं, फ्लाइट बुक करने के लिए 4 दिन का समय दिया गया है, 29 जनवरी से 01 फरवरी तक आप लोग अपनी फ्लाइट हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट या हज सुविधा ऐप से बुक कर सकते हैं। ध्यान देने वाली बात यह है कि एक बार अगर फ्लाइट बुक हो गई तो दोबारा उसको बदला नहीं जाएगा। अगर दिए गए 4 दिन में फ्लाइट बुक नहीं कि तब हज कमेटी अपने हिसाब से आपको हज भेजेगी। शिया हजरात, बिना मेहरम के जाने वाली लेडीज के लिए फ्लाइट बुक करने का ऑप्शन नहीं है। हज कमेटी को अधिकार है अगर कोई परेशानी आए तो हज फ्लाइट का टाइम, डेट बदल सकती है।

राउंड ट्रिप बोर्डिंग पास तभी मिलेंगे जब हाजी का सारा पेमेंट क्लियर हो जाएगा। अगर हाजी खुद बुक कर सकते हैं तो ठीक है वरना हज कमेटी द्वारा गठित हज ईं सुविधा केन्द्र मरकजी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम, तेल मण्डी, सम्भल में पहुँच कर अपनी फ्लाइट बुक करा सकते हैं। हज



कमेटी द्वारा चुने गए हज ट्रेनर तकी अशरफ एडवोकेट, हाजी नदीम, मुहम्मद अहमद रजा, उम्मे हबीबा, डॉक्टर इश्तेखार अहमद तथा संरक्षक अब्दुल खालिक, कारी वसी अशरफ मौजूद रहेंगे। हज कमेटी की नयी गाइडलाइन्स के अनुसार दोबारा नए तरीके से मेडिकल फिटनेस टेस्ट की जानकारी के लिए 07 फरवरी दिन हफ्ता( SATURDA ) को मरकजी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम, तेल मण्डी, सम्भल में कैंप का आयोजन किया जायेगा, हाजियों की सहूलत के लिए मरकजी मदरसा में लगातार कैम्प का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी तरह की जानकारी और सहायता प्रदान की जाएगी।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मांगों को लेकर दिया धरना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले गुरुवार को सम्भल में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम कार्यालय पर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकत्रियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें सरकारी कर्मचारी घोषित करने समेत दस सूत्री मांगों को उठाया।

धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष विनीता शर्मा ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां पिछले दस वर्षों से बेहद कम मानदेय पर काम करने को मजबूर हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि छह हजार रुपए के मानदेय में आज के दौर में कोई परिवार कैसे



चलाया जा सकता है, जबकि महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकत्रियों की हालत बंधुआ मजदूरों जैसी हो गई है न काम का कोई तय समय है और न ही सुविधाएं। विनीता शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा लागू किए गए हापोषण ट्रैकरह पर 100 प्रतिशत काम का दबाव है, लेकिन मोबाइल रिचार्ज का खर्च कार्यकत्रियों को खुद उठाना पड़ रहा है। दिए गए फोन भी 2G हैं, जबकि काम आधुनिक तकनीक का है। समय पर काम पूरा न होने पर सेवा समाप्ति की धमकी दी जाती है, जो बेहद अन्यायपूर्ण है। उन्होंने मांग रखी कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए, मानदेय में सम्मानजनक बढ़ोतरी हो, सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाई जाए और रिटायरमेंट के बाद आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। वर्तमान में 62 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्ति के बाद कार्यकत्रियों को खाली हाथ घर बैठना पड़ता है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि यह धरना एकदिवसीय है और संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर पूरे उत्तर प्रदेश में एक साथ आंदोलन किया जा रहा है। यदि आज मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो 8 मार्च को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां लखनऊ कूच कर बड़ा आंदोलन करेंगी।

# तीन तलाक कानून को लेकर शिया संगठनों का विरोध, मौलाना यासूब अब्बास को सौंपा गया ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** तीन तलाक को लेकर शिया मुसलमानों पर की जा रही कानूनी कार्रवाई के खिलाफ शिया संगठनों में गहरा रोष है। इसी क्रम में अफहाम-ए-जमा सोसाइटी ने ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास को एक ज्ञापन सौंपते हुए अपनी आपत्तियाँ और मांगें रखीं।

अफहाम-ए-जमा सोसाइटी ने कहा कि शिया मुसलमानों के लिए यह सौभाग्य की बात है कि उनके पास ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड जैसी राष्ट्रीय तंजीम मौजूद है, जो वर्षों से शिया फिरके के मसले-मसायल को सरकारों तक पहुंचाने का काम करती आ रही है। सोसाइटी ने स्पष्ट किया कि वह एक जनहित सेवा संस्था है, जो लंबे समय से पति-पत्नी विवादों में सुलह-समझौता कराने का कार्य कर रही है।

सोसाइटी का कहना है कि वैवाहिक विवादों में अक्सर पत्नी द्वारा पति के खिलाफ दहेज प्रथा और घरेलू हिंसा जैसे मुकदमे दर्ज कराए जाते हैं। ऐसे मामलों में वर्ष 2019 में तीन तलाक को लेकर बनाया गया कानून, जो मूल रूप से सुन्नी मुसलमानों पर लागू होता है, वही धारा शिया मुसलमानों पर भी लागू कर दी



जाती है, जबकि शिया और सुन्नी मुसलमानों की शरीयत अलग-अलग है। शिया मुसलमानों में एक साथ तीन तलाक का कोई चलन ही नहीं है, इसके बावजूद इस कानून के तहत कार्रवाई से शिया समाज खुद को परेशान और पीड़ित महसूस कर रहा है।

**मुख्य मांगें**


तीन तलाक पर बनाया गया कानून शिया मुसलमानों पर लागू न किया जाए। ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड द्वारा एक ऐसा पैनल गठित किया जाए, जिसमें कम से कम पांच मौलाना शामिल हों और तलाक जैसे गंभीर मामलों में दोनों पक्षों से बातचीत के बाद, आपसी सहमति होने पर ही तलाक पढ़ाया जाए।

इस अवसर पर मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि कुछ मौलवी शरीयत को धंधा बना रहे हैं और पैसे लेकर, बिना दोनों पक्षों की बात सुने, तलाक और खुला पढ़ा रहे हैं, जो शरीयत के खिलाफ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिया शरीयत में तलाक के लिए दो गवाहों की मौजूदगी अनिवार्य है और गलत परंपराओं को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। मौलाना यासूब अब्बास ने यह भी आश्वासन दिया कि ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड इस संवेदनशील मुद्दे पर जल्द ही एक अहम बैठक करेगा और शिया मुसलमानों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएगा।

# अभियोजन से अपराध पर कसी नकेल, किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को दी गई 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व जुर्माना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,




अलीगढ़ के निर्देशन में प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को शीघ्र सजा दिलाने हेतु चलाए ऑपरेशन कन्विक्शन के क्रम में अलीगढ़ पुलिस की गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अभियोजन की संयुक्त प्रभावी पैरवी से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपियों को सजा सुनायी गयी है:-

थाना लोधा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 142/19 धारा 363/366/376 भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट में अभियुक्त लोकेश पुत्र भूरा निवासी ग्राम करीलिया थाना लोधा जनपद अलीगढ़ को माननीय न्यायालय पॉक्सो-2 द्वारा दोषी पाये जाने पर 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 65000/- रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।

# इनामी शातिर टेड़ी को जेल के बाद बर्रा में जारी अन्य बदमाशों की तलाश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई )।** पीड़ितों की हर संभव सहायता के साथ ही अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में भी अग्रणी बर्रा पुलिस की निरंतर सक्रियता ने बरदान गैलेक्सी में फायरिंग में वांछित अभियुक्त 50,000/- रुपए का इनामिया को एस टी एफ के साथ मिलकर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए साथी अपराधी पर बर्रा समेत विभिन्न थानों में संगीन धाराओं के 16 से अधिक मुकदमें भी दर्ज हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अपराधियों के खिलाफ पुलिस को मिली यह महत्वपूर्ण सफलता पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान के क्रम में दक्षिण के पुलिस उपायुक्त दीपेंद्र नाथ चौधरी, अपर पुलिस उपायुक्त एवं नौबस्ता के सहायक पुलिस आयुक्त चित्रांशु गौतम के निर्देशन में कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ सक्रियता और तत्परता का परिणाम है ,जिसमें अग्रणी बर्रा के प्रभारी इंस्पेक्टर रवीन्द्र श्रीवास्तव के नेतृत्व वाली तेज तर्रार टीम में शामिल बर्रा के चौकी इंचार्ज विकास शर्मा, सब इंस्पेक्टर अंकुर विहान, संदीप कुमार सेन, प्रियांशु शुक्ला, विकास सिंह तथा एस टी एफ के प्रभारी सब इंस्पेक्टर राहुल परमार के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल पुष्पेन्द्र सोलंकी, अरविन्द सिंह, अशोक राजपूत, चन्द्र प्रकाश, कांस्टेबल सत्यम यादव और चालक धर्मेन्द्र की टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर कई संगीन धाराओं के संबंधित मुकदमे में थाना बर्रा से काफी समय से वांछित चल रहे 50 हजार के इनामियां अभियुक्त विपिन ठाकुर उर्फ विपिन टेड़ी पुत्र बीरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम बाघ थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात हाल पता एफ ब्लाक 826 बर्रा 8 माली बाली गली थाना गुजैनी को सिद्धी विनायक गेस्ट हाउस अर्रा थाना क्षेत्र हनुमन्त बिहार से गिरफ्तार करने जैसी में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की। इस गिरफ्तार शातिर विपिन ठाकुर उर्फ विपिन टेड़ी के विरुद्ध जनपद के अन्य थानों में भी 16 मुकदमें दर्ज है। अब पुलिस उसके फरार साथियों की भी तलाश कर रही है।

# संसद पहुंचे पीएम मोदी,अपने संबोधन में कहा-विकसित भारत 2047 के लिए अगले 25 साल का अहम पड़ाव शुरू

**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बजट सत्र की शुरूआत के अवसर पर संसद पहुंचे। मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने आगामी बजट के महत्व और देश की आर्थिक दिशा पर विस्तार से बात की। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि यह बजट सत्र केवल एक वार्षिक वित्तीय लेखा-जोखा नहीं है, बल्कि 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

पीएम मोदी ने कहा कि कल राष्ट्रपति का भाषण 140 करोड़ भारतीयों के भरोसे को दिखाता है और उनकी क्षमताओं और आकांक्षाओं, खासकर युवाओं की आकांक्षाओं को बताता है। उन्होंने कहा कि इस भाषण ने 2026 सत्र की शुरुआत में सभी सांसदों को मार्गदर्शन दिया है, और विश्वास जताया कि सांसद राष्ट्रपति द्वारा बताई गई उम्मीदों को गंभीरता से लेंगे।

पीएम नरेंद्र मोदी कहते हैं, "21वीं सदी का 1/4 हिस्सा बीत चुका है। यह अगले चौथाई हिस्से की शुरूआत है। विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पाने के लिए, इन 25 सालों का महत्वपूर्ण चरण शुरू हो गया है। सदी के इस दूसरे चौथाई हिस्से का पहला बजट पेश होने वाला है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण देश की पहली



महिला वित्त मंत्री हैं जो लगातार 9वीं बार संसद में बजट पेश कर रही हैं। यह देश के संसदीय इतिहास में एक गौरवशाली क्षण के रूप में दर्ज हो गया है।"

प्रधानमंत्री के संबोधन ने स्पष्ट कर दिया है कि सरकार का विजन दीर्घकालिक है। अब सभी की निगाहें वित्त मंत्री के पिटारे पर टिकी हैं कि वह 'विकसित भारत' के इस दूसरे चरण की नींव कैसे रखती हैं। भारत की आर्थिक वृद्धि अक्सर आर्थिक सर्वेक्षण में बताए गए अनुमानों से ज्यादा रही है। 2025-26 के लिए, GDP में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, जो बजट से पहले के 6.3-6.8 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है। 2023-24 में, अर्थव्यवस्था में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो सर्वेक्षण के 6-6.8 प्रतिशत के पूर्वानुमान से काफी अधिक है। इस बीच, 2024-25 में वृद्धि 6.5 प्रतिशत रही, जो 6.5-7 प्रतिशत की अनुमानित सीमा के करीब है।

बजट आने के साथ, बीमा उद्योग अल्पकालिक आवंटन या कर प्रोत्साहनों से आगे बढ़कर स्थायी विकास को बढ़ावा देने के लिए संरचनात्मक सुधारों की तलाश कर रहा है। हितधारक बीमा पैठ बढ़ाने, सेवानिवृत्ति सुरक्षा को मजबूत करने और जीवन, स्वास्थ्य और MSME-संबंधित उत्पादों में जोखिम सुरक्षा बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

**जागरूक**

## 31 जनवरी और 1 फरवरी को प्रत्येक बूथ पर पहुंचे मतदाता

# सूची से गायब और नए मतदाताओं को लिए एक और मौका: नाज़िश नसीर खां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (दानिश अली)।** ह्यूमन केयर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नये मतदाता बनने और सूची से गायब नाम जुड़वाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। उपनगरी सराय तरीन में लोगों को वोट की अहमियत बताते हुए ट्रस्ट के संस्थापक व अध्यक्ष नाज़िश नसीर खान ने कहा कि सूची से गायब नाम वाले मतदाताओं और नए मतदाता बनने के इच्छुक लोगों के लिए चुनाव आयोग खास मौके लेकर आया है। इसके लिए विशेष अभियान तिथियां 31 जनवरी (शनिवार) और 1 फरवरी (रविवार) तय की गई हैं। इनमें वे मतदाता भी अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं, जो अनुपस्थित मिलने पर मसौदा मतदाता सूची से बाहर कर दिए गए हैं। साथ ही 1 जनवरी



2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके लोग भी अपना नाम मार्च को आने वाली फाइनल सूची में शामिल कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इन विशेष अभियान तिथियों के दौरान प्रदेश के सभी मतदान केंद्रों पर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) और सहायक स्टाफ उपस्थित रहेंगे।

ज़िलाध्यक्ष जीशान अली ने बताया कि लोकतांत्रिक और चुनावी प्रक्रियाओं में मतदाताओं की भागीदारी किसी भी लोकतंत्र के सफल संचालन के लिए अभिन्न है। यह पूर्ण लोकतांत्रिक चुनावों का आधार है। प्रत्येक मतदाता का वोट देश के विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभाता है। इस अवसर पर मु.असलम, हाजी युसूफ,डा. नईम, मु.रिजवान खान, जीशान अली,मु. फहीम आदि मौजूद रहे।

# दीवार फांदकर चांदी वर्क कारीगर के घर में चोरी,हजारों का माल पार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**असमोली (मोनू सागर)।** थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर कलां में बीती रात बेखौफ चोरों ने एक चांदी वर्क कारीगर के घर को निशाना बनाया। चोर घर की दीवार फांदकर अंदर दाखिल हुए और करीब 50 हजार रुपये की कीमत का सामान समेट कर फरार हो गए। सुबह घर का दरवाजा खुला देख परिजनों के होश उड़ गए। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दे दी है। मंसूरपुर माफी पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव शहबाजपुर कलां निवासी बाबू पुत्र आशक चांदी वर्क का काम करते हैं। बताया जा रहा है कि बीती रात अज्ञात चोर उनके घर की चाहरदीवारी फांदकर अंदर घुस आए। चोरों ने कमरे में रखे सामान को खंगाला और वहां से चांदी वर्क की गड्डियां (कीमती कच्चा माल) घर के कीमती बर्तन महंगे कपड़े और अन्य घरेलू सामान चोरी करने के बाद शातिर चोर घर का मुख्य दरवाजा खोलकर आसानी से फरार हो गए। पीड़ित परिवार ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने मौका मुआयना किया है। बाबू की ओर से चोरी की लिखित तहरीर थाने में दे दी गई है।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्युनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा। mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267